स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
27 जून, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 2
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 305 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

ऋषभ पंत की तुलना विराट से होनी चाहिए : अश्विन



# शुभांशु पहुंचे स्पेस स्टेशन, बिताएंगे 14 दिन

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और अन्य यात्रियों को लेकर स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया है। अंतरिक्ष यान करीब 28.5 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून गुरुवार को भारतीय समय के अनुसार शाम करीब 4:01 बजे आईएसएस से जुड़ा। डॉकिंग अनुक्रम भारतीय समयानुसार शाम 4:15 बजे पूरा हुआ। अंतरिक्ष यान के सॉफ्ट कैप्चर के बाद हार्ड-मेटिंग तब पूरी हुई जब दोनों ऑर्बिट बॉडी 12 हुक के सेट के साथ एक दूसरे से जुड़ गई और उनके बीच संचार और पावर लिंक स्थापित किए गए। यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पर गया है। अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष स्टेशन पर चढ़ने से पहले हैच खोलने की प्रक्रिया में लगभग दो घंटे लगते हैं।

### आईएसएस में गर्मजोशी से स्वागत

28 घंटे की उड़ान के बाद शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम का आईएसएस में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनका वेलकम इस समय रह रहे सात अंतरिक्ष यात्रियों ने किया। इनमें तीन नासा से हैं और एक जापान से और तीन रूसी अंतरिक्ष यात्री हैं।

### 6 बार टाला गया एक्सियम-4 मिशन

29 मई को ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के तैयार नहीं होने के कारण लॉन्चिंग टाल दी गई। इसे 8 जून को शेड्यूल किया गया। फाल्कन-9 रॉकेट लॉन्च के लिए तैयार नहीं था। नई तारीख 10 जून दी गई। फिर से इसे मौसम खराब होने की वजह से टाला गया। चौथी बार 11 जून को मिशन शेड्यूल किया गया। इस बार आक्सीजन लीक हो गई। नई तारीख 19 जून दी गई। मौसम की अनिश्चितता, क्रू मेंबर्स की सेहत के कारण टल गया। छठी बार मिशन को 22 जून के लिए शेड्यूल किया गया। आईएसएस के ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के मूल्यांकन करने के लिए अतिरिक्त समय चाहिए था। इसलिए मिशन टल गया।




अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर हैं और शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए मिशन पायलट हैं। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से आईएसएस के लिए सफल उड़ान भरी थी।

### इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन क्या है?

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पृथ्वी के चारों ओर घूमने वाला एक बड़ा अंतरिक्ष यान है। इसमें एस्ट्रोनॉट रहते हैं और माइक्रो ग्रेविटी में एक्सपेरिमेंट करते हैं। यह 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रैवल करता है। यह हर 90 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा पूरी कर लेता है। 5 स्पेस एजेंसीज ने मिलकर इसे बनाया है। स्टेशन का पहला पीस नवंबर 1998 में लॉन्च किया गया था।

### भारत को कितनी लागत आई?

मिशन पर भारत ने अब तक करीब 548 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसमें शुभांशु और उनके बैकअप ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर की ट्रेनिंग का खर्च भी शामिल है। ये पैसे ट्रेनिंग, उपकरण और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी में लगे हैं।

### शुभांशु ने अंतरिक्ष से भेजा संदेश यह व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं



नमस्ते फ्रॉम स्पेस! मैं अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ यहां आकर बहुत उत्साहित हूं। सच कहूं तो, जब मैं कल लॉन्चपैड पर कैप्सूल में बैठा था। 30 दिन के क्वारंटाइन के बाद, मैं बस यही चाहता था कि अब चल पड़ें। लेकिन जब यात्रा शुरू हुई, तो ऐसा लगा जैसे आपको सीट में पीछे धकेला जा रहा हो। यह एक अद्भुत राइड थी.. और फिर अचानक सब कुछ शांत हो गया। आपने बेल्ट खोली और आप वैक्यूम की शांति में तैर रहे थे। मैं हर उस व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहता हूं, जो इस यात्रा का हिस्सा रहा है। मैं समझता हूं कि यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह आप सभी की सामूहिक उपलब्धि है, जो इस यात्रा का हिस्सा रहे हैं। मैं आप सभी को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। परिवार और दोस्तों को भी.. आपका समर्थन बहुत मायने रखता है। यह सब आप सभी की वजह से संभव हुआ है।

**स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल की सफल डॉकिंग पर केंद्रीय मंत्री ने बधाई दी**

उन्होंने ट्वीट कर लिखा, बधाई हो...एक्सिओम-4 डॉकिंग सफल रही। शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के द्वार पर खड़े हैं। भीतर कदम रखने के लिए तैयार, 14 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा शुरू होने वाली है..और पूरा विश्व उत्साह और अपेक्षा के साथ देख रहा है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए सफल उड़ान भरने के साथ ही नया इतिहास रच दिया। तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ रवाना हुए शुभांशु की यह यात्रा 41 साल बाद किसी भारतीय की पहली अंतरिक्ष यात्रा है। आईएसएस की यात्रा करने वाले वह पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा सोवियत संघ के सल्युत-7 स्पेस स्टेशन पर आठ दिन रहे थे। शुभांशु शुक्ल एग्जियोम मिशन के दौरान अपने साथ इसरो से जुड़े कई उपकरण, एक्सपेरिमेंट के लिए जरूरी वस्तुएं, पौधे और जीवाश्वों को ले गए हैं। इसके जरिए शुभांशु कई प्रयोगों को अंजाम देंगे, जो कि भारत के पहले अंतरिक्ष मिशन- गगनयान के लिए अहम साबित होंगे। इसके अलावा शुभांशु अपने साथ विशेष तौर पर बनाया गया भारतीय खाना भी ले गए हैं। इनमें आम रस, मूंग दाल का हलवा, गाजर का हलवा और चावल से बनी कई चीजें शामिल हैं। यह पहली बार होगा, जब अंतरिक्ष में भारतीय खाना भी पहुंचा है।

**एग्जियोम मिशन में क्या होगी शुभांशु की भूमिका?**

शुभांशु शुक्ल इस मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस भेजे जा रहे हैं। यानी जिस ड्रैगन कैप्सूल के जरिए एग्जियोम-4 मिशन को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) रवाना किया जाएगा, शुभांशु उसको गाइड करने (नैविगेशन) में अहम भूमिका निभाएंगे। यहां स्पेसक्राफ्ट को आईएसएस पर डॉक कराने से लेकर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाने तक की जिम्मेदारी शुभांशु के ही कंधों पर होगी।

### भारत को कैसे होगा मिशन से फायदा?

**अंतरिक्ष में होने वाले एक्सपेरिमेंट**

एग्जियोम मिशन पर भारत को सबसे ज्यादा फायदा आईएसएस पर शुभांशु शुक्ल की तरफ से किए जाने वाले एक्सपेरिमेंट्स के जरिए होगा। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, शुभांशु आईएसएस पर कुल सात एक्सपेरिमेंट्स करेंगे। इन सभी प्रयोगों के जरिए अंतरिक्ष और पृथ्वी में जीवन के फर्क को लेकर अहम जानकारियां मिलेंगी।

**छह फसलों के बीज का परीक्षण**

शुभांशु आईएसएस पर छह तरह की फसलों के बीच साथ लेकर गए हैं। अपने 14 दिन के सफर के दौरान वे इन बीजों के माइक्रोग्रैविटी में विकास को लेकर अहम जानकारी इकट्ठा करेंगे। इस प्रयोग का मकसद आने वाले समय में अंतरिक्ष में खेती करने के विकल्पों को तलाशना होगा।

**काई के इस्तेमाल पर एक्सपेरिमेंट**

शुभांशु अपने मिशन के लिए माइक्रोएल्गी यानी काई के तीन स्ट्रेन लेकर पहुंचे हैं। वे कम गुरुत्वाकर्षण के बीच इन्हें खाने, ईंधन और लंबी अवधि के अंतरिक्ष मिशन के दौरान जीवन बचाने के विकल्प के तौर पर प्रयोग में लाएंगे।

**कठिन परिस्थितियों में जीवाश्मों के सुरक्षित रहने पर**

एग्जियोम-4 के मिशन में शुभांशु टार्डीग्रेड्स (एक तरह का छोटा जीव, जो कि चरम स्थितियों में भी खुद को सामान्य रख सकता है) पर परीक्षण करेंगे। इसके जरिए यह जानने की कोशिश की जाएगी कि अंतरिक्ष के खतरनाक माहौल में कौन से जीवाणु सुरक्षित रह सकते हैं।

**मांसपेशियों के कमजोर होने पर**

एक और प्रयोग के जरिए यह जानने की कोशिश की जाएगी कि शून्य गुरुत्वाकर्षण में इंसानों में मांस कैसे कम होता है और इससे निपटा कैसे जा सकता है। आमतौर पर लंबी अवधि के मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को मसल एट्रोफी यानी मांस घटने की शिकायत आती है। ऐसे में अंतरिक्षयात्रियों पर पाचन से जुड़े सप्लीमेंट्स का असर देखा जाएगा।

**आंखों पर पड़ने वाला प्रभाव**

एग्जियोम-4 मिशन के दौरान एक स्टडी माइक्रोग्रैविटी के आंखों पर पड़ने वाले प्रभाव पर भी की जाएगी। इस रिसर्च में यह पता लगाया जाएगा कि अंतरिक्ष में एस्ट्रोनॉट्स की आंखों की पुतलियों का मूवमेंट किस हद तक प्रभावित होता है। साथ ही इससे किसी की तनाव और सजगता कितनी प्रभावित होती है।

**अलग-अलग फसलों की पोषण गुणवत्ता**

मिशन के दौरान कुछ बीजों को अंकुरित करने का प्रयास किया जाएगा। इनके पोषक तत्वों को भी मापा जाएगा, जिससे पृथ्वी और जीरो ग्रैविटी में पैदा हुई फसलों के पोषण में अंतर को समझने का प्रयास किया जाएगा। यह प्रयोग भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों के बोझ को घटाएगा, क्योंकि अगर अंतरिक्ष में फसलें बराबर या ज्यादा मात्रा में पोषक होती हैं, तो इन्हें वहीं उगाने की कोशिश की जाएगी।

**यूरिया और नाइट्रेट में सायनोबैक्टेरिया का इस्तेमाल**

शुभांशु शुक्ल के सबसे कठिन प्रयोगों में से यह एक रहेगा। दरअसल, अंतरिक्ष में खाना, पानी और ऑक्सीजन की उपलब्धता बड़ी समस्या रही है। खासकर लंबी अवधि के अभियानों के लिए। ऐसे में वैज्ञानिक काफी समय से आईएसएस पर ही इन चीजों की व्यवस्था की कोशिशों में जुटे हैं। अब यूरिया और नाइट्रेट में सायनोबैक्टीरिया का इस्तेमाल कर वैज्ञानिक यह देखने की कोशिश में हैं कि क्या अंतरिक्ष की जीरो ग्रैविटी में खाना और ऑक्सीजन एक साथ पैदा किए जा सकते हैं। गौरतलब है कि यूरिया और नाइट्रेट दोनों ही खाना बनाने के लिए अहम हैं।


## राजनाथ सिंह ने एससीओ समिट में दस्तावेज पर नहीं किए साइन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्ष्टह यानी शंघाई सहयोग संगठन में दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। अब विदेश मंत्रालय ने इस मुद्दे को विस्तार से बात की है। विदेश

### आतंकवाद को लेकर आम सहमति नहीं बन पाई

मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान को लेकर कई मुद्दों, खासतौर पर आतंकवाद को लेकर आम सहमति नहीं बन पाई है, इसी वजह इस पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हमारे रक्षा मंत्री ने भाग लिया था। दो दिन चली यह बैठक आज समाप्त हो गई है। चूंकि कुछ सदस्य देश संयुक्त बयान के प्रस्ताव पर आम सहमति नहीं बना सके और इसलिए दस्तावेजों को औपचारिक रूप नहीं दिया जा सका।



जायसवाल ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, हमारी ओर से यह बताया गया कि भारत चाहता है कि संयुक्त बयान में आतंकवाद पर हमारी चिंताओं को दर्शाया जाए.. लेकिन इस बात को लेकर एक खास देश ने अपनी असहमति जताई, जिसके बाद बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए गए।

जायसवाल ने एससीओ समिट में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दिए गए बयान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षामंत्री ने समिट में मौजूद सभी सदस्यों से आतंकवाद के मुद्दे पर एकजुट होने और आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ने का आग्रह किया। जायसवाल ने कहा, रक्षामंत्री ने वहां पर यह भी दोहराया कि सीमा पार से होने वाले आतंकवाद और इसके अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

इतना ही नहीं रक्षा मंत्री ने चीन की धरती से पाकिस्तान को भी खूब लताड़ लगाई थी। ऑपरेशन सिंदूर की तरफ संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद को अब कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपना रहा है।

## चुनाव आयोग महाराष्ट्र की मतदाता सूची, वीडियो फुटेज मुहैया कराये

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर आरोप लगाने के बाद चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी चुनाव आयोग ने उन्हें बातचीत के लिए बुलाया है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग से महाराष्ट्र की मतदाता सूची की डिजिटल कॉपी और महाराष्ट्र और हरियाणा दोनों के मतदान दिवस का वीडियो फुटेज एक सप्ताह के भीतर मांगा है। कांग्रेस का कहना है कि डेटा मिलने के बाद वे ईसी से मिलेंगे और अपना विश्लेषण पेश करेंगे। राहुल गांधी ने पहले ईसी से लोकसभा और सभी राज्यों की विधान सभाओं के सबसे हालिया चुनावों के लिए समेकित, डिजिटल, मशीन-पठनीय मतदाता सूची प्रकाशित करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि 'सच बोलने' से चुनाव पैनल की विश्वसनीयता बनी रहेगी।



कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा है, 'हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप हमें महाराष्ट्र की मतदाता सूचियों की मशीन-पठनीय, डिजिटल कॉपी और महाराष्ट्र और हरियाणा के मतदान दिवस का वीडियो फुटेज इस पत्र की तारीख से एक सप्ताह के भीतर प्रदान करें। यह एक पुरानी मांग है जिसे ईसी के लिए पूरा करना आसान होना चाहिए। कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व यह सब मिलने के बाद ईसी से मिलने में खुशी महसूस करेगा। उस बैठक में, हम आपको अपने विश्लेषण के निष्कर्ष भी प्रस्तुत करेंगे।कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी पार्टी की मांग को दोहराया। उन्होंने महाराष्ट्र मतदाता सूची की मशीन-पठनीय डिजिटल कॉपी और महाराष्ट्र और हरियाणा के मतदान दिवस के वीडियो फुटेज की मांग की।

## हरियाणा समेत 18 जगहों पर एनआईए की रेड

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी साज़िश मामले में आज हरियाणा समेत देशभर में कुल 18 जगहों पर रेड मारी है. इसमें हरियाणा के 7, पंजाब के 9 और उत्तर प्रदेश के दो जगहों पर छापेमारी की जा रही है। आतंकवाद को लेकर सख्त कदम उठाते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आज बड़ी छापेमारी कर डाली है. हरियाणा के करनाल समेत 7 जगहों पर रेड मारी है. एनआईए ने करनाल की पुलिस लाइन, कुंजपुरा और घरौंडा में छापेमारी की. एक पुलिसकर्मी के आवास पर कई घंटों से पूछताछ चल रही है। एनआईए ने पंजाब में आपराधिक गतिविधियों से जुड़े वित्तीय लेनदेन के सिलसिले में करनाल के आरके पुरम इलाके में भी छापेमारी की. एजेंसी ने अशोक भाटिया के परिवार से पूछताछ की जिनके बेटे ने अमेरिका में रहकर कथित तौर पर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले एक व्यक्ति को पैसा ट्रांसफर किया था. छापेमारी और पूछताछ करीब 3 घंटे तक चली है।

## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 2 महिला नक्सली मुठभेड़ में ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में गुरुवार तड़के सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 2 महिला नक्सलियों को मार गिराया गया है। घटनास्थल से इंसास राइफल सहित बड़ी मात्रा में नक्सली सामान बरामद हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों का ऑपरेशन अभी भी क्षेत्र में जारी है। संभावना जताई जा रही है कि मुठभेड़ में अन्य नक्सलियों को भी नुकसान पहुंचा है। इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है और सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी शांत होने के बाद इलाके में छानबीन की गई तो 2 महिला नक्सलियों के शव के साथ दवाएं, एक इंसास राइफल, एक 315 राइफल और नक्सली साहित्य बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि अबूझमाड़ एक दुर्गम क्षेत्र है, जहां माड़ डिवीजन पर कार्रवाई नक्सलियों के लिए बड़ा झटका है। अभी कोहकामेटा थाना क्षेत्र में भी सघन अभियान चल रहा है। पूरे इलाके में तलाशी अभियान जोरों पर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक भारत को नक्सल मुक्त बनाने का वादा किया है, इसी के तहत छत्तीसगढ़, झारखंड और इससे जुड़ी सीमाओं पर बड़ा अभियान चल रहा है। इस साल जनवरी से लेकर अभी तक 200 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया गया है।

### जम्मू-कश्मीर आतंकियों के साथ मुठभेड़

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई है। दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हो रही है। मुठभेड़ बसंतगढ़ के कुरु नाला इलाके में हो रही है, जहां सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान के जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकियों को घेर लिया है। अभियान पर भारतीय सेना की 6 पैरा स्पेशल फोर्स तैनात है। यहां 3 से 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर है।

## केदारनाथ यात्रा पर मौसम ने लगाया ब्रेक, सोनप्रयाग में रोके गए श्रद्धालु

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में जोरदार बारिश हो रही है. बारिश के कारण चारधाम यात्रा भी प्रभावित हो रही है. बरसात में सबसे ज्यादा असर केदारनाथ यात्रा पर देखने को मिल रहा है. रुद्रप्रयाग जिले में बीते तीन दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है।

गुरुवार 26 जून को भी तेज बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा का मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग-मुनकटिया मार्ग भी भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर अवरुद्ध हो गया है। प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर केदारनाथ जाने वाले सभी यात्रियों को सोनप्रयाग में ही रोक दिया है. इसी के साथ प्रशासन ने केदारनाथ से नीचे लौट रहे यात्रियों के सुरक्षित रेस्क्यू के लिए भी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें तत्काल मौके पर रवाना की है. रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 26 जून को सुबह 11 बजे तक कुल 1269 यात्रियों को सुरक्षित सोनप्रयाग पहुंचाया जा चुका है, जिनमें 833 पुरुष और 436 महिला श्रद्धालु शामिल हैं. यह रेस्क्यू अभियान अत्यंत व्यवस्थित, संवेदनशील और समयबद्ध रूप से संचालित किया गया, जिससे किसी भी यात्री को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### फिर खुले कामाख्या मंदिर के कपाट

**गुवाहाटी।** असम की नीलाचल पहाड़ियों पर स्थित भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक कामाख्या मंदिर ने गुरुवार सुबह अपने कपाट पुनः खोल दिए. बता दें, चार दिवसीय विराम के बाद मंदिर के कपाट खोले गए हैं. यह अवसर केवल मंदिर के खुलने भर का नहीं था, बल्कि अंबुबाची महापर्व के विधिवत समापन का भी प्रतीक था - एक ऐसा पर्व जो देवी कामाख्या के मासिक धर्म और स्त्रीत्व की पवित्रता को समर्पित है. मंदिर के गर्भगृह के द्वार सुबह 5:00 बजे आम भक्तों के लिए खोले गए।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश
## ब्लैक बॉक्स का डेटा रिकवर

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया विमान के ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। सरकारी बयान में गुरुवार को बताया गया कि डेटा डाउनलोड हो गया है। मेमोरी मॉड्यूल का एक्सेस भी मिल गया है। अब जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण (एनालिसिस) करेगी। इससे हादसे के कारणों का पता चलेगा। इससे पहले 24 जून को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया था कि ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए विदेश नहीं भेजा जा रहा। इसकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो कर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, क्रैश प्लेन से दो ब्लैक बॉक्स सेट मिले हैं। इनमें हादसे के समय पायलटों की बातचीत और विमान की तकनीकी जानकारी का रिकॉर्ड मिलेगा। पहला सेट 13 जून को और दूसरा 16 जून को बरामद किया गया।

## हिमाचल में बाढ़ ने मचाया कोहराम



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने दस्तक देते ही तबाही मचाना शुरू कर दी है. 25 जून को हिमाचल में कई जगहों पर बादल फटने और बाढ़ आने की घटनाएं सामने आई. कुल्लू के सैंज में बादल फटने से नदी-नाले उफान पर हैं. जिसमें 3 लोग बह गए. वहीं, धर्मशाला के खनियारा में बाढ़ में 8 लोग बह गए. 2 मजदूरों के शव मिल गए हैं, जबकि 6 अभी भी लापता हैं. इसके अलावा मंडी जिले में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है. मंडी मं जलस्तर बढ़ने से पंडोह डैम के तीन गेट खोले गए। हिमाचल प्रदेश में इस बार भी मानसून तबाही लेकर आया है. बुधवार को हुई भारी बारिश में हिमाचल में कई जगह बादल फटने और बाढ़ आने जैसी घटनाएं हुई. जिसके चलते 8 लोग बाढ़ में बहने से लापता हो गए हैं. जबकि 3 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं. कुल्लू के सैंज में बादल फटने से 3 लोग लापता हो गए. जिनकी तलाश में एनडीआरएफ की टीमें जुटी हुई हैं. इसके अलावा धर्मशाला में 8 लोग बाढ़ में बहे थे. जिनमें से 2 का शव बुधवार को ही बरामद कर लिया गया था. जबकि एक मजदूर का शव आज मिला है. अभी भी यहां 5 लोग लापता हैं।

## अलकनंदा में गिरी तीर्थ यात्रियों की बस, 3 की मौत

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में भयानक हादसा हुआ है. बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर घोलतीर में एक बस अलकनंदा नदी में गिर गई है. इस हादसे से हड़कंप मच गया है. बस उफनती अलकनंदा नदी में समा गई है. इस बस में 19 तीर्थ यात्री बताए जा रहे हैं. चालक समेत कुल 20 लोग सवार थे. 3 यात्रियों की मौत की खबर है.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस हादसे के दौरान 10 लोग छिटककर पहाड़ी पर अटक गए. 3 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई है. बाकी 9 लोगों की खोजबीन जारी है. राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं. हादसा तब हुआ जब बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर घोलतीर के पास एक बस अनियंत्रित होकर सीधे अलकनंदा नदी में समा गई. यह गाड़ी तीर्थयात्रियों को लेकर बदरीनाथ धाम की ओर जा रही थी. हादसे के दौरान इसमें सवार 10 यात्री पहाड़ी पर ही छिटक गए और घायल हो गए, जबकि अन्य यात्रियों के बस के साथ नदी में जा गिरे.

दुर्घटना की सूचना मिलते ही घोलतीर पुलिस चौकी से पुलिस बल और रुद्रप्रयाग से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया. नदी का तेज बहाव राहत और बचाव कार्य में चुनौती बना हुआ है।

### एक्सप्रेसवे से नीचे गिरी बस, 2 की मौत




**इटावा।** बिहार के मधुबनी से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस गुरुवार को आगरा एक्सप्रेसवे पर रेलिंग तोड़ते हुए सड़क से नीचे गिर गई। हादसे में 2 यात्रियों की मौत हुई है। हादसा इटावा के सैफई थाना क्षेत्र में माइलस्टोन 103 पर हुआ, जिसमें 50 यात्री घायल हो गए हैं। इनमें 10 की हालत गंभीर है। सभी घायल सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। मृतकों में नेपाल निवासी सईदा खातून (22) और दरभंगा के रहने वाले मनोज कुमार (55) शामिल हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद इटावा के जिलाधिकारी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू कराया। बताया जा रहा है कि डबल डेकर बस चालक को नींद की झपकी आई थी, जिससे बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे चली गई। हालांकि, बस चालक रामप्रवेश का कहना है कि उसके आगे चलने वाली गाड़ी के अचानक ब्रेक लगाने से संतुलन बिगड़ा था। हादसे के समय बस में 80 यात्री सवार थे।

# सभी कार्य को निर्धारित समय से करें पूरा : डीएम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** कुशीनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण अंतर्गत पर्यटन विकास परियोजनाओं (पर्यटन विभाग) की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन निर्माण इकाई द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की एक एक कर समीक्षा की गई। बौद्ध बिहार में पर्यटन सुविधा के सृजन कार्य अंतर्गत पिपरा कुटी,चाइनीज मंदिर,चंद्र मंदिर,वर्मिज मंदिर, के हो रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को संयंत्रण पूर्ण किए जाने का निर्देश दिये गए, उक्त सभी कार्यों का निरीक्षण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इसी क्रम में बुद्धा थीम पार्क में हो रहे कार्यों को निर्धारित 25 जून तक पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताई गई एवं अग्रिम तिथि को पोर्टल पर अपडेट किए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि 23 करोड़ की परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है तो उतने बजट का कार्य दिखना भी चाहिए, उन्होंने कहा कि यदि कोई बदलाव या अन्य कार्य सम्मिलित करना है तो उसकी स्वीकृति विभाग से करा ली जाए। हिरण्यवती नदी को तालाब से जोड़ने के लिए खुदाई का कार्य कर लिए जाने एवं 56 एकड़ की भूमि जो अभी मैत्रेय के नाम से है उसे चेंज कराने हेतु शासन स्तर पर वार्ता किए जाने हेतु पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, क्षेत्रीय पर्यटन आदि उपस्थित रहे।

## आपदा से बचाव के बताए तरीके

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** तहसील-खड्डा अंतर्गत ग्राम-भैसहा में बाढ़ आपदा के दृष्टिगत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बाढ़ आपदा प्रबंधन में सभी विभाग सामंजस्य बनाकर कैसे कार्य करेंगे को सजीव अभ्यास था। जिसमें राजस्व, पुलिस, पशुपालन, पीडब्ल्यूडी, अग्निशमन विभाग आदि विभाग सम्मिलित थे।

संचालन जिला आपदा विशेषज्ञ रवि प्रताप राय द्वारा किया गया। पूरी कार्यवाही जिला स्तरीय इन्सीडेन्ट रेस्पान्स टीम का गठन करते हुए इन्सीडेन्ट रेस्पान्स सिस्टम के माध्यम से कियान्वित किया गया। मॉकड्रिल कार्यक्रम अंतर्गत उप जिलाधिकारी खड्डा द्वारा वायरलेस के माध्यम से जिला ईओसी को अवगत कराया गया कि बडी गंडक नदी के जल स्तर में वृद्धि से ग्राम ग्राम-भैसहॉं के जलमग्न होने वह बचाव की सूचना देते हुए अवगत कराया गया कि 10 व्यक्तियों को पेड़ व घर पर फसें होने की सूचना, एवं 5 व्यक्तियों की डुबने की सूचना प्राप्त हुई। आवश्यक कार्रवाई अपेक्षित है। प्रभारी अधिकारी ईओसी में तैनात अधिकारी सूचना रजिस्टर में दर्ज करते हुए रेडियो सेट के माध्यम अपर जिलाधिकारी को सूचना से अवगत कराते हुए सूचित किया गया। प्लानिंग चीफ अपर जिलाधिकारी द्वारा ऑपरेशन सेक्शन चीफ सीओ खड्डा द्वारा यातायात निरीक्षक को ग्रीन कॉरिडोर उपलब्ध कराने को एसडीआरएफ टीम को सड़क मार्ग पर सूचना दी गई। प्लानिंग चीफ बीडीओ के निर्देशानुसार संबंधित विभागाध्यक्ष के पहुंचने व स्टेजिंग एरिया में विभागवार संसाधनों को व्यवस्थित किया गया। चीफ तहसीलदार खड्डा के निर्देश के क्रम में की गई राहत शिविर प्रभारी प्रभावित व्यक्तियों को पंजीकृत करते हुए राहत शिविर में ठहराए जाने भोजन पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध कराया गया। ऑपरेशन सेक्शन चीफ सीओ खड्डा वायरलेस सेट से कमांडर एसडीआरएफ को ग्राम-भैसहॉं के समय नदी के जलस्तर बढ़ने से 10 व्यक्तियों के फंसे होने की सूचना व 5 व्यक्तियों की डुबने की सूचना प्राप्त हुई। इस अवसर पर वैभव मिश्रा अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी खड्डा मो जफर, तहसीलदार खड्डा महेश कुमार कुमार, नायब तहसीलदार खड्डा लक्ष्मी वर्मा, अग्निशमन अधिकारी अजमत अली, निशार अहमद, पंकज तिवारी, टीम आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने की पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** डीएम संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पीएम सूर्यघर योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर उन्होंने असंतोष जताते हुए पीओ नेडा को स्पष्टीकरण जारी किया और योजना की स्थापना प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर लोगों को पीएम सूर्यघर योजना के प्रति जागरूक करें और अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की गहन समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि योजनाएं कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर आमजन तक पहुंचे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला, जिला विकास अधिकारी बीएन कन्नौजिया उपस्थित रहे।

# वित्त राज्य मंत्री को महिलाओं ने दिया ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बृहस्पतिवार को अपने महराजगंज स्थित आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान सिसवा बाजार के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंत्री से मिलकर बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सिसवा स्टेशन पर कराने की मांग की। व्यापार मंडल का कहना था कि महराजगंज जनपद में बंदे भारत ट्रेन का कोई भी ठहराव नहीं है, ऐसे में सिसवा स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव आवश्यक है।

इसी कार्यक्रम में परतावल ब्लॉक की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने भी केंद्रीय मंत्री से संपर्क कर समूह संचालन, ऋण प्राप्ति में आ रही कठिनाइयों, प्रशिक्षण की आवश्यकता और विपणन के अवसरों की सीमाओं जैसी समस्याएं सामने रखीं। मंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य केवल सत्ता में रहना नहीं होता, बल्कि सतत जनसंवाद के जरिए समाज के हर वर्ग की समस्याओं को समझना और समाधान सुनिश्चित करना भी जरूरी है। आयुष्मान भारत, स्वनिधि, किसान सम्मान निधि, डिजिटल भुगतान, स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने ग्रामीणों, महिलाओं और गरीबों को सशक्त बनाने का काम किया है।उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ तेजी से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। यह सरकार जनभागीदारी और पारदर्शिता के मंत्र पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय कुमार श्रीवास्तव, दिनेश जायसवाल, अमरनाथ पटेल, बैजनाथ पटेल, प्रदीप उपाध्याय, रामहरख गुप्ता, विवेक गुप्ता, वीरेंद्र लोहिया, शिवाकांत गुप्ता, पीडी रामदरश चौधरी सहित एसबीआई और नाबार्ड के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मॉकड्रिल कर बाढ़ से बचाव को लेकर किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में जनपद के तीनों तहसीलों खलीलाबाद, धनघटा एवं मेहदावल में बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया।

बाढ़ से बचाव हेतु मॉकड्रिल के आयोजन के क्रम में तहसील खलीलाबाद के मगहर से आमी नदी के किनारे मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया, जिसमें डूबे हुए व्यक्ति को बचाने के लिए सभी कार्यवाहियों का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल में राजस्व विभाग, पुलिस, खाद्य एवं रशद, मेडिकल, फायरएक्सटेंशन आदि सभी विभाग द्वार अपने-अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉडल के आयोजन में आपदा मित्रों का सहयोग सराहनीय रहा।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण वर्मा, तहसीलदार आनंद कुमार ओझा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं आपदा मित्र आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में बाढ़ बचाव हेतु मॉकड्रिल 2025 का आयोजन तहसील धनघटा में घाघरा नदी के किनारे ग्राम दौलतपुर में हुआ।

एक नाव, जो कि ग्रामीणों को लेकर आ रही थी, से अचानक एक ग्रामीण नदी में गिर गया। उसे प्राथमिक चिकित्सा उपरांत 108 एम्बुलेंस की सहायता से बाढ़ राहत शिविर/उच्च प्राथमिक विद्यालय औराडाँड़ लाया गया। उक्त शिविर पर मेडिकल विभाग के साथ साथ विभिन्न विभागीय यथा, पशु पालन विभाग, आपूर्ति विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग, विकास विभाग, अग्नि शमन विभाग,बेसिक शिक्षा विभाग विद्युत विभाग आदि के कैम्प लगाए गए हैं। उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ सुनील कुमार द्वारा इन कैम्प्स का निरीक्षण किया गया, जिसके माध्यम से बाढ़ बचाव हेतु विभागीय तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ सुनील कुमार तहसीलदार योगेंद्र कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, पुलिस क्षेत्राधिकार मेहदावल सर्वदमन सिंह, तहसीलदार मेहदावल अल्पिका वर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## 2 से होगा अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन

**महराजगंज।** वित्तीय वर्ष ,शैक्षिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व दशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन की प्रक्रिया 2 जुलाई से प्रारंभ होगी। यह जानकारी प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव ने निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के निर्देशानुसार प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी शिक्षण संस्थानों, मदरसों एवं संबंधित छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया गया है कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करें।

# थाना भवन के भूमि का हुआ निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बुधवार को नवसृजित थाना चौराखास भवन निर्माण के लिए आवंटित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर ही थाने के अभिलेखों का जांच करते हुए कार्य में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई का चेतावनी दिया। दिन के चार बजे बजे चौराखास थाने के लिए सुमही बुजुर्ग में आवंटित थाना भवन के भूमि का स्थली निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने जमीन की स्थिति, वहा तक पहुंचने का मार्ग आदि का बारीकी निरीक्षण करते हुए कहा कि जल्द ही चौराखास थाना का अपना भवन होगा। । इस दौरान वहां मौजूद व्यापार मंडल के अध्यक्ष बिकास पाण्डेय सहित अन्य ग्रामीणों ने अगल बगल के गांव चौरा राम तवक्कल शाही, चौरा दीगर, चौरा श्रीकिशन, भड़सरवा, भठवां, मुंडेरा गांव जो यहां से पंद्रह किमी दूर पटहेरवा थाना क्षेत्र में है उसे चौराखास थाना में शामिल करना की मांग किया। इसपर अधीक्षक ने कहा कि संबंधित गांवों के प्रधान संयुक्त रूप से इस संबंधित पत्रक मेरे कार्यालय को उपलब्ध कराए जिससे इसके लिए आवश्यक कार्रवाई किया जा सके। इसके बाद एसपी ने मौके पर ही थाने का सभी अभिलेख मंगाकर कर जांच किया तथा सभी को चेतावनी दिया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली, लंबित मामलों की स्थिति और अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए आम जनता से संवाद स्थापित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बीट दरोगा और सिपाही यह ध्यान देंगे कि आगामी मुहर्रम के दिन निकलने वाले ताजिया की ऊंचाई आठ फीट से अधिक किसी कीमत पर नहीं होना चाहिए।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी तमकुही राज राकेश प्रताप सिंह, प्रभारी थानाध्यक्ष संदीप सिंह, एसआई जीतेन्द्र सिंह, आकाश दीप शुक्ला, ग्राम प्रधान मधुबन सिंह, केश्वर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शांति समिति की हुई बैठक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**नगर, बस्ती।** नगर थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी ने की, जिसमें थाना प्रभारी चंदन कुमार और नायब तहसीलदार स्वाती सिंह सहित कई गणमान्य और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य मोहर्रम के दौरान क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना था।

सीओ प्रदीप कुमार तिवारी ने उपस्थित लोगों से मोहर्रम पर्व को भाईचारे और परंपरागत ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ताजिया जुलूस केवल निर्धारित मार्गों पर ही निकाला जाए और किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने से बचा जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान बिजली के तारों और अन्य बाधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

## उपनिरीक्षक पर रिश्वत मांगने का लगा आरोप

**सिंदुरिया।** क्षेत्र के ग्राम पतरेंगवा निवासी शैलेश कुमार पुत्र रामअवध, जो जनपद के एक बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं ने एसपी को एक शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराया है। शैलेश कुमार का आरोप है कि 17 जून को उनके भाई का जमीन संबंधी विवाद राजेश पुत्र रामकिशुन, निवासी नवका टोला, दक्षिण सिसवा बाजार से हुआ था। अगले दिन 18 जून को जब वह स्थानीय थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंचे, तो वहां मौजूद उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक सुनील यादव, रणविजय व अन्य पुलिसकर्मियों ने मामले को रफा-दफा करने के लिए 30,000 रुपये की मांग की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई और उन्हें तीन घंटे तक थाने के लॉकअप में जमीन पर बैठा दिया।

# पंचायत में व्यवसायी की हत्या





**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र में एक पंचायत के दौरान मछली व्यवसायी की हत्या कर दी गई। राजपुर खास के बनिया टोला में यह घटना हुई। मृतक की पहचान जग्गू निषाद (35) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए तमकुहीराज के सीओ राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि पिपरा घाट के प्रिंस निषाद (25) ने धारदार हथियार से जग्गू निषाद पर हमला किया। गंभीर रूप से घायल जग्गू को सीएचसी सेवरही ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 24 जून को मृतक के भाई उमाशंकर के साथ आरोपी प्रिंस की मारपीट हुई थी। इसी विवाद के समाधान के लिए गांव में पंचायत बुलाई गई थी। थाना सेवरही में मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी प्रिंस निषाद समेत 6 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इस घटना पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री डॉ. पीके राय ने सवाल उठाए हैं।

# सरदार पटेल संस्थान पर मनाया गया छत्रपति शाहूजी का जन्मदिन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज का 151 वां जन्म दिन सरदार पटेल स्मारक संस्थान पर मनाया गया। संस्थान के पदाधिकारीयों तथा छात्रों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पटेल छात्रावास के प्रबंधक प्रेमचंद पटेल ने किया। शाहू जी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए संस्थान के महामंत्री डा सुरेंद्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि आज का दिन सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के संकल्प को दोहराने का दिन है। इस दौरान कोषाध्यक्ष राम जी चौधरी, राकेश चौधरी, अरविंद वर्मा, अनिल, सचिन, सनी, अमर पटेल, हरिशंकर, आकाश पटेल, रामनिवास, कृष्ण पाल चौधरी, शुभम, निलेश, अभय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## थानों में आयोजित हुई जनसुनवाइ

**महराजगंज।** एसपी के निर्देश पर जनपद के समस्त थानों पर प्रतिदिन आयोजित की जा रही जनसुनवाई एक प्रभावी और जनहितकारी पहल बनकर उभरी है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों को सुनकर उनका शीघ्र, निष्पक्ष और विधिक समाधान सुनिश्चित करना है। यह व्यवस्था पुलिस की नागरिक-केंद्रित सेवा प्रणाली का एक सशक्त उदाहरण है, जो न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करती है, बल्कि पुलिस और जनता के बीच पारस्परिक विश्वास को भी मजबूत करती है। जनसुनवाई का मंच आम नागरिकों के लिए खुला है। यह प्रक्रिया पुलिस की जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा देती है तथा आम जनता को यह विश्वास दिलाती है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और सुलझाया जा रहा है।

# निःक्षय पोषण योजना में मिलेंगे प्रतिमाह एक हजार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** विकास खण्ड हर्रैया के वर्ष 2024 में टीबी मुक्त हुए 21 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र एवं गांधी जी की कांस्य प्रतिमा देकर ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार पांडेय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हर्रैया के अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार शुक्ला ने सम्मानित किया।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल टीबी को खत्म करना है। खण्ड विकास अधिकारी सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि सभी प्रधान अपने आसपास की ग्राम पंचायतों के लोगों को टीबी रोग के बारे में जागरूक करें। अधीक्षक डा बृजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि टीबी की समस्त जांच और ईलाज सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क है। साथ ही मरीजों को इस नवम्बर माह से निरू क्षय पोषण योजना के तहत 1 हजार रूपये प्रतिमाह ईलाज पूर्ण करने तक दिया जा रहा है। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि संग्रामपुर, मुडबरा, केशवपुर, कोदई, बेलभरिया, राम गुलाम, कुर्थिया, खम्हरिया गंगाराम, भानपुर, बसदेवा कुंवर, पूरेबेचू, बरगदवा माफी, गोभिया, रानीपुर, काशीपुर, मझौवा कुंवर, आमा पांडेय हरिवंशपुर, देव्याबक्स पांडेय, जमुनहा कला ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हुए है। उन्होंने कहा कि परसौढ़ा ग्राम पंचायत विगत वर्ष 2023 में टीबी मुक्त अभियान के तहत मुक्त था और इस वर्ष 2024 में भी टीबी मुक्त है । इस दौरान एसटीएलएस संजय कुमार पांडेय, एडीओ पंचायत जयप्रकाश राय, एआरओ सत्यव्रत यादव, प्रदीप कुमार, उदय प्रताप शुक्ला, रूप नारायन मिश्र, मृगेंद्र पांडेय, शिव कुमारी, बेबी वर्मा, रामकेवल, अशोक कुमार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डा वीके वर्मा इंस्टीट्यूट को मिली जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी प्रशिक्षण की मान्यता


**बस्ती।** उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डा अनुराग श्रीवास्तव ने श्रीमती मुराली देवी मानव सेवा एवं शिक्षण संस्थान न्यास द्वारा प्रस्तावित डा वीके वर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बसुआपार में एलोपैथिक जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफ्री प्रशिक्षण केन्द्र हेतु 40 सीटों की मान्यता प्रदान किया है। यह जानकारी देते हुए निदेशक डा कीर्ति आलोक रंजन वर्मा ने बताया ऑन लाइन काउंसलिंग के द्वारा छात्र चयन कर सकते हैं, प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रशिक्षण सत्र 1 अगस्त से प्रारम्भ होगा और जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफ्री प्रशिक्षण के लिए अब अभ्यर्थियों को भटकना नहीं प?गा। उन्होंने बताया कि डा वीके वर्मा इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साइंस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है और अनेक विषयों में हजारों की संख्या में छात्र उत्तीर्ण होने के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### बढ़नी नगर में चलाया नशा मुक्त अभियान



**बढ़नी (सिद्धार्थनगर)।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 50वीं वाहिनी के जवानों ने गुरुवार को बढ़नी नगर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और स्थानीय नागरिकों को नशे की लत से दूर रखना और समाज में नशा मुक्ति के प्रति चेतना फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान एसएसबी जवानों ने नगर क्षेत्र में रैली निकाली और हाथों में नशा विरोधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल जवानों ने नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, स्वस्थ समाज की नींव नशा मुक्त भारत जैसे नारों से वातावरण को गूंजा दिया। एसएसबी जवानो ने स्थानीय नागरिकों और युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में तस्करी के जरिए नशीले पदार्थों की आवाजाही को रोकने के लिए एसएसबी सतर्कता के साथ कार्य कर रही है, और इस प्रकार के अभियान समाज में सकारात्मक संदेश देने का माध्यम हैं। स्थानीय लोगों ने एसएसबी के इस प्रयास की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में सहयोग देने का संकल्प लिया। इस दौरान एसएसबी इंस्पेक्टर वलनित मान, एएसआई मुकेश चंद, राजकुमार, हेमपाल गुर्जर सहित आदि लोग रहे।

# प्रदेश में कायम है जंगलराज : आशुतोष सिन्हा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**परसरामपुर, बस्ती।** परी हत्याकांड कांड में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार 12 सदस्यीय टीम जिलाध्यक्ष महेन्द्र नाथ यादव के नेतृत्व में जीतीपुर गांव पहुंची। जिसमे विधायक कवींद्र चौधरी डेलिगेशन में होने के बाद भी नही आये। डेलिगेशन परी हत्याकांड की एक रिपोर्ट बना कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपेगा। डेलिगेशन टीम के साथ राजाराम यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, कौशलेन्द्र प्रताप नगर पंचायत अध्यक्ष हर्रैया, राहुल सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौर सहित सैकडों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने सरकार पर जम कर निशाना साधा उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में जंगल राज कायम है सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रहीं है। जिसका उदाहरण परी हत्याकांड के तीन नामजद अभियुक्तों को पुलिस थाने से छोड़ देती है इससे बढ़ा संरक्षण और क्या हो सकता है। क्षेत्रीय विधायक के डेलिगेशन में न आने पर तरह तरह की चर्चाएं हो रही थी। जिलाध्यक्ष महेन्द्र नाथ यादव ने बताया कि विधायक कवींद्र चौधरी की तबीयत ठीक नही है बाहर है इसलिए नही आये। बताते चले कि पैकोलिया थाना क्षेत्र के जीतीपुर लाला पुरवा में जमीनी विवाद को लेकर चाकुओं से गोदकर नाबालिग बच्ची परी की हत्या कर दी गयी थी। गांव निवासी अतुल श्रीवास्तव अपने निकट पैमाइश व सीमांकन करवाने के बाद मिट्टी गिरवा रहे थे, इस दौरान दूसरे पक्ष के विरोध करने पर मामला तूल पकड़ता गया दूधनाथ वर्मा के परिवार के लोगो ने अतुल श्रीवास्तव के परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हुए और परी की मौके पर ही मौत हो गयी थी।

# माता प्रसाद के काफिले पर हमला कायराना



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी डाक बंगले में समाजवादी पार्टी की ओर से कल गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय एवं नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव के काफिले पर हुए हमले के विरोध में बैठक का आयोजन हुआ। ध्यातव्य हो कि गोरखपुर में विरासत गलियारा के नाम पर व्यापारियों के दुकानों को ध्वस्त किया जा रहा है। उन पीड़ितों से मिलने समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल गोरखपुर गया था। जहां सत्ता संरक्षित लोगों ने उपद्रव कर अराजकता फैलाई। जिसमें नेता विरोधी दल के काफिले के वाहन के शीशे भी टूट गए थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के राष्टीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा मशाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जनपद में जब नेता प्रतिपक्ष सुरक्षित नहीं हैं ऐसे में आम जनता की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है। गोरखपुर की घटना इस बात का प्रमाण है कि यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सर्वश्री मुरली धर मिश्रा, मसूद खान, प्रदेश सचिव जावेद खान,राष्टीय सचिव अजय चौरसिया,सेक्टर प्रभारी हरिनाथ यादव,मकबूल,राजेंद्र यादव, शब्बू, घनश्याम यादव सहित अन्य प्रमुख लोगों ने संबोधित किया। बैठक में सर्वश्री जयकरन गौतम,निजाम अहमद,अब्दुल मन्नान प्रधान, डॉ अव्वल, श्याम देव यादव,रहमतुल्लाह, करतब यादव, अनूप, सैयद अली जहीर, कमाल अहमद, मारूफ, बाबुल्लाह, मन्नान सकरौरा संदीप साहनी सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात होंगे 4,000 पुलिस के जवान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोरखपुर।** राष्ट्रपति के आगामी गोरखपुर दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रपति के काफिले की सुरक्षा में लगभग 4 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। राष्ट्रपति सड़क मार्ग से 31 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी, जिसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस विशाल सुरक्षा घेरे में 8 पुलिस अधीक्षक (एसपी) और 13 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रैंक के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए गोरखपुर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए गहन तैयारियां की जा रही हैं। जिस 31 किलोमीटर के सड़क मार्ग से राष्ट्रपति गुजरेंगी, उस पूरे रास्ते को सुरक्षित करने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। हर महत्वपूर्ण बिंदु पर पुलिस बल की तैनाती होगी और चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी। गोरखपुर में प्लेन से उतरने के बाद उनकी सारी यात्रा सड़क मार्ग से होगी। भटहट क्षेत्र के पिपरी में बने आयुष विश्वविद्यालय में भी वह सड़क मार्ग से ही जाएंगी। गोरखपुर में वह 3 कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। एयरपोर्ट से सीधे सर्किट हाउस जाएंगी। वहां से गोरखपुर एम्स पहुंचेंगी। एम्स में एमबीबीएस पहले बैच का दीक्षांत समारोह है। जिसमें राष्ट्रपति शामिल होंगी। दूसरे दिन पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करेंगी और उसके बाद बालापार स्थित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय पहुंचेंगी। राष्ट्रपति कूड़ाघाट, मोहद्दीपुर, पैडलेगंज होते हुए सर्किट हाउस पहुंच सकती है। इसे ही संभावित मार्ग के रूप में चिह्नित किया गया है। 1 जुलाई को वह सड़क मार्ग से ही आयुष विवि जाएंगी और वहां लोकार्पण करेंगी। इसके बाद वह महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय पहुंचेंगी। वहां से सोनबरसा, महुआतर ओवरब्रिज, महेसरा ताल होते हुए बरगदवा आने का कार्यक्रम है। सभी मार्गों का सुरक्षा प्लान तैयार कर ड्यूटी लगा दी गई है। आसपास के जिलों से भी फोर्स मंगाई गई है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि बाहर से आने वाले पुलिस कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था भी बनाई गई है। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान गोरखपुर में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। सुरक्षा कारणों से कुछ मार्गों पर आवाजाही प्रतिबंधित की जा सकती है या डायवर्ट की जा सकती है। आम जनता से अपील की गई है कि वे यातायात पुलिस द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें और असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। सुरक्षा एजेंसियां राष्ट्रपति के दौरे से पहले ही सभी संभावित खतरों का आकलन कर रही हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। इसके अलावा, होटल, गेस्ट हाउस और सार्वजनिक स्थानों पर भी निगरानी बढ़ाई जा रही है। राष्ट्रपति का यह दौरा गोरखपुर के लिए महत्वपूर्ण है।

### सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति की सुरक्षा में त्रिस्तरीय घेरा बनाया जाएगा। सबसे अंदरूनी घेरे में विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के कमांडो तैनात रहेंगे, जो सीधे राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होंगे। इसके बाद दूसरा घेरा स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बलों का होगा, जो मार्ग की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण का जिम्मा संभालेंगे। तीसरा घेरा बाहरी सुरक्षा और निगरानी के लिए होगा, जिसमें ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा।

### वरिष्ठ अधिकारियों की भी होगी तैनाती

सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने के लिए 8 एसपी और 13 एएसपी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है। ये अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों और जिम्मेदारियों का प्रभार संभालेंगे, जिसमें यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, मार्ग सुरक्षा, और खुफिया जानकारी जुटाना शामिल है। इन अधिकारियों की देखरेख में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, उप-निरीक्षक और कॉन्स्टेबल तैनात रहेंगे। वहीं पे सीओ 35, थानेदार 35, इंस्पेक्टर 70, दारोगा 442, हेड कांस्टेबल 2455, महिला दारोगा 40, महिला सिपाही 220, यातायात इंस्पेक्टर 13, यातायात दारोगा 50, यातायात हेड कांस्टेबल 145, यातायात कांस्टेबल 263, पीएसी की दो कंपनी, एटीएस की दो टीम, एलआईयू इंस्पेक्टर सात, एलआईयू दरोगा 36, एलआईयू महिला दरोगा 19, एलआईयू हेड कांस्टेबल 44, एलआईयू महिला कांस्टेबल 43 को सुरक्षा ड्यूटी पर लगाया गया है।

# उमस की चपेट में गोरखपुर, बाजारों में सन्नाटा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** शहर में पड़ रही भीषण उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पिछले कई दिनों से जारी चिपचिपी गर्मी और उमस से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिन के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा दिख रहा है। जिससे व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। गुरुवार को मौसम बदलता रहा सुबह से शाम तक कभी बादल छाए तो कभी तेज धूप निकली। मौसम विभाग के अनुसार नमी का स्तर 65 प्रतिशत से अधिक रहा। सुबह आसमान में हल्के बादल छाए रहे। लोगों को बारिश की उम्मीद थी। लेकिन एक बूंद भी नहीं गिरी। दोपहर में तेज धूप निकली। इससे गर्मी और उमस दोनों बढ़ गई।

**डॉक्टरों ने दी खास सलाह :** उमस भरी गर्मी के कारण लोग लगातार थकान और कमजोरी महसूस कर रहे हैं। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में डिहाइड्रेशन, पेट दर्द और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इस स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने खास सावधानी बरतने की सलाह दी है। वरिष्ठ फिजिशियन ने बताया कि इस मौसम में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) सबसे बड़ी समस्या है। लोगों को चाहिए कि वे ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं भले ही प्यास न लगी हो। इसके अलावा, नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ और फलों के रस का सेवन करें। घर से बाहर निकलते समय सूती और हल्के रंग के कपड़े पहनें। धूप में अनावश्यक रूप से निकलने से बचें और खान-पान का विशेष ध्यान रखें। बासी भोजन और खुले में रखी चीजों से परहेज करें। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक उमस से खास राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हालांकि, हल्की बारिश से थोड़ी नमी कम हो सकती है। लेकिन जब तक अच्छी बारिश नहीं होती, उमस का यह दौर जारी रहेगा। लोग अब इंद्र देवता से बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं।

### दोपहर की तेज धूप ने बाजारों रौनक कम की

सुबह से ही आसमान में छाई उमस और धूप की तपिश ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। शहर के मुख्य बाजार जैसे गोलघर, रेती चौक, और घंटाघर पर आम दिनों जैसी चहल-पहल नहीं है। इक्का-दुक्का लोग ही खरीदारी के लिए निकल रहे हैं। वह भी छाता या गमछे से खुद को ढंके हुए। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक दोपहर में कम आ रहे है। जिससे बिक्री में गिरावट आई है। पर शाम को फिर लोगों का बाजारों में आने जाने सिलसिला तेज होता है। शीतल पेय और जूस की दुकानों पर ही थोड़ी-बहुत भीड़ दिख रही है।

# स्टेशनों पर मानव तस्करी रोकने का प्रयास कर रहा आरपीएफ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है।

25 जून को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म सं.-2 पर 01 नाबालिग लड़का उम्र लगभग 14 वर्ष लावारिस हालत में मिला, जिसे चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 25 जून को रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ जं. को चाइल्ड लाइन के सदस्यों को सर्कुलेटिंग एरिया में 2 लड़के उम्र लगभग 12 व 10 वर्ष मिले, जिन्हें चाइल्ड लाइन लखनऊ जं. को सुपुर्द किया गया। 25 जून को रेलवे सुरक्षा बल को गाड़ी सं. 15083 में 1 नाबालिग लड़का उम्र लगभग 14 वर्ष लावारिस हालत में मिला, जिसे चाइल्ड लाइन मऊ को सुपुर्द किया गया। 25 जून को रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ जं. को गाड़ी सं. 15009 के कोच सं. बी-6 के बर्थ सं.-13 / 14 पर महिला यात्री का छूटा 01 मोबाइल मिला, जिसे लखनऊ जं. पोस्ट पर जमा किया गया। महिला यात्री के परिजन के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के बाद मोबाइल सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल को गाड़ी के कोच पर यात्री का छूटा 1 थैला मिला जिसे खलीलाबाद चौकी पर जमा किया गया।

### अतिरिक्त कोच लगेंगे

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 2 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में सामान्य द्वितीय श्रेणी का 1 अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से बढ़ाया जा रहा है। गाड़ी संख्या- बरौनी-लखनऊ जं-बरौनी एक्सप्रेस में बरौनी से 27 जून से तथा लखनऊ जं से 30 जून से सामान्य द्वितीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से लगाया जायेगा। गाड़ी संख्या लखनऊ जं-जबलपुर-लखनऊ जं एक्सप्रेस में लखनऊ जं से 28 जून से तथा जबलपुर से 29 जून से सामान्य द्वितीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से लगाया जायेगा। गाड़ियों में जनरेटर सह लगेज यान का 1, सामान्य द्वितीय के 5, शयनयान के 6, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 5, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी का 1, वातानुकूलित द्वितीय के 2 तथा वातानुकूलित प्रथम के 1 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# यात्रियों की हर संभव मदद कर रहा रेलवे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** ग्राहकों की संतुष्टि को लक्ष्य कर भारतीय रेल अपने सम्मानित उपभोक्ताओं को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध करा रहा है। रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को स्टेशन अथवा ट्रेनों में उत्कृष्ट सुविधायें प्रदान करने के लिए रेल प्रशासन निरन्तर प्रयासरत है। रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को होने वाली किसी भी प्रकार की असुविधा के सम्बन्ध में प्राप्त परिवादों के त्वरित निस्तारण हेतु 24 घंटे निगरानी की जाती है। रेल यात्री 'रेल मदद' ऐप, हेल्प लाइन नम्बर-139, एसएमएस एवं वेब पोर्टल के माध्यम से अपना परिवाद रजिस्टर्ड करते हैं, जिसका समय से रेलवे प्रशासन द्वारा निस्तारण किया जा रहा है। परिवादों के त्वरित निस्तारण के फलस्वरूप यात्रियों से उत्कृष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहा है। उत्कृष्ट फीडबैक नहीं प्राप्त होने पर ऐसे परिवादों की समीक्षा की जाती है तथा व्यवस्था में सुधार किया जाता है।

'रेल मदद' ऐप के माध्यम से 25 जून को 497 रेल यात्रियों की मदद की गई जिसमें सभी प्राप्त परिवादों का निस्तारण किया गया। इस तरह पूर्वोत्तर रेलवे पर 'रेल मदद' से प्राप्त परिवादों के निस्तारण में फीडबैक 100 प्रतिशत रहा। 25 जून को गाड़ी संख्या-14117 कालिंदी एक्सप्रेस के कोच संख्या-बी/3 में प्रयागराज से रोहतक के लिए यात्रा कर रहे एक यात्री ने रेल मदद पर एक परिवाद दर्ज किया, जिसमें उन्होंने 6 माह के बच्चे के लिए दूध की आवश्यकता बताया। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री के परिवाद पर त्वरित कार्यवाही करते हुए यात्री को कमालगंज स्टेशन पर दूध उपलब्ध कराया गया। 25 जून को गाड़ी संख्या-15033 पाटलिपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस के शयनयान श्रेणी के कोच संख्या- डी/2 में पाटलिपुत्र-लखनऊ जं. के लिए यात्रा कर रहे एक यात्री ने रेल मदद पर एक परिवाद दर्ज किया, जिसमें उन्होंने चार्जिंग प्वाइंट कार्य नहीं करने का कारण बताया। रेलवे प्रशासन द्वारा उक्त यात्री के परिवाद पर त्वरित कार्यवाही करते हुए छपरा स्टेशन पर उनके परिवाद को दूर किया गया। 25 जून को गाड़ी संख्या-12553 वैशाली एक्सप्रेस के कोच संख्या-एस/4 में हाजीपुर से नई दिल्ली के लिए यात्रा कर रहे एक यात्री के पुत्र ने एक परिवाद दर्ज किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी माता जी का फोन कॉल नहीं लग रहा है। रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा यात्री के परिवाद पर त्वरित कार्यवाही करते हुए यात्री को उनके माता जी से बात कराई गई। 25 जून को गाड़ी संख्या-15933 अमृतसर एक्सप्रेस के कोच संख्या-एम/3 में यात्रा कर रहे एक यात्री ने एक परिवाद दर्ज किया।

### एप से मदद कर रहा रेलवे

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री के परिवाद पर त्वरित कार्यवाही करते हुए छपरा स्टेशन पर गर्म पानी उपलब्ध कराई गई। इस प्रकार रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों से संबंधित विभिन्न प्रकार के परिवादों का निस्तारण प्रतिदिन किया जाता है। रेलवे प्रशासन द्वारा रेल मदद एप से प्राप्त परिवादों के उच्चस्तरीय निगरानी हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर में कन्ट्रोल रूम में रेल मदद वार जोन स्थापित किया गया है। जिसकी निगरानी 24 घंटे मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों द्वारा की जा रही है। इस रेलवे पर प्राप्त किसी भी प्रकार के परिवादों का शत-प्रतिशत निस्तारण न्यूनतम समय में किया जा रहा है। परिवादों के तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर यात्री संतुष्टि के शत-प्रतिशत लक्ष्य को निरन्तर प्राप्त किया जा रहा है।

# धोखाधड़ी से कराया बैनामा, पीड़ित परेशान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** क्षेत्र मे एक व्यक्ति से जमीन के क्रय-विक्रय में धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत व्यक्ति के द्वारा पुलिस से की गयी है। जमीन के इस धोखाधड़ी के मामले में वास्तविक मालियत से बहुत कम में जमीन के बैनामा कागज भी बनाने की बात भी आ रही है। इस मामले में कम मालियत को लेकर व्यक्ति के द्वारा गोला रजिस्ट्रार से शिकायत की गयी है।

शशिकपूर उर्फ शशि पुत्र किशोर निवासी रानीपुर ने थाना प्रभारी, सीओ गोला व एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर सूचित किया कि हम मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं। हमारे द्वारा अपने दवा आदि के लिए पैसे की जरूरत थी तो अपनी 15 डिसमिल जमीन को विक्रय कर के व्यवस्था करने का विचार बनाया। इस बात की जानकारी हमारे गाँव के ही राकेश आनंद पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 2 को हो गयी। हमारे द्वारा जमीन बेचने के लिए तैयार होने पर 17लाख रुपये हमारे गोपालपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के हमारे खाते में भिजवा दिया। तय समय 10 मई 2024 को जमीन का बैनामा रूमाली देवी के नाम से कराने के लिए जब रजिस्ट्रार कार्यालय पंहुचा तो वहां धोखे से कुल साढे 26 डिसमिल जमीन का बैनामा करा लिया गया। 15 के अतिरिक्त साढे 11 डिसमिल किसी लक्ष्मी देवी के नाम करा लिया गया। जिसमें मेरे आवासी भूमि भी है जिससे हम बेघर हो गयें। राकेश ने हमारा एक खाता एचडीएफसी बैंक में खुलवा कर स्वंय ही नॉमनी हो गया। पंजाब बैंक के हमारे एफडी को इसी बैंक में ट्रांसफर करा लिया। खाते में एक तीन लाख का चेक डाल एटीएम, चेक, पासबुक अपने पास ही रख लिया। राकेश के द्वारा षडयंत्र कर के हमसे 3 लाख 50 हजार, 25 हजार रुपये व चेक द्वारा अतरौरा निवासी मनोज कुमार को 4 लाख 76 हजार रूपये दिलवा दिया। जिसे एक वर्ष बाद मांगने पर राकेश आदि के द्वारा बताया गया कि अब तुम्हारा घर भी नहीं है। सब बिक चुका है। थाना प्रभारी अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कोई कार्यवाई होगी।

### मालियत से तीन गुना कम में हुआ बैनामा

पीड़ित के द्वारा उपनिबंधक के वहां जमीन के बैनामे में धोखे से मालियत से 3 गुना कम दाम में बैनामा कराने की शिकायत भी की गयी है।

**अपनी मौसी के नाम करा दिया बैनामः** राकेश के द्वारा धोखे से अतिरिक्त साढे 11 डिसमिल जमीन का बैनामा अपनी मौसी लक्ष्मी देवी पत्नी रामसकल निवासी गौरखास के नाम ही करा दिया गया है।

# वृक्षारोपण का कार्य समय से करें पूरा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** वृक्षारोपण कराना शासन की प्राथमिकताओ में से एक है। मनरेगा मजदूरों को लगाकर गड्ढे खोदने की तैयारी अभी से कर लिया जाय। हीलाहवाली बर्दाश्त नही की जायेगी।

यह बातें बड़हलगंज विकासखंड के सभागार में खंड विकास अधिकारी घीसम प्रसाद ने कर्मचारियों की समीक्षा बैठक में गुरुवार को कही। वे बीडीओ आवास सर्वे, मनरेगा कार्यो में प्रगति, वृक्षारोपण आदि विकास कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। मनरेगा में धीमी गति से कार्य होने पर भीटी बाल, परसिया तिवारी, बेलसड़ी, कोल्हुआ, गायघाट गांवो के सचिव, तकनीकी सहायको व रोजगार सेवको को दस दिन के अन्दर मनरेगा कार्य में तेजी लाने की चेतावनी दी। इस दौरान सचिव कृष्णानंद शर्मा, वीरेंद्र कुशवाहा, अजय पान्डेय, योगेश तिवारी, दीपक मौर्य, योगेन्द्र सरोज, जेई जयराम तिवारी, रामबहाल, आशीष कुमार, अनुप सिंह, कैलाशपति, नीतू चौहान, मनीष, नन्दिनी तिवारी, दुर्गेश, अजीज, रंजना, सालिकराम मौजुद थे।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख पर चोरी का दर्ज केस निकला झूठा

## विवेचना निष्पादन के बाद वादी के खिलाफ 182 की कार्रवाई के लिए कोर्ट को भेजी गई रिपोर्ट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**चौरीचौरा।** चौरी चौरा क्षेत्र के विकास खंड सरदारनगर के पूर्व ब्लाक प्रमुख ईश्वर चंद जायसवाल के खिलाफ आज से 26 दिन पूर्व रायफल चोरी का लिखाया गया मुकदमा विवेचना के दौरान फर्जी पाया गया है । विवेचक ने जांच के बाद पीड़ित को मुकदमा का निष्पादन करते हुए वादी रमेश चंद जायसवाल के खिलाफ भादवि की धारा 182 के तहत कार्रवाई के लिए रिपोर्ट प्रेषित किया है ।

मालूम हो कि पूर्व ब्लाक प्रमुख ईश्वर चंद जायसवाल पुत्र भगवान दास जायसवाल बंगला नम्बर 11 इंदिरा बाल विहार गोरखपुर के खिलाफ विगत माह 1 जुन को वार्ड नंबर 11 मुंडेरा बाजार निवासी सर्राफा कारोबारी रमेश चंद जायसवाल द्वारा धारा 380 का

### वादी सर्राफा कारोबारी रमेश चंद्र जायसवाल के ऊपर धोखाधड़ी के दर्ज है कई मुकदमें

### वादी चोरी का कोई भी साक्ष्य पुलिस को नहीं दे सका

चौरीचौरा थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसकी विवेचना उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह द्वारा किया गया । करीब तीन सप्ताह तक चली जांच के बाद दर्ज मुकदमा झूठा पाया गया। पुलिस की जांच में मामला पारिवारिक विवाद का निकला। जिस रायफल चोरी का मुकदमा वादी ने दर्ज कराया था उसके खरीदने का साक्ष्य पुलिस को नहीं दे सका और न ही चोरी का कोई साक्ष्य दे सका। विवेचक ने मा न्यायालय को रिपोर्ट प्रेषित करते हुए वादी रमेश चंद जायसवाल के खिलाफ भादवि की धारा 182 की कार्रवाई के लिए अनुरोध किया है । वहीं पीड़ित पक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख ईश्वर चंद जायसवाल ने कहा कि हमने डीजीपी उतर प्रदेश को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग किया था। पुलिस ने जांच के दौरान पूरी शिकायत झूठी पायी है। सर्राफा कारोबारी रमेश चंद जायसवाल के ऊपर धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज है।अब पुलिस शिकायत कर्ता के खिलाफ मा न्यायालय को रिपोर्ट भेज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पूर्व प्रमुख ईश्वर चंद जायसवाल और सर्राफा कारोबारी ईश्वर चंद जायसवाल दोनों भाई है और काफी दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा है। इस बात को लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चा भी होने लगी है।

# बैंक से धोखाधड़ी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत**

**गोला।** गोला बाजार स्थित भारत फाइनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड सब्सिडीयरी इंडसइंड बैंक की शाखा से बैंक कर्मियों के मिलीभगत से ऋण लेकर जमा न करने की नियत से अपने पति को मृतक बताते हुए उनका मृत्यु प्रमाणपत्र जमा करा ऋण माफ कराने व पूर्व में जमा की गई किस्तों को डेथ पे अमाउंट के रूप में वापस लेकर फर्जीवाड़ा कराने वाले बैंक कर्मी अरूण कुमार पुत्र सुभाष प्रसाद निवासी सेमरा चन्दौली थाना श्याम देउरूवा जनपद महाराजगंज गोला को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। बैंक के प्रबंधक दिनेश कुमार ने अक्तूबर 2023 में शाखा के पूर्व प्रबंधक बृजेश कुमार सरोज व उनके पिता रामबली, निवासी कटुई विजया, थाना बिलरियागंज आजमगढ़ के खिलाफ तहरीर देकर शिकायत किया था कि आरोपियों ने समूह की कई महिला सदस्यों के पति को मृत दिखाकर उनके बीमा की रकम खुद हड़प ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू की, तब पता लगा कि फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाकर 644197 रुपये का गबन किया गया था। पुलिस ने गोला नगर पंचायत निवासी इस्लाम की पत्नी आशिया उर्फ आशा, वार्ड संख्या 21 निवासी नीरज जायसवाल की पत्नी राजकुमारी देवी, सुअरज गांव निवासी विनय कुमार मौर्य की पत्नी साधना व डेईडीहा गांव निवासी गौरीशंकर प्रजापति की पत्नी मोती देवी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में इन सभी के पति जीवित मिले थे। इस मामले मे कुशीनगर के अभय तिवारी, शाहपुर निवासी आशुतोष दूबे, देवरिया के खुखुंदु निवासी संजय गिरी, देवरिया के भलुआनी निवासी जय कुमार, झंगहा निवासी वारिस अंसारी, आशिया, राजकुमारी देवी, साधना देवी, मोती देवी व मालती देवी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकि है। रोजी, रेखा, गौतम कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल सिंह, बृजेश कुमार, संगम गौड़, कृष्ण कुमार, शबनम खातुन की तलाश जारी है।

# डीडीयू में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को मिलेगी नई दिशा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाने और अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बड़ी पहल की है। कुलपति ने विश्वविद्यालय के विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से जुड़े निदेशकों, समन्वयकों और शिक्षकों के साथ संवाद कर शिक्षा को छात्रोन्मुख और उद्योग-समर्थ बनाने पर जोर दिया।

प्रवेश प्रणाली से लेकर पाठ्यक्रम, प्रयोगशालाएं, भवन निर्माण और नवाचार तक कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। कुलपति ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ऐसी व्यवस्था बनाएगा, जहां छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण और अवसर मिल सकें। बैठक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रणाली को अधिक सुलभ, पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में सहमति बनी। साथ ही प्रचार-प्रसार, हेल्पडेस्क और तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर भी सुझाव सामने आए। कुलपति ने निर्देश दिया कि सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को उद्योग की मांग के अनुरूप अद्यतन किया जाए। इसके लिए इंटर्नशिप, केस स्टडी, लाइव प्रोजेक्ट और इंडस्ट्री एक्सपर्ट से सहयोग के विकल्प खोले जाएंगे। इंजीनियरिंग व फार्मेसी संस्थानों में नवीनतम उपकरणों से युक्त प्रयोगशालाएं विकसित करने की योजना बनाई गई है। वहीं, विधि एवं इंजीनियरिंग विभागों के लिए नए भवन निर्माण तथा विधि पुस्तकालय के डिजिटलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि डिप्लोमाधारक विद्यार्थियों को सीधे उच्च सत्रों में प्रवेश देने के लिए पार्श्व प्रवेश व्यवस्था (लेटरल एंट्री) लागू की जाएगी। इससे शिक्षा अधिक लचीली और व्यावसायिक छात्रों के लिए सुलभ बनेगी। कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से मान्यता दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अवसर मिल सके। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक पाठ्यक्रम विकास, शोध और छात्र मार्गदर्शन में और अधिक सक्रिय हों ताकि गोरखपुर विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर नवाचार आधारित शैक्षणिक संस्थान के रूप में पहचान मिले।



> संवाद सत्रों में मिले सुझावों के आधार पर हम विश्वविद्यालय को छात्र केंद्रित, उद्योग-समर्थ और आधुनिक अधोसंरचना से युक्त बनाएंगे। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना और छात्रों के भविष्य को संवारना हमारी प्राथमिकता है।
>
> **– प्रो. पूनम टंडन,** कुलपति, डीडीयू

# कम्बाइन हार्वेस्टर मैकेनिक बनने का सुनहरा मौका

**गोरखपुर।** राज्य कृषि विकास योजनांतर्गत कम्बाइन हार्वेस्टर मैकेनिकों का तकनीकी प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत गोरखपुर जनपद के प्रत्येक विकास खंड से एक-एक अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, रहमानखेड़ा में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस योजना का मकसद ग्रामीण युवाओं को कम्बाइन हार्वेस्टर के संचालन, रख-रखाव एवं मरम्मत का व्यावहारिक ज्ञान देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवास एवं भोजन, 20,000 मूल्य का टूलकिट, आने-जाने का किराया और प्रशिक्षण पूरी तरह व्यवहारिक एवं तकनीकी होगा। 10 जुलाई तक आवेदन उप कृषि निदेशक कार्यालय, कृषि भवन, चरगांव में जमा कर सकते हैं।

# माकड्रिल कर बताया बचाव के उपाय



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** मुक्तिपथ स्थित रामकवल शाही घाट पर सरयू नदी में माकड्रिल कर आपातकालीन स्थितियों जैसे नदी की बाढ़ में बचाव के उपाय बतायें गयें।

गुरुवार की सुबह 10 बजे सरयू नदी में नाव पलटने से चार लोग डूबने लगे। तत्काल एसडीआरएफ टीम सक्रिय हुई और नदी मे डूब रहे चारों व्यक्तियों को बचाकर किनारे लाई। एसडीएम अमित जायसवाल स्थिति पर लगातार नजर बनाये रहे। उन्होने लोगो को बताया कि बाढ़ के दौरान दुर्घटना होने पर तुरंत बाढ़ चौकी या कमांड पोस्ट को सूचित करे। नाव पर उसकी क्षमता के अनुसार ही लोग बैठे। इस दौरान विधायक राजेश त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, सीओ मनोज पांडेय, तहसीलदार कृष्ण कांत त्रिपाठी, कोतवाल चंद्रभान सिंह, अधीक्षक डा. अतुल कुमार गुप्ता, डा. राकेश गुप्ता, एसडीआरएफ टीम के लीडर एसआई नितेश कुमार, लिपिक सुनील कुमार मौजूद रहे।

# मच्छरों के आतंक से जनता परेशान

**कौड़ीराम।** एसी मे रहने वाले अधिकारी नहीं समझ पा रहे हैं जनता का दर्द। कौड़ीराम में जगह-जगह जल जमाव की वजह से मच्छरों का आतंक इतना बढ़ गया है की जनता की रात की नींद हराम हो गई है रात भर ग्रामीण सो नहीं पाते हैं उन्हें रात भर मच्छर मारना पड़ता है। विकासखंड कौड़ीराम और अन्य विभागों के द्वारा दवा का छिड़काव किया जाता था जिससे मच्छर मक्खी समेत अन्य कीड़े मर जाते थे और ग्रामीणों को काफी राहत मिलती थी लेकिन पिछले कई वर्षो से कोई छिड़काव नहीं हुआ मलेरिया विभाग भी इसमें चुप्पी साधा है विकासखंड के अधिकारी भी इस मामले में छुपी साथ लिए हैं।

# पति, सास व देवर पर हत्या का केस दर्ज

**बड़हलगंज।** थाना क्षेत्र के बैदौली गांव मे चार दिन पूर्व विवाहिता लाली देवी पत्नी संदीप कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मृतक की मां चंपा देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति संदीप कुमार, सास शारदा देवी, देवर दिलीप व विरेंद्र कुमार तथा एक अन्य रामकिशुन के खिलाफ 85, 80(2), 362 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम 3 व 4 के तहत केस दर्ज किया है। पीड़ित चंपा देवी निवासी धौरहरा, गोला ने तहरीर में कहा है कि 06 दिसंबर 24 को बैदौली निवासी सुटन प्रसाद के पुत्र संदीप कुमार से किया था। चार दिन पूर्व 22 जून को दिनदहाड़े दहेज की बात को लेकर उक्त लोगों ने गला दबा कर मार दिया।

# पवहारी महाराज ने किया छाया कुंज का लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** चरण पादुका कुटी के शिव मंदिर स्थित पवहारी महाराज के गद्दी पर नगर पंचायत द्वारा निर्माण कराए गए छाया कुंज का श्री श्री 108 अष्टम पवहारी श्री कौशलेंद्र दास जी महाराज ने चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी व चेयरमैन प्रीति उमर के साथ लोकार्पण किया।



गुरुवार को चरण पादुका कुटी पर पवहारी महाराज जी के गद्दी पर नगर पंचायत द्वारा निर्माण कराए गए छाया कुंज का लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि नगर पंचायत द्वारा चरण पादुका में दिन प्रतिदिन नए नए विकास के कार्य कराए जा रहे हैं जो अच्छे चेयरमैन के कुशल नेतृत्व को दर्शाता है। विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि चेयरमैन प्रीति उमर व उनके प्रतिनिधि महेश उमर की देखरेख में हर वार्ड में तेजी से कार्य हो रहा है। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि रथ यात्रा मेला के दौरान अक्सर बारिश में पवहारी महाराज जी को भीगना पड़ता था, उन्हें बांस बल्ली के सहारे पन्नी का टेंट डालना पड़ता था, इसी समस्या को देखते हुए नगर पंचायत ने छाया कुंज का निर्माण कराया है। इस दौरान ईओ राम समुख, सभासद रवि साहनी, दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, ऋषि चंद, स्वतंत्र सिंह, श्रीकांत सोनी, अष्टभुजा सिंह, अमरनाथ उमर, कृष्णा गुप्ता, राजेश, अभिषेक श्रीवास्तव, रमेश शाही, सुरेश उमर, अतुल शाही सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें। चरण पादुका कुटी पर आगंतुकों के लिए नगर पंचायत की तरफ से वॉटर कूलर लगवाया गया है, जिसका चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी व चेयरमैन प्रीति उमर ने लोकार्पण किया। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के शुद्ध ठंडा जल मिल सके इसके लिए नगर पंचायत ने वॉटर कूलर लगवाया है।

# अपनी पहचान के लिए भटक रहा नपं का बारात घर

## नौ साल में नहीं हुई एक भी शादी की बुकिंग, उपेक्षित बारात घर पर अवैध कब्जा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पिपराइच।** नगर पंचायत के वर्तमान वार्ड नंबर चार रविदास मंदिर परिसर में वर्ष 2016 में सुसज्जित बारात घर बना । अपने भाग्य पर आंसू बहा रहे बारात घर का न कभी बुकिंग हुई। नहीं उसकी रंगाई पुताई या मरम्मत कराया गया। इस लाभ उठाते स्थानीय कुछ लोग ताला तोड उसमें वर्षों से अवैध रूप से कब्जा कर रह रहे हैं। विभाग के लोगों को इसकी जानकारी तक नहीं है।



इस बारे में रविदास मंदिर समिति के अध्यक्ष राम नयन प्रसाद ने बताया कि 2015-16 करीब 29 लाख रुपए से यह बारात घर बना। देख रेख की जिम्मेदारी नगर पंचायत ने समिति को सौंपा गया। लेकिन इसका न तो कोई केयर टेकर नियुक्त हुआ न ही नगर पंचायत ने कभी रंगाई पुताई, सफाई या मरम्मत का काम कराया। रास्ते के अभाव में कभी भी इसकी बुकिंग तक नहीं हुई। कभी कभी कभार दलित बस्ती के बाराती के सोने आदि के काम जरूर आ जाता है। दलित बस्ती की धनावती देवी ने बताया जब बना तो खुशी हुई। लेकिन जबसे बना तबसे अबतक सभासद आदि कोई इसके रखरखाव की सुध नहीं ली। कई सालों से कमरा खोल कर कुछ लोग जबरन अपना घर बसा लिए है। इस बारे में सभासद व्यास मुनि गुप्ता ने बताया कि जबसे हम सभासद बने हैं उसके पहले से ही हरिजन बस्ती के लोग अवैध कब्जा किए हुए हैं। शिकायत के बाद भी नपं के जिम्मेदारों के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है। ईओ संजय सरोज ने बताया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है कल आकर समुचित कार्रवाई कराते हैं।

# बीडीओ गौशाला निरीक्षण में खामियों पर सचिव को लगाई फटकार

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ़ बीडीओ विजय शंकर मणि त्रिपाठी और पशु चिकित्साधिकारी वीरेन्द्र उमराव द्वारा बुढ़ियापुर एवं पूरे बीरबल गौशाला का निरीक्षण किया।बुढियापुर गौशाला के निरीक्षण में कुल 255 गोवंश पाए गए।पेयजल एवं चारा भूसा प्रचुर मात्रा मे उपलब्ध है।पूर्व के दिनों में गौशाला निरीक्षण में यह पाया गया था कि गौशाला के प्रांगण में बरसात के दिनों मे जल भराव की समास्या उत्पन्न हो सकती है जिसके लिए मिट्टी भराव की आवश्यकता है।मिट्टी भराव का कार्य प्रगति पर है।इसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।भूसा घर की दीवार पूरी हो चुकी है परन्तु उस पर टिन सेड लगाया जाना शेष है।इसके लिए सचिव ग्राम पंचायत को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया गया कि पॉच दिवस के अन्दर इसे पूर्ण कराएं अन्यथा की दशा में आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।इसी प्रकार ग्राम पंचायत पूरेबीरवल की गौशाला के निरीक्षण मे चारा भूसा पेयजल साफ सफाई संतोषजनक पाया गया।गौशाला में सिक वार्ड निर्मित नहीं पाया गया।जिसके लिए ग्राम पंचायत सचिव को फटकार लगाते हुए,सिंक वार्ड का कार्य तत्काल प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया।बैठक कक्ष में दरवाजा नहीं लगा हुआ है तथा छत टपक रही है।जिसे तत्काल दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया।बरसात के समय में गौशाला प्रांगण में जल भराव की समास्या को दूर करने तथा गौशाला गेट पर राईटिंग करने का निर्देश दिया गया।

## दुराचार आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना पुलिस ने दुराचार मामले मे फरार आरोपी राज यादव पुत्र राम औतार निवासी उमरिया मजरा नौढिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## चोरी की चार मोटर साईकिल के साथ दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** देल्हूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राधेबाबू मय हमराह उपनिरीक्षक मार्कण्डेय यादव,अतुल यादव,हरेंद्र सिंह, राम निवास यादव आदि मुखबिर खास की सूचना और चेकिंग दौरान दो संदिग्ध बाईक सवार रवि कुमार ऊर्फ ननके पुत्र पप्पू, सोनू पटेल पुत्र लल्लू राम पटेल निवासीगण ग्राम तक का पुरवा थाना सोरांव प्रयागराज को चोरी की चार मोटर साईकिल कूट रचित नम्बर प्लेट लगी हुई के साथ विभिन्न स्थानों से मोटर साईकिल बरामद किया गया।सोनू ने बताया कि अपने साथी रवि कुमार के साथ मिलकर नूरपुर में शादी से चुराया था।देल्हूपुर थाना सीमा और मऊआइमा सीमा नहर से सुनसान जगह पर झाड़ियों में छुपाया था।पुलिस ने उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बंध मे थाना हाजा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# भूमाफियाओं के खिलाफ किसानों का कलेक्ट्रेट परिसर में दस दिनों से अनशन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** योगी सरकार मे गुंडा-माफियाओं पर ताबड़तोड़ कार्यवाही हो रही है,वहीं दूसरी तरफ सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा और स्कूल बनाने के लिए मिली दान की जमीन पर स्कूल बनाने की बजाय उस जमीन को करोड़ों मे प्लाटिंग करके बेचने वालों पर कोई कार्यवाही न होने से नाराज किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर मे 16 जून से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे हुए है।अफ़सोस है कि लोकतांत्रिक देश में दस दिनों से अनशन करने वाले किसानों की जिला प्रशासन ने सुधि नही ली है,सिर्फ एलआईओ हाल चाल ले रही है।अनशन पर बैठे किसानों ने बताया कि कोई भी अधिकारी उनकी व्यथा सुनने नही आया है और दस दिन बीत गए हैं।बता दें कि कुंडा तहसील अन्तर्गत संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नरई ग्राम पंचायत के किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर मे 16 जून से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं,उनका कहना है कि ग्राम पंचायत नरई की लगभग 19 बीघा से अधिक जमीन तत्कालीन ग्राम प्रधान आदि ने स्कूल बनाने के लिए एक बाबागंज के जूनियर हाईस्कूल संस्था को दान दे दिया गया

# मोहम्मदपुर कला के राप्ती नदी के घाट पर मॉकड्रिल हुई सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत,श्रावस्ती,** । सू0वि0। सम्भावित बाढ़ को देखते हुए कुशलता के साथ बाढ़ पीडितों का बचाव करके सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना तथा तत्काल राहत देने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है। जिसके तहत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में तहसील भिनगा के अन्तर्गत ग्राम मोहम्मदपुर कला में राप्ती नदी के घाट पर मॉकड्रिल सम्पन्न हुई। यह पूरी कार्यवाही आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उ0प्र0 द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार करायी गई। मॉकड्रिल अभ्यास का मुख्य उद्देश्य तैयारी का मूल्यांकन करना और उसे बेहतर बनाना, बचाव हेतु मशीनरी और संबंधित राहत में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों के आपसी समन्वय का मूल्यांकन करना है। इसके अलावा एस0डी0आर0एफ0 टीम द्वारा राप्ती नदी में डूबते हुए व्यक्ति को बचाने की मॉकड्रिल की गई, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गयाइस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़से बचाव हेतु आज जनपद की तीनों तहसीलों में मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें व्यक्तियों के बाढ़ में डूबने से लेकर राहत सामग्री पहुंचाने तक का पूर्वाभ्यास किया गया है। उन्होने बताया कि बाढ़ से बचाव हेतु युद्धस्तर पर सभी तैयारियां की जा रही है। जिसमें उचित स्थानों पर बाढ़ शरणालय बनाये गये है। सभी बाढ़ चौकी प्रभारियों एवं चौकी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को ड्यूटी पर सक्रिय रहने के निर्देश दिये गये है। प्रत्येक बा? चौकी पर बरसात में होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु दवाओं के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम भी लागायी गयी है। इसके अलावा जिला स्तर पर कन्ट्रोलरूम का संचालन भी किया जा रहा है।उन्होने बताया कि मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य राहत के लिए की गई तैयारियों का मूल्याकंन करना है कि हम कैसे बाढ़ पीड़ितों को समय रहते बाढ़ के पानी से बचा सकते है।

## खबर एक नजर

### पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आगामी त्याहारों के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत,श्रावस्ती,** । सू0वि0। आगामी त्योहारों में श्रावण मास, कांवड़ यात्रा, मोहर्रम एवं कजरी तीज को दृष्टिगत रखते हुए शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में सम्बन्धित नोडल अधिकारियों एवं पुलिस के अधिकारियों के साथ कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन सभी त्योहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। त्योहारों के दौरान कोई भी नई परम्परा कायम करने की कोशिश नही की जायेगी। जिससे अमन-चैन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो। यदि कोई भी व्यक्ति अमन-चैन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया जाए, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी जुलूस के दौरान भ्रमणशील रहेंगे। कोई भी अधिकारी अपने कार्यालय में नहीं रहेगा।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के राय काशीपुर निवासी कुलदीप सरोज पुत्र बैजनाथ सरोज सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर अपलोड करता था।बीते बुधवार की शाम उसने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया,जिस पर उसे इलाज के लिए लखपे?ा बाजार स्थित निजी चिकित्सालय ले जाया गया।जहां हालत गंभीर देख उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया।प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।परिजनों ने गुरुवार को बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### हत्या के प्रयास में दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना के खाखापुर में 5 जून को वादी के पुत्र पर जानलेवा हमला करने के मामले मे थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी विपिन प्रजापति पुत्र पृथ्वी पाल, मनीष प्रजापति पुत्र स्व हरीशचंद्र निवासीगण खाखापुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### डीएम एवं एसपी ने आगामी त्योहार को लेकर धर्मगुरुओं के साथ की बैठक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** पुलिस लाईन परिसर स्थित सभागार मे आगामी त्योहार को लेकर डीएम शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने धर्मगुरुओं,समाजसेवियों प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक कर मिलजुलकर आपसी प्रेम सद्भाव और भाई चारा के साथ मिलकर मानने की अपील की।

### महिला ने देवर पर अश्लीलता का लगाया आरोप

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव निवासिनी एक महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह अपने पशुशाला से सुबह 5 बजे गोबर हटा रही थी इसी दौरान उसकी देवरानी व देवर बिना किसी कारण के उसे मारने पीटने लगे।हल्ला गुहार पर पहुंचे उसके पति ने विवाद को शांत कराया। लेकिन सुबह 6 बजे उसका देवर मां बहन की गालियां देते हुए उसके घर पहुंच गया और उसके साथ मारपीट करने लगा।इसी बीच महिला का आरोप है कि उसका देवर उसके साथ अश्लीलता हरकतें भी करने लगा। महिला के हल्ला गुहार पर पहुंचे लोगों के कारण उसकी जान बच सकी।पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### दुकान से चोरों ने उड़ाए नगदी

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना के हरबसपुर निवासी अशोक कुमार यादव पुत्र बृज लाल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि घटना 26 जून की रात की है।मै और मेरा भाई बिहार बाजार मे फोटो कापी और चाय की दुकान करते है।दुकान में पीछे के रास्ते बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने घुसकर बक्से में रखा नगदी और गल्ले मे रखा नगदी उठा ले गए है।पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### युवती का अपहरण करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र की एक वादिनी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले मे थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी सलमान पुत्र मो सलीम निवासी हुसैनपुर थाना रानीगंज, फरहान पुत्र वाजिद अली निवासी सिकंदरा थाना बहरिया प्रयागराज व एक अभियुक्ता को बड़हुआ मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग बघेल ताल को बनाएगा इको पर्यटन हब : जयवीर सिंह

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने बहराइच जनपद स्थित बघेल ताल (बघेल झील) को इको पर्यटन के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम ब?ा दिए हैं। यह आर्द्रभूमि (वेटलैंड) बहराइच-गोंडा मार्ग पर पयागपुर के दक्षिणी छोर के पास स्थित है। बघेल ताल अपनी प्राकृतिक जैव विविधता के लिए विख्यात है। अब इसे पर्यावरणीय संतुलन और पर्यटन की दृष्टि से पुनर्जीवित किया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग 02.20 करो? रुपए की लागत आएगी।

यह जानकारी उ0प्र0 के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया, बघेल ताल उत्तर प्रदेश के सबसे ब? वेटलैंड्स में से एक है। इस परियोजना के माध्यम से झील के पारिस्थितिकी तंत्र (इको सिस्टम) को संरक्षित रखने के साथ-साथ पर्यटन की आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और इको टूरिज्म को ब?ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि तकरीबन 51 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला बघेल ताल कभी प्रवासी पक्षियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र था।

# एक ही परिवार के मां,बेटा और बहू की संदिग्ध मौत



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत होने से पुलिस अधिकारी भी परेशान हो उठे।तीनों शव के पास से मिठाई का डिब्बा और आम बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।उन्होंने घटना के सभी पहलुओं पर छानबीन करने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम गठित किया है।पुलिस इस बात का भी पता लगाने में जुटी है कि घर में वह रहस्यमई मिठाई कहां से आई है,जिसके खाने से तीन लोग की मौत होने का संदेह उठ रहा है।लीलापुर थाना क्षेत्र की प्रसिद्ध बाजार सगरा सुंदरपुर का है।यहां रायबरेली जिले का निवासी 28 वर्षीय अंकित पटवा अपनी 24 वर्षीय पत्नी रिया और 48 वर्षीय मां आशा देवी के साथ ननिहाल में रहता था।सगरा सुंदरपुर मुख्य बाजार मे उसका घर था।घर के निचले तल में उसने कास्मेटिक की दुकान खोल रखी थी और प्रथम तल पर परिवार के साथ रहता था।बताते है कि गुरुवार 26 जून की सुबह प्रथम तल के एक कमरे मे अंकित उसकी पत्नी रिया और मां आशा का शव पाया गया।अंकित और उसकी पत्नी का शव बिस्तर पर था और मां आशा का शव फर्श पर पड़ा था।पुलिस के छानबीन में कमरे में मिठाई का डिब्बा और आम मिला है।मिठाई का डिब्बा खुला था,इससे आशंका जताई जा रही है कि मिठाई में ही कुछ मिला हुआ हो सकता है जिसके खाने से तीनों की मौत हुई है।

## पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक को खैरीघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच** तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत थाना खैरीघाट पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में एएसपी ग्रामीण व सीओ महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट सूरज कुमार के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आज 26 जून 2025 को नानपारा बाईपास बहराइच से समय करीब 08.05 बजे मु0अ0सं0 295/2025 धारा - 137(2)/65(1)/87 बीएनएस व 3/4(2) पास्को एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त 1.कमलेश गौतम पुत्र कोयली प्रसाद नि0बक्सीगांव गोविन्दपुर पण्डित थाना नवाबगंज जनपद बहराइच को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों / निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया ।

# अज्ञात 21 वर्षीय महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**(फरिहा) आजमगढ़ ।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा चौकी अंतर्गत फरिहा गांव में मसूद के ट्यूबवेल पर रह रही अज्ञात 21 वर्षीय महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में बृहस्पतिवार की सुबह शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । जानकारी के मुताबिक फरिहा गांव निवासी मसूद का ट्यूबवेल गांव से बाहर और निजामाबाद जाने वाली सड़क के समीप स्थित है जहां पर भीख मांगने वाले बंजारे महिला और पुरुष एक साथ बरसात के मौसम में अपना डेरा डालकर रह रहे थे कि बीती रात संदिग्ध परिस्थिति में 21 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई मौके मौके पर से पुरुष गायब मिला पर लोगों की भीड़ जमा हो गई ट्यूबवेल का देखरेख करने वाला मिट्ठू ने बताया कि देर शाम दोनों लोगों को ट्यूबवेल से जाने के लिए भी कह दिया गया था लेकिन बरसात का हवाला देकर पुरुष और महिला रुक गए जबकि सुबह लोगों ने देखा कि महिला का शव पड़ा हुआ है लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर चौकी इंचार्ज फरिहा अनिल कुमार सिंह ,थाना अध्यक्ष निजामाबाद, सीओ सदर आस्था जायसवाल ,एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ,सहित फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया ।वहीं कुछ दूरी पर 50 की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे बाराबंकी के रहने वाले बंजारे किस्म के लोग डेरा डालकर भीख मांगते हैं पुलिस ने शक के आधार पर लगभग दर्जनों की संख्या में पुरुषों को पूछताछ के लिए चौकी पर ले आई है द्य इस संबंध में पूछने पर चौकी इंचार्ज फरिहा अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध है जब तक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता है कि हत्या है या आत्महत्या ।

# परियोजना निदेशक ने किया ग्राम पंचायतों की शिकायतों का स्थलीय जांच

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** बाबागंज विकासखंड की ग्राम पंचायत टांडा की रामरती जायसवाल पत्नी बृजलाल जायसवाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी प्रभु नाथ प्रसाद द्वारा शिकायतकर्ता को आवास नहीं दिया गया।जिसका स्थलीय जांच करने पर मौके पर दो-दो पक्का मकान पाया गया।साथ ही पाया गया कि शिकायतकर्ता महिला के दो बेटे है जो अविवाहित है और साथ ही वह शहर में प्राइवेट नौकरी करते है।इसी तरह से ग्राम पंचायत रघुवर मे इंटरलॉकिंग निर्माण में अनियमितता की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि इंटरलॉकिंग निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है।जिसकी स्थलीय जांच के दौरान शिकायतकर्ता मौके पर नहीं आया।दूरभाष से संपर्क करने के दौरान वह शिकायत करने से इनकार कर दिया।खनवारी एवं सराय छत्ता ग्राम पंचायत में निराश्रित गौवंश की मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच में पहुंचे परियोजना निदेशक डीआरडीए अतिरिक्त मनरेगा नोडल अधिकारी अतिरिक्त प्रभार दया राम यादव के द्वारा शिकायतकर्ता से सम्पर्क किया गया तो वह मौके पर नहीं आया।सराय छत्ता ग्राम पंचायत का शिकायतकर्ता रामू सरोज पुत्र बाबूलाल से मौके पर आने को कहा गया तो वह मौके पर नहीं आया।साथ ही खनवारी ग्राम पंचायत में परियोजना निदेशक द्वारा निराश्रित गौवंशो को गौशाला भेजवाने की बात कही गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैंक अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** आगामी 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ आमजन को दिलाये जाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के निर्देश पर सिविल कोर्ट सभागार में अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, लोक अदालत बहराइच अरबिंद कुमार गौतम व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई जिसमें लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार मसन्द तथा विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबन्धक मौजूद रहे।नोडल अधिकारी श्री गौतम द्वारा समस्त शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि अधिकाधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाये। साथ ही समस्त शाखा प्रबन्धकों से पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से अधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों का निस्तारण इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जाने की अपेक्षा की गयी।

# नाबालिग से दुष्कर्म का वांछित आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत बहराइच रुपईडीहा।** जनपद बहराइच के थाना रुपईडीहा क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म कर फरार चल रहे आरोपी को स्वॉट टीम व रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर व एक फायरशुदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी नानपारा के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।थाना प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रावत ने बताया कि थाना रुपईडीहा क्षेत्र में एक 13 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। इस मामले में आरोपी अजमेर पुत्र गुलाम वारिश निवासी बढ़ैया, अड़गोड़वा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुखबिर की सूचना पर स्वॉट और रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने नेपाल सीमा से लगे पचपकड़ी गांव में आरोपी की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर देसी तमंचे से जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। उसे तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

# इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट में भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा समिति की अहम बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत रुपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) रुपईडीहा में बृहस्पतिवार को भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा, अपराध नियंत्रण,मादक पदार्थों सहित अन्य तस्करी और समन्वय को मजबूत करना था।बैठक में मित्र राष्ट्र नेपाली जिला बर्दिया के जिलाधिकारी सुरेंद्र पौडेल, नेपाली पुलिस के डीएसपी चक्र डम्बर पाल, आर्म्ड पुलिस फोर्स के एसपी मान बहादुर शाही, बांके जिले के जिलाधिकारी धर्मराज जोशी, एसपी राम प्रसाद घर्ती व ए पी एफ के एसपी शोभाकांत खनाल, तथा भारत की तरफ से बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, उपजिलाधिकारी नानपारा लालधर यादव,पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह, क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हर्षिता तिवारी, एसएसबी 42वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत सहित अनेकों अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों की तस्करी तथा सीमा पर होने वाली अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस रणनीति पर चर्चा की गई।दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमावर्ती थाना स्तर पर निरंतर संवाद बनाए रखने, संयुक्त गश्त बढ़ाने, खुफिया सूचना साझा करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

# अधिवक्ताओं ने फर्जी चार्जशीट मामले में तीसरे दिन भी किया तालाबंदी



**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।** अधिवक्ताओं के विरुद्ध फर्जी चार्जशीट भेजने के मामले में लगातार तीसरे दिन भी पट्टी तहसील के अधिवक्ता तहसील के मेन गेट पर तालाबंदी कर हड़ताल जारी रखा।पट्टी बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने लगातार तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रखा।अधिवक्ताओं का कहना है कि हम अपने अधिवक्ता बंधुओं के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।हम सभी अधिवक्ता एकजुट होकर तब तक विरोध और तालाबंदी जारी रखेंगे जब तक कि हमें न्याय नहीं मिल जाता।बार महामंत्री प्रमोद सिंह ने कहा कि जब तक फर्जी चार्जशीट वापस नहीं मंगाई जाती तब तक हम सब न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।इस मौके पर अधिवक्ता दिनेश सिंह शिवाकांत पांडे आशीष तिवारी विकास तिवारी हरिशंकर सिंह बिंदेश्वरी पाठक चंदन सिंह भूपेश प्रताप सिंह रविंद्र प्रताप सिंह राजकुमार वर्मा मनीष तिवारी प्रदीप पाठक इंद्रमणि तिवारी वैभव सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

## त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के संरक्षा और सुरक्षा विभाग विशेषांक का विमोचन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने कहा कि संघ की राजभाषा नीति को लागू करना हम सबका संवैधानिक कर्तव्य और कानूनी दायित्?व है। हिंदी का प्रयोग-प्रसार प्रेरणा और प्रोत्साहन की नीति द्वारा किया जाना अपेक्षित है, साथ ही सरकार और रेलवे बोर्ड के आदेशों और दिशा निर्देशों के पालन में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। राजभाषा कार्यान्?वयन से संबंधित राजभाषा के विभिन्?न प्रावधानों को लागू कराने के लिए पूरी तत्?परता से कार्रवाई की जानी चाहिए। उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने इस बात पर विशेष बल देते हुए कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित राजभाषा के विभिन्न प्रावधानों को लागू कराने के लिए राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का शत-प्रतिशत अनुपालन एक अनिवार्य एवं सर्वोपरि दायित्व है और मूल पत्राचार, अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर, डिक्टेशन, नोटिंग और निरीक्षण जैसे विषयों में लक्ष्य के अनुसार हिंदी का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। जोशी ने उपस्थित प्रधान विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि अधिकारियों द्वारा सभी प्रकार की अधिकाधिक निरीक्षण रिपोर्टें हिंदी में जारी की जाएँ, संबंधित कार्यालयों में राजभाषा प्रगति से संबंधित निरीक्षण किए जाएँ तथा निरीक्षण रिपोर्टों में इसका उल्?लेख किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभागों, मंडलों और कारखानों द्वारा उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट पर अपने लिंक में सभी सूचनाएं हिंदी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराई जाएँ तथा इन सूचनाओं को दोनों भाषाओं में एक साथ अपडेट कराया जाए। महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने कहा कि मंडलों द्वारा सुनिश्चित किया जाए कि स्टेशनों पर यात्री एवं ग्राहक सेवा और सुविधाओं से संबंधित सूचनाओं तथा अन्?य सभी मदों, विशेष रूप से सभी इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले सूचनाओं, कोच गाइडेंस सिस्टम आदि में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का अनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाए तथा इन्हें किसी भी स्थिति में केवल अंग्रेजी में न प्रदर्शित किया जाए।

उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने उत्?तर मध्?य रेलवे के मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक बसंत कुमार शर्मा के काव्य संग्रह 'ढाई आखर' को रेलवे बोर्ड के मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर उन्हें बधाई दी। जोशी ने हाल ही में रेलवे बोर्ड में आयोजित कार्यक्रम में राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य के लिए रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किए गए प्रयागराज मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) नवीन प्रकाश को भी बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कार्य अध्ययन अधिकारी संतोष कुमार वाजपेयी को हिंदी मे उत्कृष्ट कार्य के लिए रेलवे बोर्ड व्यक्तिगत नकद पुरस्कार का प्रमाण पत्र प्रदान किया। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक जोशी ने मुख्?यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के संरक्षा और सुरक्षा विभाग विशेषांक का विमोचन किया।

बैठक में मुख्?य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी जी. सी. एस. बोरा ने समिति के अध्यक्ष महाप्रबंधक और सभी सदस्यों का स्वागत किया और राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए किए गए कार्यों और हासिल उपलब्धियों से अवगत कराया। जी. सी. एस. बोरा ने बताया कि वर्तमान तिमाही में दो हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिसमें कुल 63 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मुख्यालय और मंडलों में हिंदी कुंजीयन प्रशिक्षण कार्यशाला एवं टेबल ट्रेनिंग आयोजित की गई है, जिनमें कर्मचारियों को कंप्?यूटर पर यूनिकोड हिंदी फांट में काम करने का गहन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। तिमाही के दौरान 139 कर्मचारियों को सरकार की राजभाषा नीति तथा संवैधानिक प्रावधानों और प्रोत्?साहन योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्?हें अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने के लिए अभिप्रेरित किया गया। जी. सी. एस. बोरा ने कहा कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, आगरा में यांत्रिक शाखा में किए जा रहे कार्यों की राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई तथा इन शाखाओं में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।। वर्तमान माह के दौरान झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर वैगन मरम्मत कारखाना, झाँसी में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया तथा कारखाना की राजभाषा पत्रिका 'रेल मंजूषा' का प्रकाशन किया गया।

बैठक में अपर महाप्रबंधक जे. एस. लाकरा और सभी प्रधान विभागाध्?यक्ष एवं अन्?य अधिकारीगण उपस्थित थे। मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक, कारखानों के मुख्?य कारखाना प्रबंधक एवं अन्?य सदस्य अधिकारियों ने बैठक में ऑनलाइन सहभागिता की। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालयों में हो रही राजभाषा प्रगति से महाप्रबंधक को अवगत कराया। बैठक का संचालन वरिष्?ठ राजभाषा अधिकारी चन्?द्र भूषण पाण्?डेय द्वारा किया गया तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी (पी यू) डॉ. स्वामी प्रकाश पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गंगा घाट पर पक्का पुल पास होने पर आनंद को मिली बधाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उरुवा प्रयागराज।** मांडा क्षेत्र को गंगापार से जोड़ने के लिए जनप्रतिनिधियों, नेताओं ने लम्बा संघर्ष किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पक्का पुल की घोषणा कर नेताओं के संघर्ष को सफल बना दिया। गुरुवार को भाजपा नेता आनंद चौबे के नहवाई निवास पर स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर आनंद का स्वागत कर पुल पास कराने में उनके संघर्ष की सराहना करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिव तिवारी, विक्की तिवारी विवेक मिश्रा, शिव नारायण मिश्रा, आशुतोष तिवारी टिंकू, सुब्बा लाल प्रजापति, राजा पांडेय, धीरज मिश्रा, आशीष सिंह, शैलेंद्र तिवारी सहित तमाम क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



## मेजारोड में एनसीआरएमयू के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का हुआ स्वागत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा, प्रयागराज।** नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन(एनसीआरएमयू) प्रयागराज मंडल के मिर्जापुर शाखा कमेटी की बैठक में पिछले दिनों हुए चुनाव में सर्वसम्मति से गिरीश कुमार मिश्रा को अध्यक्ष, बृजमोहन प्रजापति को कार्यकारी अध्यक्ष, प्रशांत जायसवाल को सहायक शाखा सचिव,एसके अकेला को शाखा सचिव, रमेश प्रजापति को संयुक्त शाखा मंत्री व सर्वेश यादव को शाखा उपाध्यक्ष चुना गया था।

गुरुवार को मेजारोड रेलवे स्टेशन पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का रेलवे कमिन्यों ने स्वागत समारोह कार्यक्रम में कर बधाई दी। नव नियुक्त शाखा अध्यक्ष गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि रेल कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एनसीआरएमयू पहले से आंदोलन करती आ रही है। आगे भी कर्मचारियों के हित के लिए लड़ाई जारी रहेगी। श्री मिश्रा ने कहा कि संगठन में होना बड़ी बात नहीं होती संगठन के लोगों के साथ बुरे वक्त में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहना ही संगठन है। सहायक शाखा सचिव प्रशांत जायसवाल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहां कि संगठन की मजबूती और विस्तार का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा संगठन से जुड़े पदाधिकारी को अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है उसके लिए आधी रात को मेरे घर का दरवाजा खुला है। स्वागत समारोह के दौरान संगठन के पदाधिकारी व रेलवे विभाग के दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।



## आपातकाल की भयावहता पर प्रदर्शनी व सेमिनार आयोजित, राज्यसभा सांसद ने किया उद्घाटन





**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशांबी।** कौशांबी नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय में आपातकाल के काले अध्याय पर आधारित प्रदर्शनी और सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया मौजूद रहे।

प्रदर्शनी और सेमिनार का उद्देश्य 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की लोकतंत्र विरोधी नीतियों को उजागर करना था।

सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि देश में आपातकाल लगाने के पीछे न कोई युद्ध की स्थिति थी और न ही कोई बाहरी आक्रमण। यह केवल सत्ता की लालसा थी जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को संविधान की आत्मा को कुचलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने चुनाव में दोषी ठहराए जाने के बाद इस्तीफा देने के बजाय पूरे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने का षड्यंत्र रचा।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार ने उस समय कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका जैसे लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को बंधक बनाकर सत्ता के समक्ष घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला करते हुए बड़े-बड़े अखबारों की बिजली काट दी गई, सेंसरशिप थोप दी गई और सैकड़ों पत्रकारों को जेल भेज दिया गया। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने उस दौर में एक परिवार को संविधान से ऊपर रखा और आज भी वही परंपरा जारी है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के इर्द-गिर्द घूमती कांग्रेस आज भी सत्ता की चाभी सिर्फ खानदानी जेब में रखती है। आपातकाल के दौरान संविधान में संशोधन कर धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़े गए ताकि कांग्रेस अपना वैचारिक एजेंडा राष्ट्र पर थोप सके।

उन्होंने कहा कि इस संशोधन के जरिए आपातकाल की अवधि बढ़ाई गई और राष्ट्रपति को बिना संसद की पूर्व मंजूरी के आपातकाल लगाने का अधिकार दिया गया।

इस अवसर पर निवर्तमान सांसद विनोद कुमार सोनकर, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, राज्य महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता जयचंद्र मिश्र, मंझनपुर विधायक लाल बहादुर, बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय, चक्रेश मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री संजय जायसवाल, सह संयोजक व जिला मंत्री शीलू पाण्डेय वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष भरवारी कविता पासी, मंझनपुर अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज फौजी, चेयरमैन अजुहा शांति कुशवाहा, राजेंद्र कुमार भोला यादव सहित ङलोकतंत्र सेनानी अधिवक्तागण, मंडल अध्यक्षगण एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें अतीत की गलतियों से सबक लेकर अपने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए।

## पशुओं को गलाघोंटू से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान 30 जुलाई तक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उरुवा प्रयागराज।** गाय-भैंस को गला घोंटू बीमारी से बचाने के लिए पशु विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों में टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। गुरुवार को क्षेत्र के उपरौड़ा लोहारी व बेदौली गांव में पशुओं को टीका लगाया गया।

उल्लेखनीय है कि हर वर्ष पशुओं की जान गला घोंटू बीमारी से चली जाती है, इससे बचाव के लिए टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है।

पशुओं को एक बार टीका लगाने के बाद साल भर बीमारी से सुरक्षित रहते हैं। पशुपालन विभाग की ओर से निःशुल्क अभियान चलाया गया है।

यह अभियान 30 जुलाई तक विकास खंड उरुवा के 66 ग्राम पंचायतों में चलेगा।

इसके लिए पशु मित्र व वैक्सिनेटर व सहायक वैक्सिनेटर को लगाया गया है। पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर सत्यप्रकाश ने बताया कि पशुओं में गलाघोंटू एक गंभीर रोग है, यह रोग भैंस में अधिक पाया जाता है।

इस रोग से पशुओं की श्वांस नली में इंफेक्शन हो जाता है जो जानलेवा साबित होता है। इस रोग से पशुओं को बचाने के लिए टीकाकरण जरूरी है। उन्होंने बताया कि अब तक तीन ग्राम पंचायतों के आज उपरौडा में जानकारी मिलने तक 287 पशुओं को टीका लगाया जा चुका है।

**रोग ग्रस्त पशुओं को अलग रखें-** पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर सत्यप्रकाश ने गोपालको से कहा कि बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखें ताकि बीमारी न फैले पशुशाला को साफ सुथरा रखें और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करते रहे। बरसात से पहले पशुओं को गला घोटू रोग का टीका अवश्य लगवाएं।

उन्होंने कहा कि बीमार पशुओं को सार्वजनिक स्थानों पर न ले जाए जहां वें स्वस्थ पशुओं के संपर्क में आ सके। आगे कहा कि पशुओं में गला घोटू रोग एक गंभीर संक्रामक बीमारी है इसका इलाज समय पर कराते रहना चाहिए।

**समहन टिकुरी में भी चला अभियान-** पशु चिकित्साधिकारी मेजारोड डॉ बैजनाथ के नेतृत्व में क्षेत्र के समहन व टिकुरी गांव में गला घोटू से बचाव हेतु टीकाकरण का अभियान चलाया जा रहा है।

टीकाकरण के दौरान अखिलेश यादव, संतोष तिवारी, पवन कुमार, शमशेर सिंह, रोहित कुमार, विष्णु देव सागर उपस्थित रहे। टीम ने बताया कि बेदौली गांव में टीकाकरण चल रहा है।

## मण्डल स्तर पर एनसीआरईएस के साथ दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र बैठक का हुआ शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में आज दिनाँक 26.06.2025 से मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज मण्डल रजनीश अग्रवाल की अध्यक्षता में मण्डल स्तर पर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे इम्प्लॉईज़ संघ के साथ दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी, प्रयागराज मण्डल श्री वैभव कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित अधिकारियो एवं यूनियन पदाधिकारियों का स्वागत संबोधन किया गया।इस अवसर पर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे इम्प्लॉईज़ संघ (र्ग्एिं) के जोनल महामंत्री आर. पी. सिंह, मंडल अध्यक्ष मान सिंह, मंडल मंत्री चन्दन कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया, मण्डल रेल प्रबन्धक महोदय ने महाकुंभ मेले के दौरान प्रयागराज मण्डल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। साथ ही एनसीआरईएस द्वारा रेल प्रशासन को दिए जा रहे सहयोग की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2024 से अब तक कुल 160 ट्रेड/सेलेक्शन टेस्ट आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से 3,032 कर्मचारियों को पदोननति प्रदान दी गई। वहीं, 1 अप्रैल 2024 से अब तक 682 कर्मचारियों को शैंण्ड का लाभ दिया गया है। इसी अवधि में 173 आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी गई, जबकि 135 आश्रितों को समापन भुगतान किया गया। साथ ही रेलवे भर्ती बोर्ड इलाहाबाद से विभिनन्पदों जैसे ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, सी सी टी सी, क्लर्क आदि पर कुल 1,439 नियुक्ति-पैनल जारी किए गए। इसके अतिरिक्त रेलवे भर्ती सेल से प्राप्त 1,863 अभ्यर्थियों का सत्यापन कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की गई हैं।



इस अवसर पर जोनल महामंत्री नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज संघ आर.पी.सिंह ने अपने संबोधन के दौरान सर्वप्रथम पूरी मंडल की टीम को महाकुम्भ के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## रोजगार मेला आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** दिनांक 26.06.2025 को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा ब्लॉकवार रोजगार मेले के आयोजन के तारतम्य में आज उरूवा एवं माण्डा विकास खण्ड में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। विकास खण्ड उरूवा में पेरेग्रीन गार्डनिंग प्रा0लि0 एवं शिवशक्ति एग्रोटेक प्रा0लि0 में 65 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 43 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसी प्रकार विकास खण्ड माण्डा में पेरेग्रीन गार्डनिंग प्रा0लि0 एवं डस्की स्टेलियन सर्विस प्रा0लि0 में 60 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 47 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेहोश हुए युवक की बाइक बाजार से गायब तहरीर देकर बाइक बरामदगी की लगाई गुहार

**मेजा, प्रयागराज।**बेखौफ चोरों ने बाजार में बेहोश हुए युवक की बाइक पार कर दिया। होश आने पर युवक ने देखा कि मौके से बाइक गायब रही। भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है ।मिली जानकारी के अनुसार बृजेंद्र कुमार पुत्र लाला पटेल निवासी बक्खोपुर रमईपुर हनुमानगंज थाना सनाय इनायत ने गुरुवार को मेजा कोतवाली में तहरीर देखकर बताया कि बीते 23 जून को वह अपनी ननिहाल भसुंदर कला मेजा जा रहा था। शाम 7:30 बजे जैसे ही वह मेजा रोड सिरसा मार्ग पर बंगाली हॉस्पिटल के पास पहुंचा तो अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई वह अपनी सुपर स्प्लेंडर बाइक खड़ी करके बैठ गया और बेहोश हो गया।

जब होश आया तो देखा की मौके से बाइक गायब रही। काफी खोजबीन करने के बावजूद भी बाइक का पता नहीं चल सका। भुक्तभोगी ने मेजा कोतवाली में तहरीर देकर बरामदगी की गुहार लगाई है।

## मेजारोड में जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव आज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** क्षेत्र के सिद्ध हनुमान मंदिर पांती परिसर से मानस प्रचारिणी समिति के वैनर तले आगामी 27 जून को भगवान जगननथ रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए आयोजक मण्डल द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है। भगवान जगननथ रथ यात्रा महोत्सव के आयोजक विहिप के जिलाध्यक्ष एवं व्यापार मंडल मेजारोड के संरक्षक ई. नित्यानंद उपाध्याय ने बताया कि महोत्सव का कार्यक्रम आगामी 26 जून को अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ से प्रारम्भ होगा। आगामी 27 जून को मानस पाठ की पूर्णाहुति एवं हवन के बाद शाम 5 बजे मन्दिर परिसर से रथ यात्रा शुरू की जाएगी। 28 जून को यात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में महा प्रसाद वितरण होगा। श्री उपाध्याय ने बताया यात्रा महोत्सव के लिए रथ निर्माण कार्य जारी है। रथ यात्रा महोत्सव में कई संत, महात्मा एवं सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र के कई चर्चित चेहरे शामिल होंगे। मानस प्रचारिणी समिति की टीम ने क्षेत्रीय लोगों से रथ यात्रा महोत्सव में भागीदार बन कर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया गया है।



## पिकअप डिवाइडर से टकराई ड्राइवर की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज।** प्रयागराज से जौनपुर की तरफ माल लादकर फोर व्हीलर पिकअप वाहन बृहस्पतिवार सुबह लगभग 3:00 बजे जैसे ही फूलपुर ओवर ब्रिज चढ़ाई से पहले सड़क के बीचों बीच रखें डिवाइडर पत्थर से जा टकराई जोरदार टक्कर कीआवाज सुनकर गहरी नींद में सो रहे मोहल्ले के लोग उठकर घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप में दबे ड्राइवर को निकालने का प्रयास किया काफी प्रयास के बाद ड्राइवर को नहीं निकाला जा सका तत्काल नगर पंचायत कार्यालय द्वारा जेसीबी मंगाई गई मोटर की बॉडी काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला गया मौके पर ड्राइवर की मृत्यु हो चुकी थी पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उक्त के संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि वह पिकअप इलाहाबाद शहर की है वह दाल लोड करके जौनपुर की तरफ जा रहा था शायद ड्राइवर को नींद आ जाने के कारण डिवाइडर पत्थर में जाकर टकरा गई गाड़ी मालिक को सूचना दे दी गई है शेष कार्रवाई की जा रही है ड्राइवर का नाम पूछने पर फोन काट दिया गया ।

## संपन्न हुआ नैना सर उत्सव स्थान के उपरांत भगवान श्री जगन्नाथ जी ने धारण किया नया वस्त्र कल भक्तों का दर्शन करन रथ पर सवार होकर निकलेंगे भगवान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** मोहतसिमगंज स्थित शिव दुर्गा एवं हनुमान जी महाराज के मंदिर पर भगवान को एकांतवास से बाहर निकालने के उपरांत प्रिय भक्तों द्वारा नैनासार उत्सव किया गया तत्पश्चात सनन कराकर भगवान जगननथ जीभ्राता बलभद्र जीबहन सुभद्रा जीको नया वस्त्र धारण कराया गया ट मीडिया प्रभारी पूर्व पार्षद पवन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री जगननथ यात्रा महोत्सव समिति बड़ा रथके तत्वाधान में निकलने वाली 27 जून की यात्रा की तैयारी पूर्णत संपनन हो गई है उन्होंने आगे बताया किभगवान का महत्वपूर्ण शस्त्र सुदर्शन चक् भी लगभग तैयार हो चुका ह अध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता भाई जी के अध्यक्षता मेंयात्रा कीसमीक्षा बैठक संपनन हुईजिसमें सभी कार्यकर्ताओं कोसंबोधित करते हुएअध्यक्ष जी नेजगननथ यात्रा की विस्तार चर्चाकी और सभी भक्तजनों सेरथ यात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह भी किया ट उक्त अवसर पर महामंत्री भगवान कृष्णा केसरवानी उदय कुमार राजेश कुमार मोहित जायसवाल उज्जवल केसरवानी ऋषि केसरवानी राहुल अग्रवालउमा गुप्ता रंजना सिंह सविता अग्रहरिपार्षद नीरज गुप्ता निखिल केसरवानी विनोद सोनकर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रह ट



## पुरानी रंजिश को लेकर हार्डवेयर दुकानदार लाठी डण्डो से हमला ,गम्भीर रूप से घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता थरवई क्षेत्र प्रयागराज ।**थरवई क्षेत्र के इस्माइलगंज पान की पुलिया के पास दबंगो ने हार्डवेयर की दुकान चला रहे युवक पर लाठी डण्डो से हमला कर दिए। जिससे दुकानदार का बेटा आयूष केसरवानी पुत्र रमेश केसरवानी गम्भीर रूप से घायल हो गया सूत्रो के अनुसार पीडि़ता पूनम केसरवानी पतनी रमेश केसरवानी निवासी इस्माइलगंज प्रयागराज ने थरवई तहरीर में देकर घटना से अवगत कराया उन्होंने विपक्षीगण पर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव ही दबंग की प्रवृत्ति लोग पुरानी रंजिश को लेकर जितेंद्र केसरवानी उर्फ खनन पुत्र शम्भू नाथ केसरवानी बेटा करन केसरवानी,अर्जुन केसरवानी पुत्रगण जितेंद्र केसरवानी बुधवार की रात को 10 बजे दुकान बन्द करते समय आकर भद्दी भद्दी शब्द सूचक गालिया देने लगे.

स्वतंत्र भारत


यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## खतरे पे खतरा

वैसे तो प्रदूषण किसी भी रूप में हानिकारक है लेकिन जब हवा में जहर घुलता जाए तो वह सबसे ज्यादा घातक हो जाता है। हवा ऐसा प्राकृतिक तत्व है जिसे हम देख तो नहीं सकते पर हमारी हर सांस के साथ वह शरीर के अंदर जाती है और हमें जिंदा रखती है। यही जहरीली हो तो निश्चित ही उसका असर दूसरा होगा। अब इस जहर में तेजी के साथ इजाफा हो रहा है। इसीलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ बार-बार वायु प्रदूषण को लेकर सावधान करते रहते हैं। अध्ययन बताते हैं कि मौजूदा समय वैश्विक स्तर पर यह मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। इसका दुष्प्रभाव केवल फेफड़े और सांस संबंधी बीमारियों तक ही सीमित नहीं रहा। अब यह तथ्य सामने आया है कि जहरीली हवा से दिल के दौरे का खतरा भी बढ़ गया है। दरअसल वायु प्रदूषण और गुणवत्ता के बीच संतुलन साधते हुए अभी तक फेफड़े पर बढ़ते दबाव को लेकर ही अध्ययन होते रहे किंतु हृदय पर पड़ने वाले इसके प्रभाव पर कभी ध्यान ही नहीं गया। अब विशेषज्ञों का मत है कि वायु प्रदूषण के दौरान घातक सूक्ष्म कण निरंतर रक्त प्रवाह में घुलते रहकर कोलेस्ट्राल को आक्सीकृत कर देते हैं जिससे धमनी पट्टिका के फटने की स्थिति पैदा हो जाती है और दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है। यह चुनौती पृथ्वी पर रहने वाले अमूमन सभी लोगों के जीवन को खतरा पैदा कर रही है। सरल शब्दों में कहा जाए तो प्रदूषक तत्व हर पल हमारे शरीर में प्रवेश करते हुए रक्त धमनियों से होकर सभी अहम अंगों तक पहुंच रहे हैं और उन्हें प्रभावित कर रहे हैं। यानी जिस वायु को प्राणदायिनी माना जाता है, वही प्राणों का अंत करने का प्रमुख कारण बन रही है। इसीलिए दुनिया में वायु प्रदूषण से हर साल लाखों लोगों की जान जा रही है। सभी जानते हैं कि दिल का दौरा कितनी आसानी से प्राणों का अंत कर देता है। इसलिए जीवन प्रत्याशा को क्षरण से सुरक्षित रखने के लिए वायु प्रदूषण को हर स्तर पर चुनौती मानने और उससे बचाव के उपाय खोजने की दिशा में काम करना पहले से ज्यादा जरूरी हो गया है। ये उपाय तात्कालिक तो हों ही, उनका दूरगामी और व्यावहारिक होना भी आवश्यक है, तभी समस्या का स्थायी समाधान मिलना संभव हो सकता है। इसके लिए आम लोगों को अपने स्तर से सावधानी तो बरतनी ही होगी, विभिन्न देशों की सरकारों को भी रास्ते खोजने होंगे। वायु प्रदूषण के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण ज्यादा उत्साहवर्धक नहीं है।

## मुश्किल

समाज में जातीय संघर्ष नई बात नहीं है। बहुत पहले से यह चला आ रहा है। फर्क यह है कि तब क्षेत्र में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए ऐसे टकराव कभी-कभी होते थे पर अब किसी न किसी बहाने यह नियमित रूप से होता है। इसका मुख्य कारण राजनीतिक हित साधन के लिए जातीय अस्मिता के नाम पर इसे मोहरा बना लिया जाना है। यही कारण है कि पर्वों और त्योहारों जैसे संवेदनशील अवसरों पर भी ऐसे तनाव भड़काने की कोशिशें होती हैं और अक्सर वह खूनखराबे में भी बदल जाता है। यह अच्छी बात है कि यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार इस समस्या को लेकर हमेशा सावधान रही है। समय-समय पर ऐसे टकराव भड़काने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती रहती है जिससे ऐसे तत्व सिर नहीं उठाने पाते। इसी कड़े रुख को बनाए रखते हुए सुनियोजित जातीय संघर्ष के खिलाफ कार्रवाई करने का सीएम योगी द्वारा अधिकारियों को निर्देश देना ऐसे तत्वों को कड़ी चेतावनी है। यह अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की सरकार की नीति के अनुरूप भी है। यह ठीक है कि सभी जातियों, विशेष रूप से दबे-कुचले, शोषित और पिछड़े वर्गों के लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए काम होने चाहिए। इस दिशा में कदम भी उठाए गए हैं। आज भी प्रयास जारी हैं। पर केवल वोट बढ़ाने के लिए इनसे जुड़े लोगों को गुमराह करके सामाजिक शांति भंग करने की कोशिशें तो किसी भी कीमत पर उचित नहीं ठहराई जा सकतीं। तनावों और अशांति के बीच कोई समूह आगे नहीं बढ़ सकता। आज भी मणिपुर दो साल से इसी आग में जल रहा है और बंगाल, बिहार एवं महाराष्ट्र जैसे राज्यों में समय-समय पर ऐसी घटनाओं का नतीजा वहां के आम लोग भुगतते हैं। पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में यूपी ऐसी घटनाएं झेल चुका है जिनमें कई के जख्म आज भी ताजा लगते हैं। लेकिन अब जाति के नाम पर खूनखराबा रचने वालों के खिलाफ जांच से लेकर जेल के सींखचों के पीछे पहुंचाने तक की कार्रवाइयों में कोई चूक नहीं हो रही है। आगामी दिनों में पड़ने वाले त्योहारों को लेकर सतर्कता बरतते हुए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देश निश्चित ही स्वागतयोग्य हैं जिनसे प्रदेश का अमन चैन भी कायम रहेगा।



## काँव-काँव



♦♦♦

**अगले वर्ष से दो बार होगी सीबीएसई परीक्षा**
पेपरलीक गिरोह के कारनामे दो बार छपेंगे!

**अगर ईरान नहीं माना तो फिर करेंगे हमला-ट्रंप**
पाक के पास अमेरिका तक हमले की मिसाइल!

**वकीलों को तलब नहीं कर सकतीं एजेंसियां-कोर्ट**
ऐसे तो फिर रामराज्य नहीं चल पायेगा हुजूर!

**लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगा कैशलैस उपचार**
नयी मेडिकल कंपनियों की ट्रायल रिपोर्ट अधूरी!

**ईरान ने अब आईएईए से तोड़ लिये सभी संबंध**
परमाणु मिसाइल परीक्षण के बाद नजर आना!

**आपातकाल देश के लोकतंत्र पर काला दाग़-केंद्र**
आपातकाल के सारे विलेन तो भाजपाई हो गये!

♦♦♦

# अंतरिक्ष से भारत की हुंकार

जब एक भारतीय ने सितारों को छू लिया, तो वह पल केवल अंतरिक्ष की यात्रा नहीं था–वह 140 करोड़ दिलों की धड़कनों का उत्सव था, भारत की आत्मा का उद्घोष था, और हमारी सांस्कृतिक विरासत का ब्रह्मांड में



– डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

लहराता तिरंगा था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जब ड्रैगन कैप्सूल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर कदम बढ़ाया, तो वह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की उड़ान नहीं थी–वह भारत के सपनों, संकल्प और वैज्ञानिक शक्ति की अनंत यात्रा थी। यह वह क्षण था जब भारत ने न केवल धरती की सीमाएं लांघीं, बल्कि सितारों के पार अपनी पहचान को अमर कर दिया।

25 जून 2025 को, भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट आकाश को चीरता हुआ अंतरिक्ष की ओर बढ़ा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार थे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के पायलट की भूमिका में थे। उनके साथ थे कमांडर पैगी व्हिटसन (पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री, अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ स्लावोश उज्नांस्की-विस्निव्स्की (पोलैंड), और तिबोर कपु (हंगरी)।

यह मिशन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स की साझेदारी का प्रतीक है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का समर्थन प्राप्त है। लॉन्च के महज 10 मिनट बाद, शुभांशु और उनकी टीम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे। 28 घंटे की रोमांचक यात्रा के बाद, ड्रैगन कैप्सूल 26 जून 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे आईएसएस से डॉक करने वाला है। यह 14-दिवसीय मिशन 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों का मंच है, जिनमें सात इसरो द्वारा डिजाइन किए गए हैं। ये प्रयोग भारत की वैज्ञानिक प्रगति को विश्व मंच पर चमकाने का अवसर हैं, जो न केवल तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि भारत के भविष्य के अंतरिक्ष सपनों का आधार भी है। शुभांशु की यह यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक सोवियत सैल्यूट-7 मिशन के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में शानदार वापसी है। 41 साल बाद, शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने जा रहे हैं, जो भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम स्याही से लिखा जाएगा। यह केवल एक व्यक्ति की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को तोड़कर अनंत की ओर बढ़ रही है। इस मिशन की




आत्मा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। शुभांशु ने अपने साथ एक सॉफ्ट टॉय हंस लिया, जिसे भारतीय शास्त्रों में ज्ञान और विवेक का प्रतीक माना जाता है। यह हंस अंतरिक्ष की अनंतता में तैर रहा है, जैसे भारत की सांस्कृतिक विरासत सितारों के बीच अपनी चमक बिखेर रही हो। लॉन्च के दौरान, उनके कंधे पर लहराता तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं था–वह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, गर्व और एकता का प्रतीक था। यह तिरंगा गर्व से कह रहा था कि यह उड़ान केवल शुभांशु की नहीं, बल्कि हर उस भारतीय की है, जो खेतों से लेकर प्रयोगशालाओं तक, सपनों को हकीकत में बदल रहा है।

शुभांशु ने भारतीय खान-पान को भी अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आम का रस, गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा उनके साथ गए, जो वे अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साझा करेंगे। इसके अलावा, वे माइक्रोग्रैविटी में योग करने की योजना बना रहे हैं, जिससे भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच पर एक अनूठा प्रदर्शन होगा। यह वह क्षण है जब परंपरा और प्रौद्योगिकी ने एक-दूसरे का हाथ थामा, और भारत ने साबित कर दिया कि वह न केवल विज्ञान में, बल्कि संस्कृति में भी अग्रणी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, यह मिशन भारत के लिए एक मील का पत्थर है। शुभांशु सात भारतीय प्रयोग करेंगे, जिनमें माइक्रोग्रैविटी में मूंग और मेथी के अंकुरण का अध्ययन और मांसपेशियों की हानि का विश्लेषण शामिल है। ये प्रयोग भारत और अमेरिका की साझेदारी का परिणाम हैं और इसरो के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। गगनयान, जो 2026 में लॉन्च होने वाला है, भारत का पहला स्वदेशी मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन होगा। शुभांशु, जो इसके लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं, इस मिशन के लिए अमूल्य अनुभव ला रहे हैं। कुल 60 से अधिक प्रयोग, जिनमें सामग्री विज्ञान, जैविक अनुसंधान और मानव स्वास्थ्य पर माइक्रोग्रैविटी के प्रभाव शामिल हैं, भारत के भविष्य के मिशनों–जैसे 2035 तक स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री भेजने–के लिए नींव रखेंगे।

यह यात्रा केवल अंतरिक्ष तक की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का उत्सव है। यह वह क्षण है जब भारत ने साबित कर दिया कि वह न केवल धरती पर, बल्कि सितारों के बीच भी अपनी छाप छोड़ सकता है। शुभांशु की उड़ान लाखों युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अब सपने देखने से आगे बढ़कर उन्हें हकीकत में बदलने की हिम्मत रखते हैं। यह वह दस्तक है जो ब्रह्मांड के दरवाजे पर भारत की उपस्थिति को अमर कर रही है–न केवल एक यात्री के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में। जब शुभांशु का ड्रैगन कैप्सूल सितारों के बीच तैर रहा है, तो वह केवल एक अंतरिक्ष यान नहीं है–वह भारत के सपनों का वह पंख है, जो अनंत आकाश में उड़ रहा है। यह न कोई अंत है, न कोई पड़ाव। यह तो एक नई शुरुआत है–उस भारत की, जो अब ब्रह्मांड की गहराइयों में अपनी कहानी लिख रहा है, और जिसकी गूंज सितारों से सितारों तक अनंत काल तक गूंजेगी। यह भारत का वह उद्घोष है, जो कहता है- 'हम आए हैं, और हम रहेंगे–धरती पर, आकाश में, और सितारों के पार!'

## प्रेमचंद की कहानियां



### बूढ़ी काकी

क्या मेहमान सब की सब खा जायेंगे? और यदि काकी ने मेहमानों से पहले खा लिया तो क्या बिगड़ जायेगा ? वह काकी के पास जाकर उन्हें धैर्य देना चाहती थी, परंतु माता के भय से न जाती थी। उसने अपने हिस्से की पूड़ियां बिल्कुल न खायी थीं। अपनी गुड़ियों की पिटारी में बन्द कर रक्खी थीं। उन पूड़ियों को काकी के पास ले जाना चाहती थी। उसका हृदय अधीर हो रहा था। बूढ़ी काकी मेरी बात सुनते ही उठ बैठेंगी, पूड़ियां देखकर कैसी प्रसन्न होंगी! मुझे खूब प्यार करेंगी! रात के ग्यारह बज गये थे। रूपा आंगन में पड़ी सो रही थी। लाडली को आंखों में नींद न आती थी। काकी को पुड़ियां खिलाने की खुशी उसे सोने न देती थी। उसने गुडियों की पिटारी सामने रखी थी। जब विश्वास हो गया कि अम्मां सो रही हैं, तो वह चुपके से उठी और विचारने लगी, कैसे चलं चारों ओर अंधेरा था। केवल चूल्हों में आग चमक रही थी और चूल्हों के पास एक कुत्ता लेटा हुआ था। लाडली की दृष्टि द्वार के सामने वाले नीम की ओर गयी। उसे मालूम हुआ कि उस पर हनुमानजी बैठे हुए हैं। उनकी पूंछ, उनकी गदा, वह स्पष्ट दिखलाई दे रही है। मारे भय के उसने आंखें बंद कर लीं। इतने में कुत्ता उठ बैठा, लाडली को ढाढ़स हुआ। कई सोये हुए मनुष्यों के बदले एक भागता हुआ कुत्ता उसके लिए अधिक धैर्य का कारण हुआ। उसने पिटारी उठायी और बूढ़ी काकी की कोठरी की ओर चली। बूढ़ी काकी को केवल इतना स्मरण था कि किसी ने मेरे हाथ पकड़ कर घसीटे, फिर ऐसा मालूम हुआ कि जैसे कोई पहाड़ पर उड़ाये लिये जाता है। उनके पैर बार-बार पत्थरों से टकराये तब किसी ने उन्हें पहाड़ पर से पटका, वे मूर्छित हे गयीं।

जब से सचेत हुईं तो किसी की जरा भी आहट न मिलती थी। समझी किसब लोग खा-पीकर सो गये और उनके साथ मेरी तकदीर भी सो गयी। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**क:काल: कानि मित्राणि को देश: कौ व्ययागमौ।**
**कश्चाहं का च मे शक्तिरचि चिन्त्यं मुहुर्मुहु:।।**

बुद्धिमान् व्यक्ति को निरन्तर यह विचार करते रहना चाहिए कि मेरा समय कैसा चल रहा है, मेरे मित्र कितने हैं और कौन-कौन हैं, मेरा निवासस्थान कैसा है, मेरी आय और व्यय कितना है, मैं कौन हूं तथा मेरी शक्ति कितनी है?

♦♦♦

# शहरों में गंभीर होती पार्किंग की समस्या

भारत के ज्यादातर शहरों में पार्किंग के लिए जगह कम पड़ती जा रही है। इसके दुष्परिणाम भी दिखने लगे हैं। प्रदूषण बढ़ रहा है। गलियों में और फुटपाथों में जिस तरह बेतरतीब ढंग से गाड़ियां खड़ी की जाती हैं उससे सड़क पर और



रोहित माहेश्वरी

पैदल चलने के जगह कम पड़ रही है। पार्किंग की समस्या कमोबेश देश के सभी शहरों में देखी जा सकती है। अखबारों में आए दिन सुर्खियां बनती है कि गाड़ी पार्किंग को लेकर झड़प हुई। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के थाना रोरावर क्षेत्र से बीते 21 जून को खबर सामने आई थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली की पार्किंग को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हो गई। इस घटना में 5 लोग घायल हुए। इसके अलावा दिल्ली से एक खबर थी कि 22 मार्च को उत्तर पश्चिमी दिल्ली में मामूली पार्किंग विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यहां पड़ोसियों के बीच स्कूटी पार्किंग को लेकर झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 12 मई को गुरुग्राम के ज्योति पार्क में एक मामूली पार्किंग का विवाद इतना बढ़ गया कि एक दर्जन लोगों ने एक परिवार के सदस्यों के साथ जमकर मारपीट की। शहरों में पार्किंग की समस्या के कारण हर दिन ऐसे विवाद सामने आ रहे हैं। ऐसे में यह सवाल मौजूं है कि आखिर विकराल रूप लेती पार्किंग की समस्या का समाधान की दिशा में सरकारें संवेदनशीलता का परिचय क्यों नहीं दे रही? देश के सभी शहरों के प्रमुख बाजारों में पार्किंग की समस्या गंभीर रूप ले रही है। यह भी देखा गया है कि बाजार में जगह नहीं होने के कारण लोग मनमर्जी करते हुए फुटपाथ और सड़कों पर गाड़ी पार्क करने से पीछे नहीं हटते। आज आलम यह है कि अवस्थित पार्किंग छोटे से लेकर बड़े शहरों में जाम का मुख्य कारण बन रही है। दुनिया भर के बड़े शहरों में पार्किंग के बारे में हाल ही में किए गए एक वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि औसत शहरी ड्राइवर पार्किंग की जगह की तलाश में औसतन 18 से 20 मिनट बिताता है, जिसके परिणामस्वरूप तनाव, ईंधन की बर्बादी, उत्सर्जन में वृद्धि, सड़कों पर भीड़भाड़ और उत्पादकता में कमी आती है। सितंबर 2021 में बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा है कि मुंबई और उपनगरों में पार्किंग की समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। सड़कों की लगभग चालीस फीसद जगह गाड़ी पार्किंग से सिकुड़ जाती है। इससे आम आदमी के लिए चलने की जगह नहीं रह जाती। पीठ ने सवाल उठाया है कि एक परिवार को चार से पांच गाड़ियां रखने की अनुमति क्यों दी जा रही है?

पार्किंग को लेकर अब तक जो अध्ययन हुए हैं, उससे हालात की गंभीरता का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। एक अध्ययन के मुताबिक सड़क किनारे पार्किंग की वजह से कोलकाता में सड़क की जगह में 35 प्रतिशत, दिल्ली में 14 प्रतिशत, जयपुर में 56 प्रतिशत और कानपुर में 45 प्रतिशत की कमी आई है। गुजरात के गोधरा जैसे छोटे शहर में भी सप्लाई की तुलना में पार्किंग स्पेस की मांग ढाई गुना ज्यादा है। यही हाल दूसरे शहरों का भी है। भारत के ज्यादातर शहरों में पार्किंग स्पेस की मांग की तुलना में इसकी आपूर्ति आधी या उससे कम है। दिल्ली जैसे महानगर में बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या के कारण पार्किंग की समस्या एक गंभीर मुद्दा बन गया है। सीमित जगह और बढ़ती वाहनों की संख्या के कारण



लोगों को पार्किंग के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अवैध पार्किंग के कारण सड़कें जाम हो जाती हैं और यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। दरअसल दिल्ली में लाखों वाहन रोज सड़कों पर दौड़ते हैं, लेकिन पर्याप्त पार्किंग स्पेस का अभाव इसे और भी परेशानी भरा बना देता है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ एक बड़ी समस्या यह भी जुड़ी हुई है कि यहां पड़ोसी शहरों से भी प्रतिदिन लाखों की संख्या में गाड़ियां आती हैं। इन्हें भी आखिरकार कहीं ना कहीं जगह चाहिए। यही वजह है कि सड़क से लेकर बाजार तक बुरा हाल है। सरकारी रिपोर्ट्स और अध्ययन से ये सामने आया है कि शहर में पार्किंग स्पेस की कमी तेजी से बढ़ रही है, और इस समस्या से समाधान के लिए बड़ी प्लानिंग की जरूरत है। दिल्ली में आजकल कुल 1.5 लाख से ज्यादा पार्किंग स्पेस उपलब्ध हैं, जो खासतौर पर शहरी इलाकों और व्यावसायिक क्षेत्रों में मौजूद है. हालांकि, राजधानी में वाहनों की संख्या इस आंकड़े से कई गुना ज्यादा है। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में करीब 1.4 करोड़ से ज्यादा वाहन हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इसका परिणाम यह है कि कई जगहों पर वाहन सड़क किनारे या अवैध पार्किंग की समस्या पैदा कर रहे हैं, जिससे यातायात पर असर पड़ता है। कमोबेश दिल्ली जैसे हालात देश के हर छोटे बड़े शहर के हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट के एक रिसर्च में ये सामने आया कि शहर के आकार और गाड़ियों की संख्या में बढ़ोत्तरी की दर के हिसाब से देखें तो पार्किंग की मांग बढ़ती ही जा रही है। अगर दिल्ली की बात करें तो यहां पार्किंग की समस्या खत्म करने के लिए 310 फुटबॉल के मैदानों जितनी अतिरिक्त जगह चाहिए। इसी तरह चेन्नई में 100 और चंडीगढ़ में 50 फुटबॉल मैदानों की जितनी अतिरिक्त जगह मिलने से पार्किंग की समस्या का समाधान हो पाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार,बढ़ती पार्किंग की समस्या को दूर करने के लिए सरकार को बाजार ऑफिस, रिहायशी इलाकों में बहुस्तरीय पार्किंग बनवानी चाहिए। मेट्रो बस साइकिल और पैदल यातायात को बढ़ावा देना चाहिए ताकि निजी वाहनों की संख्या कम हो सके शहरों में बहुत स्तरीय पार्किंग परिसर और अंडरग्राउंड पार्किंग का निर्माण करवाना चाहिए। मॉल रेलवे स्टेशन बस स्टैंड के पास बहुत स्तरीय पार्किंग विकसित करनी चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लोगों को सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और सार्वजनिक परिवहन सेवा सुरक्षित और समय पर संचालित और सस्ती होनी चाहिए। स्थानीय निकायों और ट्रैफिक पुलिस के बीच समन्वय बनाना जरूरी है।

## प्रेरक प्रसंग

### जीवन की कुंजी

एक राजा था। बड़ा पुरुषार्थी था। अपने पुरुषार्थ से उसने राज्य को दूर-दूर तक फैला दिया। उसकी प्रजा बड़ी सुखी थी।

धीरे-धीरे राजा पर बुढ़ापा छाने लगा। उसे चिन्ता होने लगी कि उसने राज्य को चलाने के लिए योग्य उत्तराधिकारी न हुआ तो उसके किये-कराये पर पानी फिर जायगा। उसके एक लड़का था। उसी को गद्दी पर बैठना था, लेकिन वह बड़ा प्रमादी था। हाथ-पैर हिलाना उसे पसंद न था। बहुत सोच-विचार के बाद राजा उसे लेकर एक साधु के पास गया और उन्हें सारी बात बताकर लड़के को आश्रम में छोड़ आया। साधु बड़े तेजस्वी थे। उन्होंने राजकुमार से कहा, वत्स, यहां से चार कोस पर एक जंगल है। तुम सवेरे ही वहां जाओ और फूलों के पौधे लाकर आश्रम के अहाते में लगाओ।''

राजकुमार को बड़ा बुरा लगा। अरे, यह काम तो नौकरों के करने का है, उसका नहीं, वह तो यहां राज्य-व्यवस्था के बारे में शिक्षा लेने आया है, लेकिन उसके पिता कह गये थे कि साधु जो कहें, वह करना। मन मारकर अगले दिन से वह उस काम में लग गया। उसने जंगल से लाकर पौधे लगाये, साधु के आदेश पर उन्हें सींचा और जानवरों से बचाने के लिए उनकी रात-दिन रखवाली की। फिर क्या था! कुछ ही दिनों में सारा आश्रम तरह-तरह के रंग-बिरंगे फूलों से लहलहा उठा।

राजकुमार की खुशी का ठिकाना न रहा। साधु ने उसे शाबाशी दी। कहा, ''वत्स, लाखों की एक बात हमेशा याद रखना। जो सोता है, उसका भाग्य सोता है, जो बैठता है, उसका भाग्य बैठता है और जो चलता है, उसका भाग्य चलता है। इसलिए हमारे धर्मग्रंथों ने कहा है, चलते रहो, चलते रहो। देखो, सक्रियता से आश्रम का रूप ही बदल गया है।''

राजकुमार को शासन की ही नहीं, जीवन की भी कुंजी मिल गई।

## आपका पत्र मिला

### कब होगी जातिगत भेदभाव की विदाई?

हम 21वीं सदी में आ चुके हैं, आजादी को पचहत्तर वर्ष से अधिक हो चुके हैं, सबका साथ सबका विकास, बांटोगे तो काटोगे जैसे नारे दिए जा रहे हैं। लेकिन इस देश में जातिगत भेद भाव एक ऐसी सदियों पुरानी समस्या है जो इस कदर जड़ जमा चुकी है कि सारे प्रयासों के बाद भी समाप्त होने का नाम नहीं ले रही। आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आ ही जातीं है, जिससे यही प्रतीत होता है कि इस राष्ट्र में केवल मनुष्य होना काफी नहीं।

एक अच्छा जीवन जीने की लिए किसी अच्छी जाति में पैदा होना भी आवश्यक है। फिर से एक मामला सामने आया है जहाँ एक कथावाचक का केवल इसलिए अपमान किया गया या उसे कथा करने से रोका गया क्योंकि वह एक विशेष जाति से नहीं आता और इसके बावजूद उस जाति के गाँव में जा कर कथा की। आरोप यह लगाया जा रहा है कि उस व्यक्ति ने जाति छुपाई और ब्राह्मण बन कर कथा करता रहा। अगर इस विषय को सही भी माना जाए तो भी क्या किसी को जाति के नाम पर अपमानित करना या हिंसा करना उचित हो सकता है? प्रश्न तो यह भी उठता है कि अगर उसने जाति छुपाई तो उसे जाति क्यों छुपानी पड़ी? आखिर वह कौन-सी चीज है जिसके कारण व्यक्ति को अपनी जाति छुपानी पड़ती है? गहराई से देखें तो इसके मध्य में समाज में फैली ऊंच - नीच की वही खाई विद्यमान दिखती है, जो मनुष्य से मनुष्य होने का हक भी छीन लेती है। वास्तव में, यह सिलसिला नया नहीं है। यह प्रकरण भी उसी सोच का हिस्सा है जो कभी किसी को कथा करने से, तो किसी को मूंछ रखने से रोकती है, घोड़ी चढ़ने पर पिटवा देती है, समाज में छुआ-छूत को बढ़ाव देती है और किसी को ऊंच तो किसी को नीच बना देती है। क्या सच में जाति भी गर्व का विषय हो सकती है!

विवेकानंद विमल
वाया ई-मेल


इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# फेफड़े हर तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए अपनाएं ये नुस्खे

बढ़ते प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर फेफड़ों पर दिखता है। अस्थमा रोगियों के लिए प्रदूषण में खुद को सुरक्षित रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। वहीं जो लोग धूम्रपान करते हैं, जिनका लाइफस्टाइल हैल्दी नहीं, उन्हें भी लंग्स इंफेक्शन का खतरा बना रहता है। इस समय भारत में कई जगहों पर एयर क्वालिटी काफी खराब चल रही है। पटाखों व अन्य कई तरह का जहरीला धुआं फेफड़ों के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। फेफड़ों में अगर लगातार गंदगी जमती रहे तो यह आगे चलकर कई तरह की परेशानियां दे सकती हैं इसलिए यह बहुत जरूरी है कि आप समय-समय पर फेफड़ों को डिटॉक्स करते रहें। लंग्स स्ट्रॉग्स होंगे तो वह हर तरह की इंफेक्शन से बचे रहेंगे। इन दिनों फिर से कोरोना के केस सुनने को मिल रहे हैं। इन बढ़ते केसेज में खुद के फेफड़ों को हैल्दी बनाए रखने के लिए कुछ नेचुरल डिटॉक्स नुस्खे फॉलो करते रहें।

## सामग्री

**अदरक** - 1 इंच का टुकड़ा (कटा हुआ या कद्दूकस किया हुआ)
**तुलसी के पत्ते** - 8-10 पत्ते
**हल्दी**- ½ छोटी चम्मच (अगर ताजे हल्दी का पेस्ट मिल सके तो और बेहतर)
**काली मिर्च** - 1-2 चुटकी
**दारचीनी**- 1 छोटा टुकड़ा
**लहसुन**- 2-3 कलियां (कटी हुई)
**शहद** - 1-2 चम्मच (स्वाद के लिए)
**नींबू का रस** - 1 चम्मच
**पानी**- 1-1.5 कप



### फेफड़ों में इंफेक्शन होने के लक्षण

फेफड़ों में इंफेक्शन के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं और यह व्यक्ति की उम्र और हैल्थ अपडेट पर निर्भर करता है और यह भी कि संक्रमण वायरस, बैक्टीरिया या फंगस के कारण हुआ है या नहीं। इंफेक्शन के लक्षण सर्दी खांसी फ्लू जैसे हो सकते हैं जो लंबे समय तक बने रहते हैं। फेफड़ों में संक्रमण होने के कई कारण हो सकते हैं जैसे जैसे बैक्टीरियल, वायरल या फंगल इन्फेक्शन। इसे सामान्यतः पल्मोनरी इन्फेक्शन या फेफड़ों का संक्रमण कहा जाता है। फेफड़ों का सबसे आम संक्रमण निमोनिया है जो फेफड़ों के ऊतकों में सूजन और इंफेक्शन का कारण बनता है। इसके अलावा, ब्रोंकाइटिस (श्वसन नलिकाओं में सूजन) भी एक प्रकार का फेफड़ों का संक्रमण हो सकता है। जब फेफड़ों से हवा को लाने-ले जाने वाली बड़ी ब्रोन्कियल नलिकाओं में इंफेक्शन होता है तो इसे ब्रोंकाइटिस कहा जाता है। जब इंफेक्शन होता है तो शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

### सांस लेने में तकलीफ

इंफेक्शन के चलते फेफड़ों में सूजन और बलगम हो सकती है जिससे सांस लेने में परेशानी होती हैं। खासकर गहरी सांस लेने में ऐसा महसूस हो सकता है। सांस छोड़ते पर सीटी जैसी आवाज़ सुनाई दे सकती है जिसे घरघराहट कहते हैं।

**खांसी**-लंग्स इंफेक्शन की चलते खांसी होना सबसे सामान्य लक्षण है। यह सूखी भी हो सकती है और कफ के साथ भी। कभी-कभार खांसी में खून भी आने लगता है जो गंभीर संक्रमण का संकेत हो सकता है। अगर खांसी लगातार हो रही हैं और लंबे समय से बनी हुई है तो डाक्टरी जांच अवश्य करवाएं।

### बुखार-ठंड लगना और सिरदर्द

इंफेक्शन होने पर बुखार और ठंड के लक्षण भी दिखते हैं। अचानक तेज बुखार होना सामान्य लक्षण है, इसके साथ शरीर में दर्द और ऐंठन भी हो सकती है। फेफड़ों के संक्रमण के कारण सिर में हल्का या तेज दर्द हो सकता है, खासकर जब बुखार के साथ अन्य लक्षण मौजूद होते हैं। शरीर जब संक्रमण से लड़ने की कोशिश करता है तब बुखार होता है। शरीर का सामान्य तापमान आमतौर पर 98.6°C (37°C) के आसपास होता है लेकिन बैक्टीरियल लंग्स इंफेक्शन में बुखार खतरनाक 105°C (40.5°C) तक बढ़ सकता है। 102°C (38.9°C) से ज़्यादा तेज़ बुखार होने पर अक्सर कई अन्य लक्षण भी दिखाई देते हैं, जैसे- पसीना आना, ठंड लगना, मांसपेशियों में दर्द, डिहाइड्रेशन, सिरदर्द, कमज़ोरी आदि के लक्षण दिख सकते हैं। अगर बुखार 3 दिन से ज्यादा हो और 102°C (38.9°C) से ज्यादा हो तो लंग्स स्पैशलिस्ट को दिखाना चाहिए।

### सीने में दर्द या दबाव

संक्रमण के कारण फेफड़ों में सूजन और जलन हो सकती है, जिससे सीने में दर्द या दबाव महसूस हो सकता है। खांसने या गहरी सांस लेने पर सीने का दर्द और भी बढ़ जाता है। कभी-कभी आपकी पीठ के मध्य से ऊपरी हिस्से में तेज दर्द महसूस हो सकता है।

**फेफड़ों के लिए बेस्ट होममेड काढ़ा-** फेफड़ों के लिए एक अच्छा होममेड काढ़ा बनाने से ना केवल इम्यूनिटी मजबूत होती है बल्कि काढ़े में पाए जाने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुण फेफड़ों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**विधि-** एक छोटे बर्तन में 1-1.5 कप पानी डालें और उसे उबालने के लिए रखें। जब पानी उबालने लगे तो उसमें अदरक, तुलसी के पत्ते, हल्दी, काली मिर्च, दालचीनी और लहसुन डालें। सारी सामग्री को 5 से 10 मिनट उबालें ताकि सारा सामान पानी में घुल जाए फिर मिश्रण को छान कर कप मे निकालें। स्वाद के लिए काढ़े में 1-2 चम्मच शहद और 1 चम्मच नींबू का रस डालें। शहद गर्म पानी में डालने से इसके लाभ में कोई कमी नहीं आती, लेकिन इसे उबालते हुए पानी में डालने से उसकी औषधीय गुण कम हो सकते हैं इसलिए उसे ठंडा होने पर ही डालें। इस काढ़े को दिन में 2 से 3 बार पी सकते हैं। खासकर सुबह खाली पेट या रात को सोने से पहले पीने से ज्यादा फायदा होगा।

**फेफड़ों की सफाई कर देगी हर्बल टी** फेफड़ों की सफाई के लिए हर्बल टी भी बहुत फायदेमंद है। एक बर्तन में 2 कप पानी उबालें उसमें आधा इंच अदरक, दालचीनी का छोटा टुकड़ा या 1 चौथाई दालचीनी पाउडर, थोड़ा सा गुड़, 3 से 4 तुलसी के पत्ते, 3 काली मिर्च, 2 इलायची कुटी हुई, एक चौथाई चम्मच सौंफ, चुटकीभर अजवाइन, एक चौथाई चम्मच जीरा, इन सभी सामग्रियों को उबले पानी में डालें और करीब 10 मिनट तक सारी सामग्री को धीमी आंच में उबालें ताकि सारी चीजें पानी में घुल जाए। कप में चाय को छान कर डालें और चाय का फायदा तभी मिलेगा जब आप गुनगुना गर्म पीएंगे। दिन में करीब 20 मिलीलीटर काढ़ा ही पाएं। अगर कोई पाचन संबंधी दिक्कत है तो डाक्टरी से सलाह जरूर लें।

### फेफड़ों के लिए काढ़े के फायदे

**अदरक**-अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सिडेंट गुण होते हैं जो श्वसन तंत्र की सूजन को कम करने में मदद करते हैं और बलगम को निकालने में सहायक होते हैं।

**तुलसी**-तुलसी में एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो फेफड़ों को स्वस्थ रखते हैं और इन्फेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

**हल्दी**- हल्दी में कुरकुमिन नामक तत्व होता है जो सूजन कम करने और इन्फेक्शन से बचाव में सहायक होता है।

**काली मिर्च**- काली मिर्च से फेफड़ों में जमा बलगम को बाहर निकालने में मदद मिलती है और यह श्वसन तंत्र को साफ करती है।

**दारचीनी**- यह एक प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट है जो फेफड़ों को साफ करने में मदद करता है और श्वसन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखता है।

**लहसुन**- लहसुन में प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो शरीर में इन्फेक्शन को कम करने में मदद करते हैं।

**नींबू और शहद**-नींबू में विटामिन ष्ट होता है जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है, और शहद गले की सूजन को कम करता है और इसे आराम देता है। यह काढ़ा प्राकृतिक और असरदार है लेकिन अगर आपके पास किसी प्रकार की श्वसन संबंधी समस्या या फेफड़ों का संक्रमण है, तो डॉक्टर से परामर्श लेना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा आप इन घरेलू नुस्खों को भी फॉलो कर सकते हैं।

**सेंधा नमक वाला गुनगुना पानी पीएं**-सेंधा नमक गुनगुने पानी के साथ लें इससे जमा हुई खांसी दूर होती है। आयुर्वेद के अनुसार, गर्म पानी और सेंधा नमक दोनों ही कफ दोष को शांत करने वाले होते हैं।

# पानी के अलावा ये चार चीजें भी शरीर को रखती हैं हाईड्रेटेड

गर्मी का मौसम अपने साथ चिलचिलाती धूप और बढ़ता तापमान लेकर आता है, जिससे पसीना अधिक आता है और शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) का खतरा भी बढ़ जाता है। अक्सर हम हाइड्रेशन को सिर्फ ढेर सारा पानी पीने से जोड़कर देखते हैं, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। शरीर को सही मायने में हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी पीने के साथ-साथ कुछ और बातों का ध्यान रखना चाहिए। डिहाइड्रेशन सिर्फ प्यास लगने तक सीमित नहीं है, यह थकान, सिरदर्द, चक्कर आना और पाचन समस्याओं जैसी कई परेशानियां पैदा कर सकता है। अगर इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों को जन्म दे सकता है। इसलिए, खासकर गर्मियों के दौरान, शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी हो जाता है। आइए इस लेख में हम उन आसान और प्रभावी तरीकों के बारे में जानते हैं, जो आपको इस गर्मी में पूरी तरह से हाइड्रेटेड और ऊर्जावान रखने में मदद करेंगे।



### हाइड्रेटिंग फल और सब्जियां खाएं

गर्मियों में खीरा, तरबूज, संतरा, और स्ट्रॉबेरी जैसे फल और सब्जियां खाएं, जिनमें अधिक मात्रा में पानी होता है। ये न केवल शरीर को हाइड्रेट करते हैं, बल्कि विटामिन, खनिज, और एंटीऑक्सीडेंट भी प्रदान करते हैं। खीरे में सिलिका होता है, जो त्वचा को नम रखता है, जबकि तरबूज में इलेक्ट्रोलाइट्स (जैसे पोटेशियम) पसीने से होने वाली कमी को पूरा करते हैं।

### नारियल पानी और इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स पिएं

नारियल पानी एक प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक है, जो पोटैशियम, सोडियम, और मैग्नीशियम से भरपूर होता है। यह शरीर में पानी के अवशोषण को बढ़ाता है और डिहाइड्रेशन से बचाता है। गर्मियों में रोज 1 गिलास नारियल पानी पीना बेहद फायदेमंद होता है। इसके अलावा, घर पर बना नींबू पानी (बिना चीनी के) या इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय भी हाइड्रेशन के लिए अच्छे होते हैं।

### हर्बल टी और ठंडे इन्फ्यूज्ड ड्रिंक्स

गर्मियों में कैफीन-मुक्त हर्बल टी, जैसे पुदीना, कैमोमाइल, या लेमन ग्रास टी हाइड्रेशन का शानदार तरीका है। ये ड्रिंक्स न सिर्फ ताजगी देती हैं, बल्कि पाचन को भी बेहतर बनाती हैं। लेकिन ध्यान दें कि इसे दिन भर 2-3 कप ही लेना चाहिए, अधिक मात्रा इसका सेवन करना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

### सूप और दही आधारित खाद्य पदार्थ

पतले सूप, जैसे सब्जी या टमाटर का सूप, गर्मियों में हल्का और हाइड्रेटिंग होता है। ये पानी और पोषक तत्वों की पूर्ति करते हैं। दही, छाछ, या लस्सी भी हाइड्रेशन के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। इस बात का खास ध्यान रखें कि इन तरीकों के साथ-साथ रोजाना 2-3 लीटर गिलास पानी पीना न भूलें।

# क्या है 'डिजिटल आई स्ट्रेन'?

आज की डिजिटल दुनिया में स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में अधिकतर लोग इन स्क्रीन्स पर अपना ज्यादातर समय बिताने लगे हैं। पहले के समय बच्चे कम से कम आउटडोर गेम खेलते थे, लेकिन अब मनोरंजन से लेकर काम तक, हर चीज इन्हीं स्क्रीन्स पर सिमट गई है। लेकिन इस सुविधा का एक नकारात्मक पहलू भी है, लंबे समय तक स्क्रीन पर समय बिताने से हमारी आंखों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, जिसे चिकित्सकीय भाषा में डिजिटल आई स्ट्रेन या कंप्यूटर विजन सिंड्रोम कहा जाता है।



यह सिर्फ आंखों की हल्की थकान नहीं है, बल्कि तेजी से बढ़ती हुई बड़ी समस्या है जो आंखों में जलन, सूखापन, धुंधलापन और लगातार सिरदर्द का कारण बन सकती है। ऐसे में, इस डिजिटल चुनौती के दौर में अपनी आंखों की सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। आइए इस लेख में हम इसी के बारे में विस्तार से जानेंगे कि डिजिटल आई स्ट्रेन क्या है और इससे कैसे बचा जा सकता है?

### डिजिटल आई स्ट्रेन क्या है?

डिजिटल आई स्ट्रेन एक ऐसी स्थिति है, जो लंबे समय तक डिजिटल स्क्रीन (कंप्यूटर, फोन, टीवी) के उपयोग से होती है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी (ब्लू लाइट), बार-बार पलक न झपकना, और अनुचित दूरी या रोशनी में काम करना इसके मुख्य कारण हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 50-90% लोग जो रोजाना 2-3 घंटे से ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताते हैं, इस समस्या से प्रभावित होते हैं। इसके लक्षणों में आंखों में दर्द, सूखापन, थकान, धुंधला दिखना, और सिरदर्द शामिल हैं।

### डिजिटल आई स्ट्रेन के कारण

लंबे समय तक स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करने से आंखों की मांसपेशियां थक जाती हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी रेटिना को नुकसान पहुंचा सकती है और स्लीप साइकिल को प्रभावित करती है। इसके अलावा कम पलक झपकने से आंखें सूखी रहती हैं, जिससे जलन और असहजता होती है। खराब रोशनी, गलत बैठने की मुद्रा, और स्क्रीन की गलत दूरी भी इस समस्या को बढ़ाते हैं।

### बचाव के आसान उपाय

**इस समस्या से बचने के लिए आप कुछ आसान उपाय अपना सकते हैं-**

- हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए स्क्रीन से हटकर 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखें। यह आंखों की मांसपेशियों को आराम देता है।

-आमतौर पर स्क्रीन देखते समय लोग कम पलक झपकाते हैं, जिससे आंखें सूखती हैं। सचेत रूप से बार-बार पलक झपकाएं।

स्क्रीन की ब्राइटनेस को कम करें और नीली रोशनी को कम करने वाले फिल्टर या चश्मे का उपयोग करें।

-स्क्रीन को आंखों से 20-24 इंच की दूरी पर और आंखों के लेवल से सिर्फ 10-15 डिग्री नीचे रखें।

# 'आर्ट थेरेपी' क्या है? जानें रंगों और रचनात्मकता से कैसे दूर होता है तनाव

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और मानसिक थकान आम समस्याएं बन गई हैं। इनसे निपटने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि रंगों की रचनात्मकता के जरिए भी मन को शांति और शरीर को राहत मिल सकती है? आर्ट थेरेपी एक ऐसा ही अनूठा और प्रभावी तरीका है, जो कला के माध्यम से मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। आइए इस लेख में जानते हैं कि आर्ट थेरेपी क्या है, यह कैसे काम करती है, और इसके क्या फायदे हैं।



### आर्ट थेरेपी क्या है?

आर्ट थेरेपी एक चिकित्सीय प्रक्रिया है, जिसमें पेंटिंग, ड्राइंग, स्कल्पचर, या अन्य रचनात्मक गतिविधियों के जरिए भावनाओं को व्यक्त किया जाता है। यह थेरेपी प्रशिक्षित आर्ट थेरेपिस्ट की देखरेख में होती है, जो कला को मनोवैज्ञानिक उपचार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। आर्ट थेरेपी उद्देश्य तनाव, चिंता, डिप्रेशन, या आघात (ट्रॉमा) जैसी समस्याओं को कम करना है। बहुत से लोगों को ऐसा लगता है कि इसके लिए आपको आर्ट आना बहुत जरूरी है, लेकिन ऐसा नहीं है, इसमें बस रचनात्मकता के जरिए भावनाओं को बाहर लाना होता है।

### यह कैसे काम करती है?

आर्ट थेरेपी में रंग, आकार, और बनावट का उपयोग करके व्यक्ति अपनी भावनाओं को व्यक्त करता है। उदाहरण के लिए, किसी को गुस्सा हो तो वह लाल रंग का इस्तेमाल कर सकता है, जबकि शांति के लिए नीला रंग चुन सकता है। यह प्रक्रिया मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करती है, जो भावनाओं को प्रोसेस करते हैं। रचनात्मकता के दौरान डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे हार्मोन रिलीज होते हैं, जो मूड को बेहतर बनाते हैं। थेरेपिस्ट रचनाओं का विश्लेषण करके व्यक्ति के मन की स्थिति को समझते हैं और उपचार की दिशा तय करते हैं।

### आर्ट थेरेपी के फायदे

आर्ट थेरेपी मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक प्रभावी तरीका है, जो रंगों और रचनात्मकता के जरिए तनाव और चिंता को कम करती है। अध्ययनों के अनुसार, यह थेरेपी कॉर्टिसोल (तनाव हार्मोन) के स्तर को कम करती है, जिससे मन शांत होता है और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। इसके अलावा, यह नींद की गुणवत्ता में सुधार करती है, जो की समग्र स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

आर्ट थेरेपी उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाते। कला के माध्यम से वे अपनी भावनाओं को सुरक्षित रूप से व्यक्त कर सकते हैं, जिससे मानसिक बोझ हल्का होता है। यह थेरेपी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं, जैसे डिप्रेशन, पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर, और चिंता विकारों में प्रभावी है। यह आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ाती है, जिससे व्यक्ति जीवन में अधिक सकारात्मक महसूस करता है।

### कैसे शुरू करें?

आर्ट थेरेपी के लिए किसी विशेष कौशल की जरूरत नहीं है। आप घर पर साधारण ड्राइंग या पेंटिंग से शुरुआत कर सकते हैं, इससे आपका मन हल्का लगेगा। हालांकि, गंभीर मानसिक समस्याओं के लिए प्रशिक्षित थेरेपिस्ट की मदद लें। शुरू करने के लिए आप ऑनलाइन सत्रों का भी लाभ ले सकते हैं।

# अच्छी सेहत पाने के लिए क्या छोड़ देना चाहिए रात का खाना?

अब तक हम सभी ये बात अच्छी तरह से समझ चुके हैं कि सेहत को ठीक रखना है तो आहार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक हो जाता है। हम क्या खाते हैं, कब खाते हैं इन सभी का सेहत पर सीधा असर होता है।

अध्ययनों से पता चलता है कि अगर आप दिन में तीन बार भोजन करते हैं- नाश्ता, लंच और डिनर तो इसमें सुबह का नाश्ता सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसमें भरपेट पौष्टिक चीजों का सेवन करना चाहिए, इसके बाद लंच थोड़ा हल्का और रात का भोजन सबसे हल्का रखना अच्छा माना जाता है।

अच्छी फिटनेस पाने, वजन कम करने और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इन दिनों स्किप डिनर काफी ट्रेंडिंग है। इसका मतलब है कि आप रात का खाना छोड़ दीजिए। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए क्या वास्तव में हमें डिनर छोड़ देना चाहिए? आइए इस बारे में समझते हैं।

### इंटरमिटेंट फास्टिंग और डिनर स्किप

हम अक्सर यह सुनते हैं कि ÷रात का खाना हल्का खाना चाहिए या जल्दी डिनर करना फायदेमंद होता है। लेकिन आजकल कुछ लोग एक कदम और आगे बढ़कर डिनर ही स्किप (छोड़) कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है क्या डिनर स्किप करना वाकई फायदेमंद है? या यह शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है? इस संबंध में किए गए अध्ययनों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इंटरमिटेंट फास्टिंग से डिनर स्किप करने का चलन लोकप्रिय हुआ। इसमें लोगों को 16÷8 फास्टिंग करने की सलाह दी जाती है, जिसमें व्यक्ति 16 घंटे उपवास करता है और सिर्फ 8 घंटे में भोजन करता है, जो अक्सर ब्रेकफास्ट और लंच तक सीमित होता है।



### क्या कहते हैं अध्ययन?

सेल मेटाबॉलिज्म जर्नल में इसी से संबंधित एक अध्ययन से पता चलता है कि डिनर स्किप करने या भोजन का समय सीमित करने से कैलोरी इनटेक कम होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है। वहीं यूनिवर्सिटी ऑफ एलाबामा में किए गए अध्ययन से पता चलता है कि अगर दिन का अंतिम भोजन शाम 7 बजे से पहले कर लिया जाए तो ब्लड शुगर लेवल बेहतर कंट्रोल में रहता है।

### डिनर छोड़ देना ठीक है या नहीं?

विशेषज्ञ कहते हैं, डिनर स्किप करने या रात में जल्दी खाने के कुछ लाभ तो जरूर हैं पर सभी लोगों के लिए पूरी तरह से डिनर स्किप करना ठीक नहीं है। शरीर को काम करने के लिए जरूरी ऊर्जा के लिए भोजन की आवश्यकता होती है। शरीर रात के समय में कोशिकाओं की मरम्मत और पुनर्निर्माण करता है। अगर आपने दिन में पर्याप्त पोषण नहीं लिया तो न सिर्फ ये प्रक्रिया बाधित हो सकती है बल्कि आपको थकावट-कमजोरी भी महसूस हो सकती है। इसके अलावा अगर आप शरीर को पर्याप्त प्रोटीन नहीं देते तो इससे मांसपेशियों की समस्याएं बढ़ सकती हैं। प्रोटीन की ही मदद से शरीर रात के समय कोशिकाओं की सही तरीके से मरम्मत करता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

डॉक्टर कहते हैं, अगर आपको पहले से कोई बीमारी है तो बिना अपने चिकित्सक की सलाह के भोजन बिल्कुल न छोड़ें। विशेषकर डायबिटीज वाले मरीजों के लिए ये खतरनाक हो सकता है। रात का खाना छोड़ देने ले कुछ मरीजों को लो ब्लड शुगर की समस्या हो सकती है। इसके अलावा लगातार डिनर स्किप करने के कारण महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन का खतरा बढ़ जाता है।

हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिकल हेल्थ के विशेषज्ञों के अनुसार, डिनर स्किप करना हर किसी के लिए उपयुक्त नहीं है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**शुक्रवार, 27 जून 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, द्वितीया तिथौ शुक्र वासरे 11/10/ पुनर्वसु नक्षत्रे 07/22/ व्याघात योग 21/10/ कौलव करणे 11/20/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** रथयात्रा दर्शन प्रदक्षिण। श्री बलराम जगदीश रथोत्सव। मनोरथ द्वितीया हिजरी मोहर्रम 01 माह शुरू। हिजरी 1447 शुरू।

**मेष :** नवीन अनुबंधों की प्राप्ति होगी। वाद विवाद से कष्ट होगा। आकस्मिक व्यय एंव कार्य से खिन्नता रहेगी।

**वृष :** वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें। स्वस्थ सामान्य रहेगा। परिजनों से संतुष्ट रहेंगे।

**मिथुन :** कार्य व्यापार में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। घरेलू सुख साधनों में वृद्धि होगी।

**कर्क :** पराक्रम में वृद्धि होगी। शत्रु परास्त होंगे। मान सम्मान में वृद्धि होगी। मानसिक सुख शांति रहेगी।

**सिंह :** माता- पिता का सामीप्य मिलेगा। पठन-पाठन में रूचि रहेंगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। अधूरे पड़े कार्य पूरे होंगे। नौकरी के लिए किए गए प्रयास सफल होंगें।

**तुला :** नवीन लाभकारी योजनाएं बनेंगी। कार्य व्यापार में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। उपहार तथा द्रव्य लाभ होगा।

**वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। कामी पर सेन रखे। यात्रा में सावधानी आवश्यक है। धन, सम्मान, यश की प्राप्ति होगी।

**धनु :** भगवती सरस्वती जी की उपासना आपके लिए लाभकारी होगी। समय के महत्व को समझें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मकर :** धन प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी।

**कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारा आय व्यय में असंतुलन पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है।

**मीन :** सृजनात्तक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। निजी संबंधो में प्रगाढ़ता आएगी। नवीन अनुबंधो से धन लाभ होगा।

# पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

**स्वतंत्र भारत विस मऊ।** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट हरेंद्र प्रसाद ने लगभग तीन वर्ष पूर्व पत्नी की फावड़ा से प्रहार कर हत्या करने के मामले में आरोपी पति को सुनवाई के बाद दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा के साथ ही 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया। अर्थदंड न देने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला सरायलखंसी थाना क्षेत्र का है।अभियोजन के अनुसार कोतवाली घोसी क्षेत्र के बहलोलपुर माऊरबोझ गांव निवासी अंकुल यादव की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई थी। पीड़ित का कहना था कि उसकी बहन कृपा देवी की शादी सरायलखंसी थाना क्षेत्र के ताहिरपुर बडिहार गांव निवासी देवेंद्र यादव के साथ हुई थी।आरोप था कि 6 अगस्त 2022 की सुबह 5 बजे उसकी बहन कृपा देवी बर्तन धो रही थी। उसी दौरान आरोपी देवेंद्र यादव ने फावड़े से प्रहार कर उसकी हत्या कर दिया है। पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर बाद में विवेचना आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक सत्येंद्रनाथ राय व अखिलेश कुमार सिंह ने कुल 10 गवाहों को पेशकर अभियोजन का पक्ष रखा।बचाव पक्ष से कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी पति देवेंद्र यादव को पत्नी की हत्या का दोषी पाया। अपर सत्र न्यायाधीश एससी एसटी हरेन्द्र प्रसाद ने आरोपी पति को देवेन्द्र यादव को दोषी करार दिया।वहीं अर्थदंड अदा करने पर उसका 80 प्रतिशत मृतका के दोनों लड़कों को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, हालत गंभीर

**शाहगंज जौनपुर।** बुधवार की रात एक सड़क हादसे में पैदल जा रहा युवक बाइक से टकराकर बुलेरो वाहन की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग 135-ए स्थित रसुलपुर के पास सबरहद रसुलपुर निवासी लालू प्रसाद यादव (31) गुजर रहा था। सामने से आ रही बाइक से टकराकर वह सड़क पर गिर गया। इसी दौरान वहां से गुजर रही बोलेरो लालू प्रसाद यादव को रौंदते हुए आगे बढ़ गई। युवक को सिर, हाथ और कई जगहों पर गंभीर चोट आई। हादसे में बाइक सवार रेहान निवासी खेतासराय और शिवम् निवासी सिखारी आजमगढ़ भी घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद लालू प्रसाद यादव को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस विधिक कार्यवाही में जुटी रही। बोलेरो की तलाश की जा रही है। युवक का उपचारचल रहा है।

# वेतन न मिलने पर संविदा कर्मियों का कार्य बहिष्कार



**सिंगरामऊ जौनपुर।** पॉवर कारपोरेशन के संविदाकर्मियों ने वेतन न मिलने पर नाराजगी जताते हुये गुरुवार को कार्य बहिष्कार किया तथा सिंगरामऊ बछुआर पावर हाउस पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस संबंध में एसडीओ कौशल कुमार को समस्या से अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद भी उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि वेतन न मिलने से उनके सामने परिवार के भरण पोषण का संकट है।संविदाकर्मी ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जून माह गुजरने वाला है लेकिन अभी तक संविदाकर्मियों को अप्रैल माह का वेतन भी नहीं मिला है जिससे उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। एसडीओ को लिखित में समस्या से कई बार अवगत कराया पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। कार्रवाई न होने पर आंदोलन को बाध्य होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब तक संविदाकर्मियों को वेतन नहीं मिल जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान राजमणि पाण्डेय, गांधी गुफ्ता, आशुतोष उपाध्याय, सीताराम पाण्डेय, प्रदीप मिश्र, हौसिला, जयनाथ , श्यामनारायण, वीरेंद्र यादव,संतोष, हरिकेश,कमलेश,राहुल यादव, नरेंद्र सिंह, धीरज मौर्य सहित तमाम संविदा कर्मी आदि मौजूद रहे।

## बिना मान्यता के कक्षाओं का संचालन करने वाले स्कूलों पर होगी कार्यवाही

**जफराबाद जौनपुर।** सिरकोनी विकास खण्ड के पूर्व माध्यमिक स्कूलों द्वारा बिना मान्यता के संचालित की जा रही कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओ को लेकर अब कार्यवाही की जाएगी।इन विद्यालयों की जांच में अब खण्ड शिक्षा अधिकारी को भी शामिल कर लिया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि एक जुलाई से ऐसे पूर्व माध्यमिक स्कूलों को चिन्हित किया जाएगा जो बिना मान्यता के ही कहीं अन्य से अटैचमेन्ट कर कक्षा 9 से 12 कक्षाओं का संचालन अपने यहां पर करते है।जब कि उनका रजिस्ट्रेशन कहीं अन्यत्र होता है। उसके बाद ऐसे डमी स्कूलों पर कार्यवाई की जायेगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता की ओर से ऐसे अवैध और डमी स्कूलों की जांच के लिये जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में बीएसए और खण्ड शिक्षा अधिकारी की तीन सदस्यीय टीम गठन करने का निर्देश दिया है। शासन के इस आदेश से ऐसे डमी माध्यमिक स्कूलों को चलाने वाले प्रबन्धकों में खलबली मची हुई है।

# पूर्व दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की तिथि हुई निर्धारित

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिंह प्रताप देव ने बताया कि पूर्व दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु शासन द्वारा निर्गत समय सारणी के अनुसार पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) व दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्यनरत छात्र छात्राओं के आनलाइन आवेदन से विवरण तथा अन्य कार्यों हेतु समय सारणी निर्गत की गई है। जो निम्नवत् है- पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) व दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) छात्रो द्वारा रजिस्ट्रेशन आनलाइन करने की तिथि 02 जुलाई से 30 अक्टूबर तक व छात्रों द्वारा फाइनल प्रिन्ट आउट निकालने की तिथि 03 जुलाई 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक तथा आवेदन पत्रों की हार्ड कापी छात्र छात्राओ द्वारा संलग्नको सहित विद्यालय में जमा करने की तिथि 03 जुलाई से 04 नवम्बर तक निर्धारित की गई है। साथ ही संस्था द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखो के परीक्षणोपरान्त छात्र छात्राओं के पात्र आवेदन पत्रों को सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 03 जुलाई से 06 नवम्बर तक निर्धारित की गई है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति (उच्च कक्षाओं) हेतु छात्रो द्वारा रजिस्ट्रेशन आनलाइन करने की तिथि 10 जुलाई से 20 दिसम्बर तक व छात्रों द्वारा फाइनल प्रिन्ट आउट निकालने की तिथि 12 जुलाई से 23 दिसम्बर तक तथा आवेदन पत्रों की हार्ड कापी छात्र छात्राओ द्वारा वांछित संलग्नको सहित विद्यालय में जमा करने की तिथि 24 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है।अभिलेखो के परीक्षणोपरान्त छात्र छात्राओं के पात्र आवेदन पत्रों को सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 11 जुलाई से 10 जनवरी तक निर्धारित की गई है। समय सारणी वेबसाइट Scholarship.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## खबर एक नजर

### उपनिरीक्षक का हुआ तबादला, परशुराम सेना ने किया सम्मानित

**स्वतंत्रभारत मऊ।** थाने पर तैनात उपनिरीक्षक मनोज सिंह का गुरुवार को तबादला होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर बीएसएस परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत कुमार पांडे ने उपनिरीक्षक मनोज सिंह को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत कुमार पांडे ने उपनिरीक्षक मनोज सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि वे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और जनता के प्रति संवेदनशील अधिकारी रहे हैं। उनकी कार्यशैली ने थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस मौके पर स्थानीय अविनाश पांडे सत्यम पांडे विमल राय संदीप गुप्ता श्री उपाध्याय पिंटू प्रजापति सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उपनिरीक्षक मनोज सिंह को उनके नए पदस्थापन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ई-रिक्शा के चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के मधुबन-दुबारी मार्ग स्थित बौला पुल के समीप बुधवार की देर सायं ई-रिक्शा की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार एक किशोर मामूली रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में हुई युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव को लेकर घर आ गए। बताया जाता है कि मृतक गाजीपुर जनपद के गाई चंवर गांव का निवासी था। वह अपने ससुराल में रहकर फर्नीचर का कार्य करता था।

### शिक्षक संघ के महामंत्री ने नियम विरुद्ध नियुक्ति का लगाया आरोप

**स्वतन्त्र भारत।** गाजीपुर- 26 जून 2025 - डॉ. मनोज कुमार सिंह, मनोविज्ञान विभाग के विभाग प्रभारी और पीजी कॉलेज शिक्षक संघ के महामंत्री, ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय पर मनोविज्ञान विषय की अध्ययन परिषद के संयोजक की ÷नियम विरुद्ध÷ नियुक्ति का आरोप लगाया है। यह मामला अब महामहिम राज्यपाल (कुलाधिपति) के समक्ष विचाराधीन है, जिसके तहत ÷डॉ. मनोज कुमार सिंह बनाम कुलपति÷ वाद संख्या 35/2024 दर्ज किया गया है। डॉ. सिंह का आरोप है कि तिलकधारी महाविद्यालय में परास्नातक मनोविज्ञान विभाग स्ववित्तपोषित होने के बावजूद उसे नियमविरुद्ध अनुदानित दिखाकर एक शिक्षक को अवैध रूप से अध्ययन परिषद का संयोजक नियुक्त किया गया। इस कानूनी कार्रवाई के बाद, विश्वविद्यालय और संबंधित महाविद्यालय के कुछ पदाधिकारी व शिक्षक उनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चला रहे हैं। डॉ. सिंह ने पूर्व में भी राज्यपाल से अपने पक्ष में फैसला प्राप्त किया था, जिसके बाद वे विभाग के वरिष्ठतम शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि इस फैसले के बाद से विश्वविद्यालय का उनके प्रति रवैया नकारात्मक रहा है। 15 सितंबर 2017 से पदस्थापित डॉ. सिंह को कभी भी शिक्षण या अनुशासन को लेकर कोई नोटिस नहीं मिला है। उन्होंने अपने विरोधियों द्वारा लगाए गए आरोप को इसे अपने चरित्र पर हमला बताया है और शिक्षा प्रशासन, प्रशासन और पत्रकारिता जगत से बिना पुख्ता प्रमाण के कोई भी कार्यवाही शुरू न करने या समाचार प्रकाशित न करने की अपील की है। डॉ. सिंह ने वर्तमान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. राहुल सिंह और उनके गुट को अपने विरोध का कारण बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक शिक्षक और महामंत्री के रूप में उन्हें अन्यायपूर्ण कृत्यों के विरुद्ध वैधानिक विरोध का अधिकार है और वे इसका प्रयोग जारी रखेंगे।

### भाजपा के नवनियुक्त मंडल उपाध्यक्ष का स्वागत

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन नगर पंचायत कस्बा के भोला रोड मोड़ पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल इकाई मधुबन के नवनियुक्त मंडल उपाध्यक्ष शिवशरण मल्ल का स्वागत कार्यक्रम हुआ। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने नए मंडल उपाध्यक्ष का गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण व साल ओढ़ाकर स्वागत किया। मंडल उपाध्यक्ष शिवशरण मल्ल ने कहा कि जिस उम्मीद और भरोसे के साथ उनको उपाध्यक्ष बनाया गया है, वह पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ पार्टी को आगे बढ़ाएंगे। भाजपा के पूर्व महामंत्री राहुल दीक्षित ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इसमें एक साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी का बड़ा पदाधिकारी बन सकता है। इस मौके पर संतोष तिवारी,गोलू मौर्य, दीपक यादव, मुकुंद चंद, पप्पू शर्मा,सुधीश, मनीष राजभर,पैगाम, शकील आदि मौजूद रहें।

### ठाकुर जी की रथ यात्रा 27 जून को

**स्वतंत्रभारत मऊ।** रतनपुरा की प्रसिद्ध ठाकुर जी की रथ यात्रा आगामी 27 जून को सायं 4ः00 बजे से प्रारंभ होगी। रथ यात्रा श्री राम जानकी मंदिर कुंजवन कुटीर बुढ़वा बाबा के स्थान से प्रारंभ होकर रतनपुरा बाजार होते हुए रघुनाथ हनुमान मंदिर तक जाएगी। उक्त आशय की जानकारी राम जानकी मंदिर कुंजवन कुटीर के महंत अरुणेश दास महाराज ने दी है। उन्होंने प्रखंड के समस्त धर्म प्राण नागरिकों से रथ यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है।

### संचारी रोग के रोकथाम हेतु एक कार्यशाला का आयोजन 27 जुलाई को

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना ब्लाक परिसर के सभागार में 27 जुलाई शुक्रवार को संचारी रोग के रोकथाम हेतु एक कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक परिसर में किया गया है जिसमें ग्राम प्रधान सेक्रेटरी खंड शिक्षा अधिकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हुए चिकित्सा स्वास्थ्य कर्मी भाग लेंगे इस आशय की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षक डॉक्टर रामबदन ने दी है

### शक्तिपुत्र तोमर होंगे मऊ के प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय

**स्वतंत्र भारत विस मऊ।** मऊ में उच्च न्यायालय द्वारा जारी स्थानान्तरण सूची के अनुसार, जिले के एक न्यायिक अधिकारी का स्थानान्तरण किया गया है। मऊ में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के पद मोहम्मद रिजवानुल हक को पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल बस्ती स्थानान्तरण हुआ है, उनके स्थान पर कासगंज में तैनात एडीजे को मऊ में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के पद पर भेजा गया है।

# नवागत डीपीआरओ का प्रधान संगठन ने किया स्वागत

**स्वतंत्रभारत मऊ।** पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश शाखा मऊ द्वारा नवागत जिला पंचायत राज अधिकारी (नवागत डीपीआरओ कुमार अमरेन्द्र का संगठन के प्रदेश प्रभारी रविन्द्र राय के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष अजय जायसवाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद के विभिन्न पंचायतों से जुड़ी समस्याओं को डीपीआरओ के समक्ष रखा गया।बैठक के दौरान ब्लॉक कोपागंज के ग्रामपंचायत मुस्कुरा में मनरेगा लोकपाल द्वारा की गई कार्यवाही पर सवाल खड़े किए गए। संगठन ने लोकपाल की कार्यशैली को अनुचित बताते हुए उसकी कड़ी आलोचना की। संगठन ने आरोप लगाया कि मनरेगा के कार्यों की जांच के नाम पर पंचायत प्रतिनिधियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। संगठन के प्रदेश प्रभारी रविन्द्र राय ने एक अन्य गंभीर मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों – जैसे ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के निधन के उपरांत पंचायत कल्याण कोष से मिलने वाली सहायता राशि में अत्यधिक विलंब हो रहा है। साथ ही बताया कि ब्लॉक रानीपुर के मिर्जापुर अमरेसेपुर भेड़िया घर तथा मोहम्मदाबाद गोहना ब्लोक की ग्रामसभा नोनियपुर के प्रधानों के निधन को एक वर्ष से अधिक हो चुका है लेकिन अब तक मृतक परिवारों को आर्थिक सहायता नहीं मिल सकी है।रविन्द्र राय ने जिला प्रशासन से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई की माँग करते हुए कहा कि मृतक प्रतिनिधियों के परिजनों को शीघ्र लाभान्वित किया जाना चाहिए।इस बैठक में रमेश यादव लल्लन यादवप्रवीण कुमार राजभर कोमल राजभर गुलाब मौर्य गोविंद राजभर गुड्डी देवी आदि सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बचाव एवं राहत कार्यों को लेकर हुई मॉक एक्सरसाइज

**स्वतंत्रभारत मऊ।** राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जनपद के बाढ़ प्रभावित तहसीलों मधुबन एवं घोसी में मॉक एक्सरसाइज किया गया। इस दौरान बचाव एवं राहत कार्यों को लेकर बाढ़ से संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। तहसील मधुबन के ग्राम पंचायत सूरजपुर में मुख्य मार्ग के कटाव के उपरांत तत्काल मरम्मत कार्य करने के अलावा कटे हुए मार्ग को यथाशीघ्र आवागमन हेतु तैयार किया गया। इसके अलावा तहसील घोसी में दोहरीघाट पुल के नीचे नाव पलटने एवं डूबते हुए व्यक्ति के बचाव कार्य तथा तत्काल प्राथमिक उपचार के संबंध में मॉक एक्सरसाइज की गई। मॉक एक्सरसाइज के दौरान संबंधित विभागों यथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, लोक निर्माण, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग एवं एन.डी.आर.एफ. टीम, आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। संबंधित तहसीलों के उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में मॉक की एक्सरसाइज की कार्यवाही संपन्न हुई।

# जनपद न्यायालय में अंतरराष्ट्रीय नशा विरोध का आयोजन



**स्वतन्त्र भारत। गाजीपुर** - माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 26.06.2025 को दसकक्षीय सभागार, जनपद न्यायालय गाजीपुर में अन्तर्राष्टीय नशा निरोध दिवस का आयोजन गया। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग की समस्या वैश्विक स्तर पर भयानक रूप से फैल चुकी है। नशीली चीजों और पदार्थो के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को अन्तर्राष्टीय नशा निरोध दिवस मनाया जाता है। नशीला दवाओं के दुरूपयोग और अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के खिलाफ एक संयुक्त अन्तर्राष्टीय दिवस हैं। श्री शक्ति सिंह-।, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-01/नोडल अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा बताया गया कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग से पीड़ित व्यक्ति को पारिवारिक व सामाजिक अलगाव और लोगों की उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। इससे निश्चित रूप से उन्हें बहुत मानसिक और शारीरिक कष्ट और आघात पहुंचता है। वे आवश्यक मदद से भी वंचित रह जाते है। इससे उनका और उनके परिवारों का जीवन दयनीय और कठिन बन जाता है, इसलिए नशीली दवाओं से छुटकारा पाने की नीतियों के लिए एक जन-केन्द्रित सोच की आवश्यकता है, जो मानव अधिकारों और करूणा पर लक्षित हो। इस अवसर पर धमेन्द्र कुमार पाण्डेय, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर, संजय हरी शुक्ला, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकारी गाजीपुर, विजय पाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-03 गाजीपुर, अभिमन्यू सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-04 गाजीपुर, श्रीमती नूतन द्विवेदी, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गाजीपुर, अमित कुमार-।। सिविल जज (सी0डि0) गाजीपुर/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर, दीपेन्द्र कुमार गुप्ता अपर सिविल जज (सी0डि0) गाजीपुर, श्रीमती अर्चना-।। सिविल जज (सी0डि0)/त्वरित न्यायालय, गाजीपुर, स्वेतांक चौहान, सिविल जज (जू0डि0) गाजीपुर, हार्दिक सिंह, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड गाजीपुर, अनंत कुमार, अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0-02 गाजीपुर, श्रीमती श्वेता नैन, अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0-06 गाजीपुर एवं विद्वान अधिवक्तागण व कर्मचारीगण द्वारा इस शिविर में प्रतिभाग किया गया।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापक की मासिक बैठक



**स्वतन्त्र भारत जमानिया (गाजीपुर)।** नगर स्थित सत्यम इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी राजीव यादव ने की। बैठक के दौरान श्री यादव ने ÷स्कूल रेडनेस कार्यक्रम÷ की रूपरेखा साझा करते हुए निर्देश दिया कि आगामी 1 जुलाई से स्कूलों में नए प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत रोरी टीका एवं गुब्बारों से सजी स्कूल प्रांगण के साथ किया जाए, जिससे बच्चों में विद्यालय के प्रति उत्साह और अपनापन बढ़े। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉक्टरों की टीम ने संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी और बच्चों में स्वच्छता और सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर एआरपी अरविंद कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित शिक्षकों से निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक को 'निपुण ब्लॉक' बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, विनोद सिंह, सुरेश सौरभ, अखिलेश गिरी, ओमप्रकाश सिंह, मिथिलेश सिंह, गणेश दत्त पांडे, रेनू सिंह, कृष्णा यादव, गोरख आदि लोग उपस्थित रहे।

## एन-कार्ड की जनपद स्तरीय समिति की बैठक

**स्वतन्त्र भारत।** गाजीपुर जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में एन-कार्ड की जनपद स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने एन कार्ड की जनपद स्तरीय समिति की बैठक में निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थानों पर जहां ड्रग्स के साथ किसी प्रकार की मादक पदार्थो की बिक्री की संभावना हो, वहां नियमित पेट्रोलिंग की जाए, जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, समय समय पर निरीक्षण व आकस्मिक चेकिंग की जाए। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा परिषद/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद के सभी विद्यालयों में नशा मुक्ति के सम्बन्ध में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए बच्चों को जागरूक किया जाय। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सहित संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बाइक की टक्कर से चौकीदार गंभीर रूप से घायल

**शाहगंज जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र अंतर्गत इमामपुर गांव निवासी फिरतू उर्फ खुदुर गौतम, जो खुटहन थाने पर चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार की देर शाम वह अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौटने के बाद किसी घरेलू कार्य से पैदल इमामपुर बाजार से गौसपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फिरतू वहीं सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल उठाकर उपचार हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। सीएचसी के चिकित्सकों ने सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी स्थिति नाजुक बताई और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी हालत में कोई सुधार नहीं होने पर 24 घंटे बीत जाने के बाद उन्हें वाराणसी स्थित अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार, उन्हें अब तक होश नहीं आया है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस अज्ञात बाइक सवार की तलाश कर रही है। स्थानीय लोगों में इस दुर्घटना को लेकर आक्रोश है और उन्होंने अज्ञात वाहन चालक को जल्द पकड़ने की मांग की है।

# अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने सादगी से मनाई छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती



**महराजगंज जौनपुर।** स्थानीय विकासखंड महराजगंज के पुरागंभीरशाह में अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती सादगी से मनाई गई। पार्टी के सहकारिता मंच के प्रदेश महासचिव व बदलापुर विधानसभा प्रभारी भारत सिंह पटेल ने छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। छत्रपति शाहूजी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने राजा होते हुए भी दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा। दलित वर्ग के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की। गरीबों के बच्चों के लिए छात्रावास बनवाए। बाल विवाह पर प्रतिबंध लगाया। कोल्हापुर के राज परिवार के छत्रपति शाहूजी ने भूमि सुधार लागू किये। उन्हें आरक्षण के प्राविधान के लिए खासतौर पर याद रखा जाता है। उन्होंने पिछड़ों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की थी। वे सामाजिक न्याय के महान योद्धा थे। इस मौके पर सुशील कुमार सिंह शोभनाथ पटेल राधेश्याम सरोज उदयभान पटेल संजय पटेल बजरंगी पटेल कृपा शंकर पटेल लालचंद पाल रमेश गौतम रमाशंकर बिन्द दीपक बिन्द मनोज कनौजिया आनंद सरोज पंकज बिन्द आदि कार्यकर्ता मौजूद है।

## ओम हरि उपाध्याय बनाये गए नए जिला पूर्ति अधिकारी

**स्वतंत्रभारत मऊ।** खाद्य एवं रसद विभाग जवाहर भवन लखनऊ ने अपने एक संशोधित आदेश के जरिए मऊ के जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम को मुख्यालय से संबंध कर दिया है। आयुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने प्रशासनिक आधार पर विकास गौतम को मऊ से मथुरा फिर वहां से मुख्यालय संबद्ध किया है। आयुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने अपने आदेश में कहा है कि स्थानांतरित अधिकारी बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए नव तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें। कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं ओम हरि उपाध्याय मऊ के नए जिला पूर्ति अधिकारी बनाए गए हैं।उल्लेखनीय है कि ओम हरि उपाध्याय जीबी नगर से बिजनौर स्थानांतरित किए गए थे। फिर उन्हें संशोधित आदेश के जरिए जनहित में मऊ का जिला पूर्ति अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# आपातकाल दिवस पर लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प



**सुइथाकला जौनपुर।** विकासखंड सभागार में बुधवार को 50 वां आपातकाल दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ उमेश चंद्र तिवारी ने लोकतंत्र की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिक अधिकारों की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने आपातकाल को लोकतंत्र के लिए काला दिवस बताया। उन्होंने इस दिन को देश के नागरिकों की स्वतंत्रता तथा उनके अधिकारों को कुचलने वाला दिन बताया।कहा कि 25 जून 1975 को लागू आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जब संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत नागरिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे लोकतंत्र के प्रति सजग और सचेत रहें ताकि भविष्य में देश को दोबारा ऐसे दौर से न गुजरना पड़े। बीडीओ जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यदि भविष्य में लोकतंत्र पर कोई संकट आता है तो प्रत्येक नागरिक को एक जागरूक प्रहरी की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से इतिहास से सीख लेकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता संजय सिंह व संचालन किया। मौके पर राजेश उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष अवधेश दूबे, ओम प्रकाश तिवारी, डॉक्टर रणंजय सिंह , वेद प्रकाश तिवारी, एडीओ पंचायत जय प्रकाश मौर्य, जितेंद्र शाह, राजेंद्र सिंह सोनल आदि लोग उपस्थित रहे।

## तहसीलदार ने समस्त अमीन एवं तहसील कर्मचारियों के साथ की बैठक

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील परिसर के सभागार में गुरुवार संध्या तहसीलदार अनीश सिंह ने तहसील के समस्त अमीन एवं तहसील के पटल पर काम कर रहे कर्मचारी की एक बैठक ली बैठक में अमीनो को निर्देश दिया कि पता धड़क कार्य की वसूली रजिस्ट्री विभाग से आए हुए खारिज दाखिल आदि मामलों का त्वरित निस्तारण कारण एवं कर वसूली पर विशेष ध्यान दें भिन्न-भिन्न मदों में जो वसूली लंबित है वाहन क्षेत्र के अमीन मौके पर जाकर जानकारी प्राप्त करते हुए बकाया पैसा अवश्य जमा कारण इस दौरान तहसीलदार अनिल सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही है अन्य योजनाओं के बारे में भी दिशा निर्देश दिया इस मौके पर नायक तहसीलदार गौरव शाह सोनू सिंह शकील अहमद समेत तहसील के समस्त अमीन उपस्थित रहे।

# कमेटी के गठन की स्वीकृत न होने से पार्टी के कार्य की गति धीमी : राजेन्द्र प्रताप सिंह



## कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह के द्वारा जिले और ब्लाक अध्यक्षों की कमेटी प्रदेश कार्यालय को भेजने के बाद भी नहीं मिली स्वीकृति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह ने आज कहा कि जिले की कमेटी का गठन और ब्लाक अध्यक्षों की कमेटी बना करके प्रदेश कार्यालय भेजा गया है, परन्तु उसकी स्वीकृति न आने से कांग्रेस पार्टी की चाल धीमी पड़ गयी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मांग किया है कि इन कमेटियों की स्वीकृति शीघ्र भेजा जाय जिससे पार्टी की मजबूती बनायी जा सके। कमेटियों का गठन तक जिला स्तर पर कर दिया गया है परन्तु वहां से स्वीकृति न मिलने से कार्यों में बाधा आ रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष दोनों मिल करके कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं। जिले की विभिन्न तहसीलों व ब्लाकों में भ्रमण भी किया जा रहा है। क्योंकि आगामी 2027 का चुनाव देखते हुए और पंचायत चुनाव को देखते हुए पार्टी की गति तेज करनी है। उन्होंने बताया कि जिले के मतदाताओं से संवाद करने के बाद ही पार्टी को मजबूत बनाया जा सकता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता जनहित को देखते हुए सुख, दुख में ब्लाक में, तहसील में लोगों से सम्पर्क भी कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि आगामी विधानसभा के चुनाव में अयोध्या मजबूती की राह पर आ जायेगा।

# अमृत योजना के अन्तर्गत हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अमृत योजना के अन्तर्गत नगर विकास, डूडा एवं स्थानीय निकाय के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गयी। नगर पंचायत खिरौनी व नगर पंचायत बीकापुर के अन्तर्गत अमृत के विकास कार्य की समीक्षा के दौरान परियोजना प्रबन्धक यूनिट-44 सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम द्वारा बताया गया कि तालाब के किनारे बन्धा बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा वेट लैण्ड व ड्रेनेज का कार्य प्रगति पर है, जिस पर ए0डी0एम0 प्रशा0 ने कार्य में तेजी लाते हुये समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में एएमसी पीओ डूडा, ई0ओ बीकापुर सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लाडली फाउंडेशन ने 25 लाख की लागत से कराया सुलभ शौचालय का निर्माण : गिरीशपति त्रिपाठी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** नाका बाईपास चौराहे के ओवर ब्रिज के नीचे 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित 10 सीटर सुलभ शौचालय का लोकार्पण महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस शौचालय का निर्माण नगर निगम ने स्वयंसेवी संस्था लाडली फाउंडेशन के तत्वावधान में कराया है। इस मौके पर पार्षद विकास कुमार एवं सूर्यकुमार तिवारी, अपर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ल एवं नागेंद्र नाथ, सफाई निरीक्षक राजेश वर्मा, लाडली फाउंडेशन के आकाश सिंह, भाजपा नेता रमेश राना आदि मौजूद थे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि इस शौचालय में पांच-पांच सीट महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग हिस्से में लगाई गई है। इसे प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए ढाई लाख रुपये की अत्याधुनिक डिवाइस का प्रयोग किया गया है, जो अयोध्या में पहली बार किसी पब्लिक टॉयलेट में लगाया गया है। यह डिवाइस मीथेन गैस को नियंत्रित करेगी। फर्श की सफाई के लिए ऑटोमेटिक क्लीनर लगाया गया है। महापौर ने इस मौके पर शौचालय के सामने बनाए जा रहे पार्क का नाम लाडली वाटिका करने की मांग को स्वीकार किया और पांच बेंचे आने वाले लोगों के बैठने के लिए पार्क में लगवाने का ऐलान किया।

# हॉल का विधायक ने किया लोकार्पण




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आज रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद द्वारा मुस्कान पुनर्वास केंद्र में नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर विधायक वेद गुप्ता ने नर्मदा गुप्ता के साथ हॉल का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विधायक ने शिलालेख से पर्दा हटाकर एवं रिबन काटकर हॉल का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब के संस्थापक अध्यक्ष रो. अनुराग अग्रवाल एवं मंडल निदेशक रो. अरुण अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रो. अमित अग्रवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रस्तोगी समाज के अध्यक्ष प्रवीण रस्तोगी, नर्मदा गुप्ता, सपना रस्तोगी, नीता मित्तल, वंदना अग्रवाल, चेयरपर्सन रश्मि केसरवानी, रितेश गोयल, संजीव सोनी, नितेश रस्तोगी, राहुल केसरवानी, सुनील रस्तोगी, अनुज भाज्जा, प्रतीक रस्तोगी, नीरज सिंघल, नमन रस्तोगी, संजीव अग्रवाल, कुलवंत पांडे, अतुल सिंह, पार्थ अग्रवाल, संजय मित्तल, अरविंद अग्रवाल, शिवकुमार मिश्र, राजेंद्र श्रीवास्तव, राघवेंद्र अवस्थी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# पेट्रोलियम डीजल एसोसिएशन की हुई बैठक, समस्याओं पर हुई चर्चा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पदाधिकारियों की एक बैठक आहूत की गई जिसमें डीलरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। इसमें जिला पंचायत टैक्स कम करने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एसोसिएशन की वार्षिक बैठक 20 जुलाई को निर्धारित की गई है, जिसमें नए डीलरों का सम्मान किया जाएगा। आज की बैठक में गणेश अग्रवाल, संजीव पांडेय, विपिन सिंह, राघवेंद्र सिंह, अनिल शर्मा, राम भवन, टी एन तिवारी एवं अन्य डीलर उपस्थित रहे। बैठक में अन्य कई मुद्दों पर भी वृहद स्तर पर चर्चा की गयी। उपस्थित सभी एसोसिएशन के सदस्यों ने यह तय किया कि अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलग बैठकें करके भविष्य में निर्णय लिया जायेगा।

# जुलाई में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह जुलाई से डॉक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जनपद में संचालित किया जाएगा, के क्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सभी संबंधित विभागों की जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक का आयोजन 26 जून को मुख्य विकास अधिकारी सभागार में जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह अध्यक्षता में संपन्न हुई मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान आरंभ से पूर्व सभी महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित करा लें। स्वास्थ्य विभाग से जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय डॉ आशा राम, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ वी पी त्रिपाठी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, डी के श्रीवास्तव (एफसीओ), डीपीएम, डीसीपीएम आदि एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा अन्य सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं डब्लू एचओ की एसमओ, डीएमसी (यूनिसेफ), पाथ आदि संस्था के प्रतिनिधि बैठक में सम्मिलित हुए।

# अयोध्या विधानसभा में तीन रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की बनी कार्ययोजना

## गद्दौपुर में बनेगा चार लेन रेलवे ओवरब्रिज, रामपथ से मऊ शिवाला तक बनेगी सड़क

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** यातायात सुविधाओं में बढ़ोत्तरी को लेकर अयोध्या विधानसभा को मिली परियोजनाओं की श्रंखला में एक और कड़ी जुड़ने जा रही है। विधानसभा क्षेत्र के गद्दौपुर रेलवे क्रासिंग में चार लेन के रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की कार्ययोजना सेतुनिगम ने शासन को भेजी है। इसके साथ में सूर्यकुंड व हलकारा का पुरवा के रेलवे ओवरब्रिजों के बगल टू लेन का एक अन्य रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की कार्ययोजना बनाई गयी है। जिसे भी शासन को भेज दिया गया है। तीनों परियोजनाओं की स्वीकृति को लेकर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता प्रयास कर रहे है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि गद्दौपुर रेलवे ओवरब्रिज पर 644 मीटर लम्बे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इसकी लागत 190 करोड़ रुपये आएगी। मोदहा चौराहा से गद्दौपुर मऊशिवाला मार्ग पर जाने वाले यात्रियों व स्थानीय लोगो को इसका लाभ मिलेगा। सूर्यकुंड पर वर्तमान रेलवे ओवरब्रिज के समानांतर एक अन्य टू लेन के रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। जिसकी लम्बाई 630 मीटर व लागत 74 करोड़ है। हलकारा का पुरवा में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के समानांतर एक अन्य रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। जिसकी लम्बाई 650 मीटर लागत 60 करोड़ आएगी। तीनों रेलवे ओवरब्रिज की कार्ययोजना बनायी जा चुकी है। कार्ययोजना स्वीकृत होने के बाद निर्माण शुरु किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामपथ से गद्दौपुर चौराहा होते हुए मऊशिवाला तक सड़क चौड़ीकरण की कार्ययोजना भी शासन को भेजी गई है। जनपद को जाम की दिक्कत से निजात दिलाने के लिए यात्रियों व आम लोगो की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए वैकल्पिक अच्छी सड़कों की व्यवस्था की जा रही है। इससे अपनी आवश्यकतानुसार सड़क का चयन लोग कर सकेंगे। कई मार्ग होने से यातायात व्यवस्था और अच्छी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगो के द्वारा यातायात की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए इस तरह की परियोजना का सुझाव दिया गया था। इसके बाद इसकी कार्ययोजना तैयार की गई है।

# स्मार्ट जीवन में वित्तीय साक्षरता विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में स्मार्ट जीवन में वित्तीय साक्षरता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि बचत एवं निवेश को लेकर आज हर वर्ग और युवाओं में जागरूकता है। पहले के लोगों को बचत और निवेश के बारे में किसी प्रकार की जागरूकता नहीं थी। कहा कि महिलाओं को वित्तीय साक्षरता की जानकारी होना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनके द्वारा ही पारिवारिक आय और व्यय का प्रबंधन किया जाता है। वित्तीय साक्षरता आपको अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करती है। इससे आप अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। एसबीआई के शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए बैंक द्वारा ऋण कि सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साढ़े सात लाख रुपये तक बिना किसी सिक्योरिटी के बैंक द्वारा लोन दिया जा रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को विद्या लक्ष्मी पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी। ऋषि कुमार ने सोना खरीदते समय सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। बताया कि ग्राहक सोना खरीदते समय हॉलमार्क, एचयूआईडी नंबर और पक्की रसीद अवश्य लें। क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक मुरली मनोहर, सहायक शाखा प्रबंधक कुमारी अंजली चौधरी ने भी साइबर सिक्योरिटी, स्टार्टप योजनाएं, मुद्रा लोन योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिष्ठाता डा. साधना सिंह के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा. पूनम सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं लगभग 200 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# नागेन्द्र यादव के मर्डर मिस्ट्री का पुलिस ने खोला राज



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पूराकलन्दर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पलिया गोवा में 23/24 की रात्रि में अपने खेत में पानी लगाने गये नागेन्द्र प्रसाद यादव की मिली रक्तरंजित लाश के मर्डर मिस्ट्री से पर्दा उठाते हुए पुलिस ने एक 19 वर्षीय अभियुक्त विनय कुमार प्रजापति पुत्र राममनोरथ प्रजापति निवासी पलिया गोवा को गिरफ्तार करके उसके पास से आला कत्ल एक हंसिया, एक अदद मोबाइल फोन तथा साक्ष्य मिटाने के लिये अभियुक्त द्वारा जलाये गये अपने खून से लथपथ कपड़े के अवशेष को बरामद करके गिरफ्तार कर लिया है। घटना के पीछे मृतक द्वारा अभियुक्त की बहन को नशे में अपशब्द कहे जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटनाक्रम के अनुसार विगत 23/24 जून की रात्रि में मृतक नागेन्द्र प्रसाद यादव अपने खेत में धान लगाने के लिये पानी लगाने गया था। अभियुक्त विनय कुमार प्रजापति अपने घर से रोटी और चावल बनवाकर लाया था। बकौल विनय मृतक नागेन्द्र प्रसाद यादव मसौधा बाजार से मुर्गा बनवाकर लाया था। अभियुक्त नागेन्द्र के घर से नागेन्द्र प्रसाद यादव उर्फ सोनू यादव पुत्र रामप्रकाश यादव निवासी पलिया गोवा एक चारपाई भी लेकर आये थे जिस पर बैठकर मुर्गा खाये और अपने साथियों के साथ दारू भी पिये। उसी समय अभियुक्त की बहन के बारे में मृतक ने अपशब्द कहे जो विनय कुमार को चुभ गयी और उसी कारण से उसने अर्द्धरात्रि में अकेले में पाकर नागेन्द्र यादव की हंसिया से गला काटकर हत्या कर दिया। पुलिस ने 48 घंटे के अंदर इसका खुलासा कर दिया।

# एन.टी.पी.सी. टांडा द्वारा हिंदी पुस्तकों का किया गया वितरण



**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** एनटीपीसी टांडा के मानव संसाधन-राजभाषा विभाग द्वारा 26 जून को हिंदी भाषा एवं साहित्य को बढ़ावा देने हेतु एक प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत स्थानीय विद्यालयों में हिंदी पुस्तकों का वितरण किया गया। यह पुस्तकें कॉलोनी स्थित डालीम्स विद्यालय, विवेकानंद इंटर कॉलेज तथा विवेकानंद शिशु कुंज विद्यालय को छात्रों के अध्ययन एवं पुस्तकालय की समृद्धि हेतु प्रदान की गईं। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अनुराग सिन्हा तथा राजभाषा अधिकारी वरुण सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अनुराग सिन्हा ने हिंदी साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित पठन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया और लगभग 130 पुस्तकों का अनुदान किया। उन्होंने कहा राजभाषा विभाग की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि जागृत करना, पठन संस्कृति को प्रोत्साहित करना एवं राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को सशक्त बनाना है।

# जागरूकता रैली के माध्यम से नशा मुक्ति की दिलायी शपथ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को और मजबूती देते हुए श्रद्धा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई और जागरूकता रैली निकालकर जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्रीनारायण पांडेय ने कहा, नशाखोरी आज की युवा पीढ़ी को असमय काल के गाल में ढकेल रही है। यह न केवल व्यक्ति की सेहत बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को भी बर्बाद करती है। डॉ. अतुलेन्द्र प्रताप ने अपने उद्बोधन में बताया कि, नशा करने से शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे लीवर और फेफड़े क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस जैसे रोग जन्म लेते हैं, जिससे व्यक्ति धीरे-धीरे मौत की ओर बढ़ता है। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी और रैली कार्यक्रम में सरिता देवी, दीपमाला, कुलदीप, दीपक कुमार सहित नशा मुक्ति केंद्र में निवासरत मरीजों की भी उपस्थिति रही।

# इमाम हुसैन का बलिदान मजलूमों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत : मौलाना आमिर



**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, दृढ़ता का परिचय साहसी होने का प्रमाण है, जो कर्बला के बलिदानियों से हमें मिलता है। कठिन परिस्थितियों में भी रब पर भरोसा रखना चाहिए और सब्र करना चाहिए। उक्त विचार मौलाना सैयद मोहम्मद आमिर ने बृहस्पतिवार को मौजा इटरौरा में मरहूम सैयद अहमद अब्बास के चालीसवें की मजलिस को संबोधित करते हुए कही। सैयद अकबर अब्बास आदि द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मौलाना आमिर ने कहा कर्बला में भूख, प्यास और दुखों के पहाड़ के बावजूद इमाम हुसैन और उनके साथियों ने सब्र का दामन नहीं छोड़ा था। जबकि प्रयागराज से आए आलिमेदीन मौलाना सैयद रजी हैदर ने अपने बयान में कहा हजरत इमाम हुसैन की शहादत से हमें कई महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं, जो आज भी मानवता और इंसाफ के रास्ते को रौशन करते हैं। उससे पहले कुरान की तिलावत के बाद सैयद मोहम्मद अब्बास ने सोजखानी तथा सैयद नजर अब्बास तब्बू आदि ने पेशखानी किया। आतिथ्य का उत्तरदायित्व सैयद अकबर अब्बास, सलमान अब्बास, मोहम्मद हैदर, सलमान हैदर व इर्फान अब्बास ने संभाला। शादाब हुसैन, मोहम्मद अस्करी, हैदर अब्बास, मोहम्मद शब्बर, मेहदी रजा आफताब सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रधान संघ संगठन के जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आज हरिनारायण सिंह शिक्षण संस्थान डेरामूसी में अखिल भारतीय प्रधान संगठन जनपद अयोध्या के जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई जिसमें जिसमें संगठन की मजबूती, अक्टूबर में विशाल जिला सम्मेलन/विचार गोष्ठी करने की तैयारी तथा जनपद के प्रधानों का उत्पीड़न रोकने पर चर्चा की गई बैठक में जनपद के पदाधिकारियों सहित लगभग (250) ढाई सौ प्रधान उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद अयोध्या में प्रधान संगठित हैं। यदि किसी भी प्रधान का उत्पीड़न किसी द्वारा किया गया तो संगठन उसकी ईंट से ईंट बजा देगा। प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष रक्षा राम यादव, श्रीनिवास तिवारी जिला संरक्षक, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सोहावल अंबरीश पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष तारुन सुरेश सिंह कक्कू, ब्लॉक अध्यक्ष मया केसरी यादव, ब्लॉक अध्यक्ष हैरिंगटनगंज अशोक तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मवई पवन कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली बलभद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मिल्कीपुर इंद्रसेन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर विशाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा मोहम्मद नईम, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील शंकर, महासचिव योगेंद्र प्रताप सिंह फौजी, ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेश कोरी, जिला सचिव महेश प्रताप यादव, प्रधान जिला सचिव श्रवनजीत कनौजिया, जिला सचिव नियाज़ अहमद आदि ने संबोधित किया।

# पब्लिक सेवा संस्थान ने पानी की बोतलें और अंग वस्त्र बांटा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** प्रदेश में जनसेवा के क्षेत्र में अपनी सक्रियता और समर्पण के लिए विख्यात पब्लिक सेवा संस्थान ने गर्मी के इस प्रकोप के बीच एक बार फिर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है। संस्थान द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों को पानी की बोतलें और अंग वस्त्र वितरित कर सम्मानित किया गया। यह पहल न केवल जनहितैषी कार्यों की निरंतरता का प्रतीक है, बल्कि समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को भी प्रबल करती है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, जिनका जनसेवा के प्रति समर्पण सदैव प्रशंसनीय रहा है, ने कहा कि पब्लिक सेवा संस्थान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर जनसेवा के कार्यों को अंजाम दे रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य केवल राहत प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में एकजुटता और सहिष्णुता के भाव को भी बढ़ावा देना है। पब्लिक सेवा संस्थान की यह सक्रियता और समर्पण अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है, जो समाज के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ऐसे प्रयासों से ही एक समृद्ध, स्वस्थ और संवेदनशील समाज का निर्माण संभव हो पाता है।

# मोहर्रम की तैयारियों का जायजा लेने निकला प्रशासन, किया फ्लैग मार्च



देवरिया : आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जनपद में आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (उत्तरी), अधिशासी अभियंता (विद्युत), अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देवरिया तथा पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि मोहर्रम के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं। साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, जल व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक बिंदुओं पर संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि मोहर्रम के दौरान शांति, सद्भाव एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध या असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को दें।

# माइक्रोप्लान अनुसार कार्य करें सभी विभाग : डीएम

## जिला स्वास्थ्य समिति व संचारी रोग नियंत्रण अभियान से सम्बंधित हुई बैठक



देवरिया : जिला स्वास्थ्य समिति, संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की बैठक लेती डीएम दिव्या मित्तल।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को धन्वंतरि सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान में सभी विभाग माइक्रोप्लान अनुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि वेक्टर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, कालाजार आदि की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही 11 से 31 जुलाई तक घर-घर दस्तक अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में किसी भी विभाग की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने अभियान की तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग समेत सभी 13 सहयोगी विभागों से विस्तृत जानकारी ली और जल्द से जल्द माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग माइक्रोप्लान बनाकर कार्य करें। तय कार्ययोजना के अनुसार शत-प्रतिशत कार्य का संपादन करें। नगर या ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी जलभराव, गंदगी की स्थिति पैदा न हो। नगर में कहीं भी जलभराव आदि की स्थिति होने पर नगर पालिका व नगर पंचायत इस पर तुरंत कार्रवाई करें। हॉट स्पॉट क्षेत्रों, घनी आबादी व अन्य मलिन बस्तियों में एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग आदि का कार्य किया जाए। खाद्य विभाग को निर्देशित किया कि रेस्त्रां, मिठाई की दुकानों और स्ट्रीट फूड के खाद्य सामग्रियों के गुणवत्ता की नियमित जांच करें। सीएचसी व पीएचसी स्तर पर ही डेंगू आदि के मरीजों को तत्काल प्रभाव से उपचार प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, टीबी, मातृत्व स्वास्थ्य सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमो पर चर्चा किया और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि जुलाई से मलेरिया, डेंगू के प्रकोप के साथ डायरिया का खतरा बढ़ जाता है। जन स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर भी ओआरएस जिंक कॉर्नर की स्थापना की जाएगी। इस वर्ष ÷डायरिया रोको अभियान÷ की थीम ÷डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान÷ के तहत 16 जून से शुरू किया जा चुका है, जोकि 31 जुलाई तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया से मृत्यु को ÷शून्य÷ तक लाना हैं। बैठक में सीडीओ प्रत्युष पाण्डेय, एसीएमओ डॉ अजय शाही, बाल रोग विभाग के नोडल अधिकारी डॉ आरके श्रीवास्तव, एसीएमओ डॉ एसके सिन्हा, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डॉ आरपी यादव, डॉ कार्तिक पाण्डेय, डीटीओ डॉ राजेश कुमार, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, डीएमओ सीपी मिश्रा, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, सीफार, यूनिसेफ, यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### नशे से दूर रहने के लिए किया गया प्रेरित

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में ध्रुपदेवा फ़ाउंडेशन देवरिया द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के ख़िलाफ़ अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। सहायक लीगल डिफेंस काउंसिल रामजनम राजभर ने कहा कि नशे के कारण मनुष्य के शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यवसायिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता हैं, ऐसे में जो भी व्यक्ति नशा करता है, वह जितना जल्दी हो सके अपनी नशे की आदत छोड़ दें। यदि आपको किसी प्रकार के नशे की लत छोड़नी है तो सबसे पहले इसके लिए आप खुद अपनी इच्छाशक्ति को जागृत करें और अपने निर्णय पर दृढ़ बने रहें एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ से सम्पर्क करें। काउंसलिंग एवं उचित दवाइयों के माध्यम से सभी प्रकार के नशीली पदार्थों को छोड़ा जा सकता है। नशे के कारण अपराध, भ्रष्टाचार में भी बढ़ोतरी हुई है। ध्रुपदेवा फ़ाउंडेशन के परामर्शदाता द्वारा बताया कि अस्पताल में सभी प्रकार के नशे जैसे स्मैक, अफीम, हेरोइन, ब्राउन शुगर, चिट्टा, भांग, गांजा, चरस, शराब, कोकेन, बीडी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, खैनी, कैफीन, थिनर, ट्रमाडोल कैप्सूल, ऐवील इंजेक्शन, नींद की गोलियां आदि का इलाज एवं परामर्श दिया जाता है।

### कीटनाशक विक्रेताओं को स्टॉक रजिस्टर रेट बोर्ड व बिल अद्यतन रखना अनिवार्य

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया है कि कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियमावली 1971 के नियम-15 के तहत तथा शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठान पर स्टॉक एवं रेट बोर्ड, भंडार पंजिका, कीटनाशकों की खरीद के बिल, वैध निर्माता कंपनियों के प्राधिकरण पत्र तथा वैध लाइसेंस अद्यतन रूप से संधारित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषकों को कीटनाशकों की बिक्री करते समय बिल, कैश मेमो, क्रेडिट मेमो या पक्की रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान यदि उक्त नियमों का पालन न किया गया पाया गया, तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 के प्रावधानों के अंतर्गत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी हेतु किया गया प्रशिक्षित : डीएम

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जनपद देवरिया के विकास खण्ड भागलपुर एवं लार में आज ग्राम पंचायत स्तर पर युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और ग्राम विकास में सहभागिता हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के नेतृत्व में आयोजित इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य था युवाओं को समाज के प्रति दायित्वबोध कराना और उन्हें गांव के विकास में सक्रिय भागीदार बनाना। भागलपुर विकास खण्ड में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा, ÷गांव के विकास में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि युवा जागरूक होंगे तो योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। लार विकास खण्ड में आयोजित ÷कर्तव्य बोध प्रेरणा प्रशिक्षण÷ में युवाओं को गांव के समयबद्ध और समावेशी विकास में सहयोग के लिए प्रेरित किया गया। यह संदेश दिया गया कि ÷आपका सक्रिय सहयोग ही गांव को आत्मनिर्भर एवं उन्नत बनाएगा।÷ जिलाधिकारी ने युवाओं से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुँचाने में सहयोग करें और समाज में जागरूकता की मशाल बनें। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन युवाओं के साथ मिलकर गांवों के समग्र विकास के लिए कटिवद्ध रहे।

# जिलाधिकारी ने देवरही मंदिर के विकास कार्य का किया शुभारंभ

■ 23.81 लाख की परियोजना से मिलेगा नया स्वरूप



देवरिया : देवरही माता मंदिर परिसर के विकास कार्यों का भव्य शुभारंभ करती डीएम दिव्या मित्तल।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** श्रद्धा और आस्था के प्रमुख केंद्र देवरही माता मंदिर परिसर के विकास कार्यों का भव्य शुभारंभ बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा विधिवत भूमिपूजन एवं शिलान्यास के साथ किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अलका सिंह एवं वार्ड सभासद अमित मिश्रा भी उपस्थित रहे। करीब ?23.81 लाख की स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर में सड़क निर्माण, जलनिकासी व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, भव्य प्रवेश द्वार (गेट) का निर्माण, सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण जैसे कार्य किए जाएंगे, जिससे यह क्षेत्र और अधिक सुव्यवस्थित, रमणीय एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बन सकेगा। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि देवरही मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि जनमानस की सांस्कृतिक पहचान भी है। इसके समुचित विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से परिसर को स्वच्छ, हरित और आकर्षक बनाए रखने की अपील की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय श्रद्धालु, मंदिर समिति के पदाधिकारी व नगरवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। गेट, सड़क और जलनिकासी जैसे कार्यों के शुभारंभ से श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। लोगों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना से न केवल समस्याओं का समाधान होगा बल्कि मंदिर का आध्यात्मिक वातावरण और भी दिव्य एवं भव्य बनेगा।

# जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में थोक व फुटकर विक्रेताओ के गोदामों जमकर छापेमारी, हड़कंप



देवरिया। दुकानों पर छापेमारी करती कृषि विभाग की टीम।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** खरीफ सीजन में किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने व वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी विक्रेता मनमानी कर रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी उदयशंकर सिंह के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को छापेमारी की। अनियमितता मिलने पर थोक विक्रेता को नोटिस व चार फुटकर दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। जिले में उर्वरक भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। जिले में 33 थोक विक्रेताओं के माध्यम से उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। 1160 निजी फुटकर दुकानों व 160 बी-पैक्स यानी बहु उद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों के जरिये किसानों में पीओएस मशीन से वितरण कराई जा रही है। वितरण में गड़बड़ी रोकने व निधर्धारित मूल्य पर किसानों को उर्वरक उपलब्ध हो, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी कई विक्रेता मनमानी कर रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी उदयशंकर सिंह के नेतृत्व में अपर जिला कृषि अधिकारी अमरेश कुमार मिश्र व अन्य शहर के उर्वरक के थोक विक्रेता मुरारी ब्रदर्स के फर्म पर छापेमारी की। यहां वितरण रजिस्टर नहीं बना था। फर्म स्वामी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। फुटकर उर्वरक विक्रेता कुशवाहा खाद बीज भंडार बैकुंठपुर, गुप्ता एग्रो सेंटर वैकुंठपुर, किसान सेवा केंद्र बैकुंठपुर, पटेल खाद बीज भंडार बैकुंठपुर के यहां न तो रेट बोर्ड लगा था और न ही उर्वरक वितरण व स्टाक रजिस्टर उपलब्ध था। चारों फुटकर दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि फुटकर विक्रेताओं को स्टाक व विक्री रजिस्टर पूर्ण होना चाहिए। दुकान पर रेटबोर्ड लगा होना चाहिए। अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायाधीशगणों ने किया राजकीय बाल गृह देवरिया का निरीक्षण

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम मिलन सिंह के मार्गदर्शन में अध्यक्ष, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ओमवीर सिंह, सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी, सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवरिया श्रीमती मंजू कुमारी तथा सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/सिविल जज(जू0डी0), कुमारी मृणालिनी श्रीवास्तव द्वारा राजकीय बाल गृह, देवरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ओमवीर सिंह द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन कर अव्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने दिशा निर्देश दिया गया।

सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह में संवासित 2 टी.बी. रोग से ग्रसित बच्चों के दवा स्वास्थ्य व भोजन हेतु विषेश दिषा-निर्देष दिया गया। सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवरिया श्रीमती मंजू कुमारी द्वारा नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/सिविल जज(जू0डी0), कुमारी मृणालिनी श्रीवास्तव द्वारा राजकीय बाल गृह के परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा हेतु निर्देश दिया गया। इस निरीक्षण में मुख्य रूप से राजकीय बाल गृह देवरिया के प्रभारी अधीक्षक उपस्थित रहें।

# देवरिया में मॉकड्रिल का हुआ सफल आयोजन



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल के कुशल नेतृत्व एवं सतत् मार्गदर्शन में जनपद देवरिया की तीन प्रमुख तहसीलों–रुद्रपुर, सलेमपुर एवं बरहज–में बाढ़ से बचाव एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के अंतर्गत रुद्रपुर तहसील के पिंडरा घाट पर बाढ़ में फंसे लोगों के तत्काल बचाव का अभ्यास किया गया, जिसमें जल पुलिस, एसडीआरएफ एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन कर आपात स्थिति से निपटने की तत्परता का प्रदर्शन किया। बरहज तहसील के भदीला गांव में नाव पलटने की घटना को परिदृश्य के रूप में लिया गया, जहां डूबते हुए लोगों की खोज एवं बचाव कार्यों का प्रभावी अभ्यास किया गया। राहत एवं बचाव दलों ने समन्वित प्रयासों से समयबद्ध तरीके से पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सलेमपुर तहसील में सेंट पॉल स्कूल परिसर में बाढ़ से इमारत गिरने की परिकल्पित आपदा का अभ्यास किया गया। इस दौरान घायलों को त्वरित प्राथमिक उपचार देने, आपदा क्षेत्र को सुरक्षित करने और राहत सामग्री पहुंचाने की कार्यवाही का सजीव प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (ष्ठश्वह्रष्ट) का कुशल संचालन उप जिलाधिकारी श्रीमती सीमा पांडे,विशेष कार्यकारी अधिकारी रंजन पांडे द्वारा इंसिडेंट कमांडर की भूमिका में किया गया। आपदा विशेषज्ञ श्री पंकज कुमार ने तकनीकी मार्गदर्शन एवं आपदा प्रबंधन की बारीकियों को बखूबी समन्वित किया। मॉक ड्रिल में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री जैनेंद्र सिंह, विशेष कार्यकारी अधिकारी श्री रंजन पांडे, एवं आपदा प्रबंधन टीम के श्री विकास कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका एवं आपदा से जुड़े सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता रही।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मॉक ड्रिल की तैयारियों एवं क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि ÷आपदा की स्थिति में समय से पूर्व तैयारी ही जनधन की हानि को न्यूनतम कर सकती है।

इस प्रकार के मॉक ड्रिल से संबंधित विभागों की प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ती है और जनसामान्य में भी जागरूकता आती है। मॉक ड्रिल के माध्यम से जनपद के प्रशासनिक अमले की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, समन्वय क्षमता एवं उपकरणों की उपयोगिता का मूल्यांकन किया गया, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति में तत्काल और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# डीजे को निर्धारित डेसिबल में ही बजायें व विवादित गाने कदापि न बजाये : डीएम

■ डीएम ने की आगामी जगन्नाथ यात्रा, मोहर्रम, कांवड़ यात्रा व सावन मेला के आयोजनों को सकुशल संपन्न कराने हेतु बैठक



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की उपस्थिति में आगामी जगन्नाथ यात्रा, मोहर्रम, कांवड़ यात्रा/सावन मेला के आयोजनों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आयोजन में किसी नई परंपरा की शुरुआत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों को परंपरागत तरीके से ही मनाया जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में नए रूटों पर ताजिया का जुलूस न निकले।

जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम/सीओ को निर्देशित किया कि पीस कमेटी के साथ ही आयोजकों की भी बैठक सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि ताजियों की ऊंचाई के संबंध में जो मानक है, उसके सम्बन्ध में आयोजकों को बता जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानक के अनुसार ही ताजियों की ऊंचाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ताजिये का जुलूस यदि किसी भी व्यक्तिगत जमीन/खेत से होकर जाता है तो संबंधित से बातचीत कर सहमति ले लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी विवादित स्थान है या पूर्व में विवाद हुआ है तो दोनों पक्षों को बुलाकर बात करें तथा सहमति ले लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जुलूस के दौरान यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जुलूस के रूटों का निरीक्षण कर लिया जाए तथा विद्युत के लटके तारों एवं जर्जर पोल को सही करें, पेड़ों की लटकी डालियों को काट दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावण मास/कावड़ यात्रा के दृष्टिगत पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि यात्रा मार्गों का निरीक्षण कर आवागमन योग्य बनाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मार्गों पर गड्ढे, सीसा, कील, कांटे आदि ना हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी/डीपीआरओ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी शिवालयों, घाटों एवं मंदिर मार्गों की सफाई एवं मरम्मत किया जाए।

उन्होंने कहा कि घाटों की सीढ़ियों की मरम्मत किया जाये, भीड़ को मैनेज करने की व्यवस्था बना लिया जाए। बैरिकेडिंग करा लिया जाये तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम को सक्रिय कर दिया जाए एवं लाइट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डीजे को निर्धारित मानक के अनुसार ही बजाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि डीजे पर विवादित गाने कदापि न बजे, जिससे किसी को परेशानी न हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना ने कहा कि सीओ/एसडीएम पीस कमेटी और ताजियादारों को बुलाकर बैठक कर लें तथा कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि एक उपस्थिति रजिस्टर बना लें, जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर दर्ज करें। उन्होंने कहा की हैसियत के अनुसार पाबंद किया जाये।

उन्होंने कहा कि रूट मार्च एवं फील्ड विजिट सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि चौकी इंचार्ज, थाना प्रभारी सभी रूटों एवं स्थानों को जाकर स्वयं देखें। उन्होंने कहा कि सभी सीओ/एसडीएम/ एसएचओ आपसी समन्वय स्थापित कर त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सभी थानों के संभ्रांत नागरिक भी उपस्थित थे, संभ्रांत नागरिकों द्वारा जो समस्याएं/सुझाव दिए गए, उसके संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री चिराग जैन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री गंभीर सिंह, एसीएमओं, जिला विकास अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, समस्त एसडीएम/सीओ, पीडब्ल्यूडी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, विद्युत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-लखनऊ**
पता :– ए ब्लाक सर्वोदयनगर, इन्दिरानगर लखनऊ।

पत्रांक–820 /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावलीसं0–1/अनु0सहायक/2025–26/दिनांक 19.06.2025

**मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 मेंए,बी,सी,डी एवंई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *मैन्यूवल विधि* के माध्यम से प्रतिशतदर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जातीहै। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–
2.

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिडसिक्युरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी एवंजी0एस0टी0 सहित (रू0में) | कार्यपूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित | कार्यदायी अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | सांसद निधि | विकास खण्ड गोसाईगंज के अन्तर्गत ग्राम किनौना में मुख्य मार्ग से आकाश सुहेलदेव के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 4.45 | 0.25 | 770 | 03 माह | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रा0अ0वि0 प्रखण्ड लखनऊ | कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0अ0वि0 परिमण्डल लखनऊ | कलैक्ट्रेट, लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | सांसद निधि | विकास खण्ड बक्शी का तालाब के अन्तर्गत ग्राम इन्दरा में जसकरन के घर से अमित गौतम के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 3.78 | 0.20 | 770 | 03 माह | | | |
| 3 | लखनऊ | सांसद निधि | विकास खण्ड मोहनलालगंज के अन्तर्गत ग्राम खुझौली में स्थित खुझौली नगराम रोड से उमाशंकर वर्मा के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 9.63 | 0.50 | 860 | 03 माह | | | |

3. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:–28.06.2025
4. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान:–19.07.2025 प्रखण्ड लखनऊ को दोपहर 4.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड लखनऊ, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल.लखनऊ, एवं जिलाधिकारी जनपद.लखनऊ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–20.07.2025को अपरान्ह 12.30 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–लखनऊ में सम्पर्क करें ।

उ0प्र0 235285 दिनांक- 24.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ।
मो0 9455771557

# डीएम ने की जिला आयुष समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

## संचालित योजनाओं व निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा कर ली जानकारी

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जिला आयुष समिति, जिला स्वास्थ्य समिति एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की बैठक सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की गई तथा संचालित योजनाओ के प्रगति व निर्माण कार्यो की प्रगति के बारे में बिन्दुवार समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि विशेष/प्रमुख त्यौहारो के अवसर पर प्रमुख मन्दिरो तथा सामान्य दिनो में समय-समय पर स्कूलो/कालेजो/वेलनेस सेंटरो में आयुर्वेदिक एवं होम्यौपैथिक मेडिकल कैम्प लगाकर लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवा वितरण किया जाए। आयुर्वेदिक विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में संचालित कुल 54 आयुर्वेदिक अस्पतालो में 10 निर्माणाधीन है जिसमें 9 छत स्तर तक प्रगति पर है। आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि एक चिकित्सालय जो नरायनपुर में



स्थित है किराए पर तथा 19 शासकीय भवन शेष अस्पताल पंचायत भवनो में स्थापित कर संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी न आयुर्वेदिक विभाग मे नियुक्त योग प्रशिक्षको के सम्बन्ध में कहा कि स्कूलो के खुलने पर रोष्टर बनाकर प्रातः प्रार्थना के समय योग प्रशिक्षको को भेजकर योगाभ्यास कराया जाए। बैठक में दवाओ की उपलब्धतता, पी0पी0पी0 परियोजनाओ की समीक्षा, सरकारी चिकित्सा ईकाईयो में जन्म लेने वाले बच्चो में टीकारण की स्थिति, मात्र मृत्यु दर की स्थिति, एफ0आर0यू0 समीक्षा सहित अन्य प्रत्येक बिन्दुओ पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसके श्रीवास्तव, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मवीर सिंह, जिला आयूर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी श्रीकांत रजक, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी संजय बरनवाल सहित सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं यूनीसेफ के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# राजर्षिछत्रपति साहूजी महाराज की जयंती पर सपा कार्यालय में कार्यक्रम




**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी ने लोहिया ट्रस्ट स्थित पार्टी कार्यालय पर राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज की जयंती मनाई। गुरूवार को आयोजित संगोष्ठी में छत्रपति साहूजी महराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि साहूजी महाराज कोल्हापुर रियासत के शासक थे। उनके शासनकाल में शिक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हुए। नौकरी और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था सर्वप्रथम साहूजी महाराज ने ही शुरू की थी।

इस मौके पर अशोक यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, झल्लू यादव, सोकिम अहमद, हरिशंकर यादव, विन्ध्यवासिनी यादव, रमाकान्त यादव आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सपा की जन पंचायत आज भटौली व बिहसड़ा मुराजपुर

**मिर्जापुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर सपा के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सपा की पी0डी0ए0 जन पंचायत का आयोजन दिनांक 27 जून को छानबे विकास खण्ड के ग्राम बिहसड़ा के मुराजपुर दीप नरायन सिंह इण्टर कालेज में पूर्वाह्न 11 बजे से एवं मझवां विकास खण्ड के भटौली ग्राम सभा में अपराह्न 2 बजे पी0डी0ए0 जन पंचायत रखा गया है। जन पंचायत में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद/पूर्व मंत्री उ0प्र0 सरकार शंखलाल माझी उपस्थित रहेंगे। अतः आपलोगों से अनुरोध है कि भारी से भारी संख्या में पहुँचकर पी0डी0ए0 जन पंचायत को सफल बनायें। इस आशय की जानकारी सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने दी है।

# बाढ़ प्रभावित इलाका में एसडीएम चुनार के नेतृत्व में किया गया मॉकड्रिल

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक के रामगढ़ गांव में मानसून से पहले बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों का परीक्षण किया गया। गंगा घाट पर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। इस अभ्यास का उद्देश्य आमजन को बाढ़ से बचाव के लिए जागरूक करना था।एसडीएम चुनार के नेतृत्व में बचाव राहत कार्यों का मॉकड्रिल कार्यक्रम किया गया।जिसमें अचानक गंगा नदी में बचाओ बचाओ की आवाज सुनाई देने लगी।

नदी के किनारे जीवन रक्षक उपकरण के साथ एसडीआरएफ ने नदी में डूब रहे लोगों को बाहर निकाल आस्थाई स्वास्थ्य शिविर में लेजाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। यह कार्यक्रम राज्य




आपदा प्रबंधन के निर्देश पर बाढ से बचने के लिए मॉकड्रिल किया गया है। मॉक ड्रिल में लोगों को बाढ़ के दौरान जान-माल की सुरक्षा के तरीके सिखाए गए। इसमें जलमग्न क्षेत्रों से सुरक्षित निकलने की विधियां बताई गईं। साथ ही प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी गई। यह अभ्यास आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने का प्रयास है। वहीं नरोत्तम सिंह पद्म सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहां के छात्र-छात्राएं मॉकड्रिल में बढ़ चढ़ के हिसा लिए।बताते चले कि यह कार्यक्रम एस डी आर एफ एसडीएम चुनार राजेश वर्मा की उपस्थिति में स्थानीय ग्रामीण को भी शामिल किया गया।

इस अवसर पर चुनार थाना प्रभारी रविंद्र भूषण मौर्या, तहसीलदार योगेन्द्र शरण शाह, नायब तहसीलदार क्रियात प्रताप नारायण ओझा, कानूनगो तारकेश्वर नाथ मिश्रा,लेखपाल विन्ध्यवासिनी मिश्रा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, बिजली विभाग के जेई ध्यान चन्द वर्मा,बीडीओ विमल प्रकाश पाण्डेय, एडीओ पंचायत सुधीर दूबे,ग्राम प्रधान हरिओम सिंह, मुक्ती नारायण सिंह नेता सहित स्वास्थ्य विभाग, एसडीआर एफ टीम सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव से पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के दो आरोपितो को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसआई अच्छे लाल यादव व शिवजी यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल राजेश मौर्या के साथ मुखबिर की सूचना पर गैर इरादतन हत्या के आरोपित खम्हारिया सूर्यवंश गांव निवासी लालचंद व लालपति को गिरफ्तार कर दोनों आरोपितो को जेल भेज दिया है। गांव निवासी हरेंद्र कुमार ने थाने में तहरीर देकर रास्ते में टटरा लगाने के विवाद को लेकर चाचा भाई लाल को धकेल दिया था। जिससे चाचा को गंभीर रूप से चोट लग गई थी और चाचा की उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई थी। जिस पर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितो की तलाश में जुट गई थी। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की गैर इरादतन हत्या के दो आरोपितो को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# स्कूलों में एमडीएम राशन देने में खैरा कोटेदार कर रहे हीलाहवाली

**चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरा व प्राथमिक विद्यालय सेमरा मुतलके खैरा के प्रधानाध्यापको ने एमडीएम का राशन देने में कोटेदार पर हीलाहवाली का आरोप लगाया है। बताया कि स्कूलों में एमडीएम के लिए आया राशन कोटेदार देने में आना कानी करते हैं।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### संबंध विच्छेद

मैंने पुत्रों तसलीम, मुस्तकीम, वसीम, हसीब, मोबीन को गलत कृत्यों के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। सलीम पुत्र कल्लू नि.मो. बमनपुरी, तह. पूरनपुर-पीलीभीत।

सी.आर.-643/**D-31**

### सूचना

मैंने अपना नाम SAHANI ANJALI SUBHASH से बदलकर ANJALI SUBHASH CHANDRA SAHANI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o-VIVEK NAVIK R/o-12, GATHANA THEKIYA DIST-JAUNPUR-223104 (U.P)

सी.आर.-641/**L-25**

### सूचना

मैंने अपना नाम AMITA KUMARI PAL से बदलकर AMITA PAL रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o-DEEPAK PAL ADD-598 KA/140 DEFENCE COLONY TELIBAGH,SHIV MANDIR DIST-LUCKNOW-226002 (U.P)

सी.आर.-641/**L-25**

### सूचना

मैंने अपना नाम मो. रईस अहमद से बदलकर रईस अहमद रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। पता-355/352 मुराऊ टोला ब्लाक एफ आलम नगर लखनऊ - 226017(उ.प्र.)

सी.आर.-641/**L-25**

### सूचना

मैं सरिता श्रीवास्तव पत्नी स्व. श्याम शंकर श्रीवास्तव नि. ग्रा. पहरेमऊ थाना-चंदापुर रायबरेली, अपने पुत्र आयुष श्रीवास्तव को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का आयुष श्रीवास्तव से कोई लेना देना नहीं होगा।

सी.आर.-640/**D-38**

### सूचना

मैं SUJIT YADAV आज से अपना नाम बदलकर SUJEET YADAV रख रहा हूँ। अतः मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। ADD.- GRAM SATAINI POST BARGHAN DISTT AZAMGARH, UTTAR PRADESH 276301

सी.आर.-641/**L-25**

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मो. समीर खां उर्फ मुन्ना, पुत्रवधु रुशी खां को गलत कृत्यों के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मो. इलियास जमा खां पुत्र यूनुस जमा खां नि.मो. आतिशबाजान थाना कटरा-शाहजहांपुर।

सी.आर.-643/**D-34**

### सूचना

सूच्य हो कि मुख्तार अंसारी व मो0 मुख्तार दोनों नाम मेरे ही है। आधार कार्ड व अन्य सरकारी अभिलेखों में भी मुख्तार अंसारी नाम अंकित है। अतः मुझे मुख्तार अंसारी के नाम से जाना पहचाना जाये और बैंक खाते में यहीं नाम अंकित किया जाए। मुख्तार अंसारी पुत्र अमीन नि0- बम्हरौली पो0- घरकोइया, जि0- बाराबंकी।

सी.आर.-637/**D-39**

### सूचना

सर्वसाधारण के सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम POONAM KUMARI RAWAT था जो अब बदलकर POONAM GANDHI हो गया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। POONAM GANDHI W/o DIVYESH KUMAR GANDHI 6, MALVIYA ROAD GEORGE TOWN PRAYAGRAD U.P.

सी.आर.-639/**D-31**

### सूचना

मैंने कुरबान अली के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम की एक पॉलिसी 212586721 लिया था जबकि मेरे आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम सोएब अली दर्ज है दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है। सोएब अली पुत्र बकरीदी ग्रा0- जमधरा, भोजपुर थारू गैसड़ी, बलरामपुर।

सी.आर.-638/**D-34**

### सूचना

मैं अपने पुत्र शिव प्रसाद के चाल चलन से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। श्रीराम पुत्र बाबूराम ग्रा0-गुलरिहा, गौरा बगनहा तुलसीपुर बलरामपुर।

सी.आर.-638/**D-31**


# विभिन्न ढाबे और खतरनाक उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

**चुनार(मिर्जापुर)।** श्रम विभाग एवं बाल संरक्षण की संयुक्त टीम ने बाल श्रम मजदूरी पर अंकुश लगाने के मकसद चुनार एवं अहरौरा के विभिन्न ढाबे और खतरनाक उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मेरू सर्विस सेंटर अहरौरा एच एस ऑटो पार्ट्स अहरौरा विनोद हीरो होंडा सेंटर अहरौरा चुनार क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित भानु होटल और यदुवंशी बांटी चोखा के दुकान पर छापेमारी



की गई छापेमारी के दौरान 6 बाल श्रमिकों को बाल मजदूरी करते हुए पकड़ा गया।

पकड़े गए बाल श्रमिकों को उसके परिजनों के हवाले करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी चुनार ज्ञानेंद्र सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में बच्चे कहीं भी बाल श्रम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि 14 साल से कम उम्र से बच्चे से बाल श्रम करना गैर कानूनी अपराध है। अगर कोई भी बच्चे से मजदूरी या अन्य कोई कार्य कराते हुए पकड़ा गया तो 3 साल की सजा और 10 से 20000 रूपए तक जुर्माना भी किया जा सकता है। इतना ही नहीं बच्चों के पुनर्वास के लिए 20000 रूपए का अतिरिक्त जुर्माना भी हो सकता है। टीम के साथ श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम से एस आई रामपाल मिश्रा कांस्टेबल लाल बहादुर अनुज श्रम विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्रीमती वंदना पितरिया से खरीदी गई तहसील लखीमपुर के ग्राम उदयपुर स्थित भूमि गाटा संख्या 229 की पुरानी रजिस्ट्री संख्या 3376 दिनांक 10 मार्च 2006 वास्तव में कहीं खो गई है। किसी के द्वारा यदि इसका प्रयोग किया जाता है तो वह अवैध होगा। **रितेश अग्रवाल पुत्र सुरेश कुमार निवासी मोहल्ला द्वारिकापुरी, थाना-कोतवाली, शहर व तहसील-लखीमपुर, जिला-खीरी।**

सी.आर.-642/**D**

### गुमशुदा



नाम - प्रिया देवी
पुत्री - विनोद कुमार तिवारी
उम्र - 18 साल, रंग गोरा, लम्बाई औसत

दिनांक-07/04/2025 दोपहर 2 बजे से गायब है जिस व्यक्ति को दिखाई दे, कृपा निम्न नंबरो पर सूचना दे।

संपर्कसूत्र- 8874988753,7355153414
पता - 214L/4N/Y गंगा नगर ट्रांसपोर्ट नगर धूमनगंज प्रयागराज

सी.आर.-639/**D**


# प्रधान ने भूमिधरी में पटवा दिया चक मार्ग, और लगवा दिया खड़ंजा

**माहुल (आजमगढ़)** । अहरौला विकास खंड के ग्राम पंचायत गनवारा में एक व्यक्ति ने प्रधान पर उसकी कृषि भूमि में रास्ता बनवा कर खड़ंजा लगवाने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित ने खंड विकास अधिकारी अहरौला और उपजिलाधिकारी फूलपुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है । गनवारा गांव में गाटा संख्या 136 राजस्व अभिलेखों में रामचरन और संतोष राजभर आदि की भूमिधरी है जिसमें वे खेती बाड़ी करते है ठीक उसी के पश्चिम और उत्तर गाटा संख्या 135 चक मार्ग है जो गांव के लिंक सड़क से काली जी के स्थान तक जाता है।

# असलहा सटा कर छीना मोबाइल और रुपया

**माहुल (आजमगढ़)।** प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अहरौला अंतर्गत अहरौला अतरौलिया मार्ग पर स्थित झगड़ा पाकड़ गांव में सड़क के किनारे प्रवेश राजभर का घर है यह अपने बरामदे में बुधवार की रात को सो रहे थे की लगभग 1.45 बजे के करीब बोलेरो से कुछ अज्ञात लोग आए और प्रवेश राजभर के बरामदे में घुसकर कनपटी पर असलहा सटाकर मोबाइल और बरामदे में टांगे शर्ट से ?2500 लेकर गाड़ी में बैठकर मौके से फरार हो गए कनपटी पर असलहा लगने के कारण प्रवेश राजभर पुत्र राम आशीष राजभर ग्राम झगड़ा पाकड़ अहरौला थाने की पुलिस घटना की जांच में लगी हुई है।।

# फूलपुर कोतवाली में शांति समिति से जुड़े सदस्यों एवं ताजियादारों की बैठक हुई

**(फूलपुर) आजमगढ़ ।** सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य को लेकर बृहस्पतिवार को फूलपुर कोतवाली में शांति समिति से जुड़े सदस्यों एवं ताजियादारों की बैठक हुई। इसमें परंपरागत ढंग से मोहर्रम मनाने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसएसआई गंगा राम बिंद ने कहा ताजिया जुलूस एवं त्योहार से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र पर पुलिस गंभीरता से विचार करेगी, किंतु किसी भी हालत में सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई तो गंभीर परिणाम भुगतना होगा। जिस तरह से जहाँ भी पूर्व में ताजिया दफन किया जाता रहा है।उसी तरह होगा,उन्होंने बैठक में आए ताजिया दारों से एक-एक कर उनके विचार सुने और उनसे मोहर्रम के दौरान होने वाले मजलिसों और जुलूसों को लिखित रूप से कार्यक्रमों की रूप रेखा देने को कहा और समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया।

# लड़कियों की तरक्की किताबों से होकर गुजरती है : डा. शमीम

**(मुबारकपुर) आज़मगढ़ ।** मुबारकपुर पुरा दीवान हाजी अक़रम साहब के आवास के पास में आज शाहिन लाइब्रेरी की नई शाखा का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि उमैरुस सिद्दीकी नदवी, निदेशक, दारुल मुसन्नेफीन (शिबली अकादमी) ने फीता काटकर कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि पुस्तकालय सभ्य समाज की रीढ़ होते हैं और आज की बेटियों को पढ़ने के लिए जितना अनुकूल माहौल मिलेगा, वे उतनी ही बुलंद उड़ान भरेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. शमीम अहमद पुर्व चैयरमेन ने कहा लड़कियों की तरक्की किताबों से होकर गुजरती है। अगर हम उन्हें किताबों से जोड़ सकें, तो समाज की सोच और संस्कृति दोनों बदल सकती हैं। शाहीन लाइब्रेरी जैसी पहलें शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला सकती हैं। अन्य विशिष्ट अतिथियों में हाजी सुलेमान शम्सी, डॉ. प्रोफेसर अनवर शहज़ाद ने आयोजन की सराहना की और स्थानीय स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों को सराहा। कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर अनवरुल हक़ ने सभी मेहमानों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी लड़कियों के लिए सिर्फ किताबों का नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और सोच का एक दरवाज़ा है। यह पुस्तकालय विशेष रूप से बालिकाओं को ज्ञान की दिशा में सशक्त करने की मंशा से शुरू किया गया है। इस अवसर पर हाजी शमशुल हक डॉक्टर मरगूब अहमद रिजवान अहमद इम्तियाज एडवोकेट बुरहानुद्दीन जमीर अहमद मैनेजर अब्दुल्ला पब्लिक स्कूल डॉक्टर जमीर अहमद आदि उपस्थित थे ।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि 21.07.2025 समय (11:30 Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT संख्या | 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 26.06.2025 |
| निविदा संख्या | 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, लखनऊ के अंदर ईएलपीओएच शॉप के लिए सब असेंबली ओवरहालिंग की सुविधा के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा का कार्य। |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य | रु. 1,41,50,035.86 (एक करोड़ एकतालिश लाख पचास हजार पैंतीस रूपये और छियासी पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा | रु. 2,20,800.00 (दो लाख बीस हजार आठ सौ रूपये मात्र) |
| समापन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 26.06.2025 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है। | 07.07.2025 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 21.07.2025 (11:30 Hrs.) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार |

**ध्यान दें : 1.** ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। **2.** सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।" टेंडर नोटिस **www.ireps.gov.in** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**No. 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 26.06.2025** 1925/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड

**ई-निविदा संख्या-02-वि020ई0 (प्र0) / 2025-26**

प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों / निर्माताओ से निम्नलिखित कार्यो सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइड www.etnder.up.nic.in पर स्वीकार की जायेगी।

(1) ई-निविदा संख्या-02 / वि020ई0 (प्र0) / 2025-26:- विद्युत रचना इकाई, नैनी में सी0सी0टी0वी0 सर्विलान्स सिस्टम लगवाने हेतु दिनांक 25.07.2025 को 13.00 बजे खोली जायेगी निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए / डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/संशोधन / परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etnder.up.nic.in से प्राप्त करें। अधिशासी - अभियन्ता, विद्युत रचना इकाई, पो0 टी0एस0एल0, नैनी, प्रयागराज ।

'राष्ट्र हित में बिजली बचाएं'

पत्रांकः 368/EFU (P)/ Date: 25.6.2025

## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या NER-BSB0SnT-OT-08-2025**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/ पूर्वोतर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक : 1. निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम : NER-BSB0SnT-OT-8-2025 कार्य का नामः** वमसिदूई–I वाराणसी, वाराणसी मंडल के अनुभाग में ओएफसी प्रणाली के लिए पुरानी बैटरी और बैटरी चार्जर के प्रतिस्थापन का कार्य। **विवरण : अनुमानित लागत :** रु. 6318271.67/–, **बयाना की राशि :** रु. 126400.00/–, **निविदा प्रपत्र की कीमत :** रु. 00.00/–, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 120 Days, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 17.07.2025 को 15:00 बजे 1. ई–निविदा दिनांक 17.07.2025 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट **i.e. www.ireps.gov.in** देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिग्नल–25 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# ईरान ने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा : खामेनेई

## युद्धविराम के बाद पहली बार बोले ईरान प्रमुख : ट्रंप नहीं सुधरे तो बड़ी कीमत चुकाएंगे



**नई दिल्ली।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने इजरायल-ईरान युद्ध की समाप्ति के बाद बृहस्पतिवार को अपना पहला सार्वजनिक बयान दिया और दावा किया कि उनके देश ने इजरायल पर जीत हासिल की है। इजरायली सेना की तेहरान पर बमबारी के बाद 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान खामेनेई ने एक गुप्त स्थान पर शरण ले रखी थी। गुरुवार को अपने संबोधन में खामेनेई ने तीन ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बारे में बात करते हुए कहा कि अमेरिकी हमलों से हमारे परमाणु ठिकानों को कुछ ज्यादा नुकसान नहीं हो सका है लेकिन हमने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला कर उसके मुंह पर तमाचा जड़ा है। युद्धविराम के बाद अपने पहले वीडियो संदेश में खामेनेई ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है और इजरायल पर विजय हासिल की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संघर्ष के दौरान अपने दिखावटी नजरिए का प्रदर्शन किया, जबकि उन्हें इसमें सुधार करने की जरूरत है। बता दें कि 22 जून को 12 दिनों से चली आ रही इजरायल-ईरान जंग में अमेरिका कूद पड़ा था और उसने इस्लामिक गणराज्य के फोर्डो, नतांज और इस्फहान स्थित प्रमुख परमाणु स्थलों पर बंकर बस्टर बमों से हमला बोल दिया था। इसके अगले ही दिन ईरान ने कतर और इराक में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइलों से हमले किए थे।

खामेनेई के एक्स अकाउंट से किए गए एक पोस्ट में कहा गया है, अमेरिकी शासन पर हमारे प्यारे ईरान की जीत के लिए बधाई। अमेरिकी शासन ने सीधे युद्ध में प्रवेश किया क्योंकि उसे लगा कि अगर वह ऐसा नहीं करेगा, तो ज़ायोनी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। हालांकि, इस युद्ध से उसे कुछ हासिल नहीं हुआ। यहां भी, इस्लामिक रिपब्लिक विजयी हुआ और बदले में अमेरिका के चेहरे पर जोरदार तमाचा लगा। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ''इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है।'' यह नया बयान खामेनेई द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए उनके उस पोस्ट के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था, ईरान किसी भी परिस्थिति में किसी से भी किसी भी तरह का उत्पीड़न स्वीकार नहीं करेगा और किसी के आगे नहीं झुकेगा। उसने पुलिस को अपने बीमारी की जानकारी नहीं दी थी। रात में पुलिस ने उसका मेडिकल कराया तो पता चला कि वह [illegible] पॉजीटिव है। मेडिकल रिपोर्ट सामने आने पर पुलिस वालों के भी हाथ पांव फूल गए थे। इसके बाद ही उसके कई काले चिट्ठे सामने आए। पता चला कि आसपास के इलाकों की करीब सात महिलाओं से वह संपर्क में था।खामेनेई ने कहा कि ऐसा क्षण कभी नहीं आएगा, जब ईरान सरेंडर कर दे। अयातुल्ला खामेनेई ने कहा कि ईरान के दुश्मन मिसाइलों और हमारे न्यूक्लियर प्रोग्राम का बहाना बनाकर हमले कर रहे थे, लेकिन सच यह है कि उनकी चाहत हमारे सरेंडर की थी। ट्रंप ने सच्चाई यह कहते हुए बयां भी कर दी थी कि वे हमारा सरेंडर चाहते हैं। ईरान पर हमला करके अमेरिका को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। यदि उसने कभी भविष्य में ईरान पर हमले की कोशिश की तो उसे भारी कीमत चुकानी होगी। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल के साथ सीजफायर के बाद पहली बार यह बात कही। गुरुवार को पहली बार सार्वजनिक भाषण देते हुए खामेनेई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने एक भाषण में कहा था कि ईरान को सरेंडर कर देना चाहिए। यह मामला यूरेनियम का लेवल बढ़ाने का नहीं है और ना ही यह न्यूक्लियर इंडस्ट्री का मसला है। यह बात तो ईरान के सरेंडर की है। उनका यह कहना था, लेकिन हम स्पष्ट करते हैं कि ईरान कभी सरेंडर नहीं करेगा।

खामेनेई ने चेतावनी दी कि ईरान के पास क्षेत्र में अमेरिका पर अपनी इच्छानुसार हमला करने की क्षमता है। उनके आधिकारिक अकाउंट से एक पोस्ट में लिखा गया, यह सच कि इस्लामिक गणराज्य के पास क्षेत्र में प्रमुख अमेरिकी केंद्रों तक पहुंच है और जब भी वह जरूरी समझे, कार्रवाई कर सकता है, एक महत्वपूर्ण बात है. भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई दोहराई जा सकती है. अगर कोई हमला होता है तो दुश्मन को निश्चित रूप से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने विशेष न्यायाधिकरण को दी मंजूरी, रूसी नेताओं पर चल सकेगा मुकदमा

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के शीर्ष अधिकारियों और नेताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय कोर्ट को गठित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इस नई अदालत में रूसी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा यूक्रेन पर हमले के आरोप में चलाया जाएगा। यूक्रेन और यूरोपीय परिषद के बीच समझौते के तहत विशेष न्यायाधिकरण का गठन किया जाएगा।

नई अंतरराष्ट्रीय अदालत के गठन का उद्देश्य यूक्रेन के खिलाफ आक्रमण के लिए रूसी नेताओं और अधिकारियों को सजा देना है। यूक्रेन का आरोप है कि रूसी सेना ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमले के बाद से अनगिनत युद्ध अपराध किए हैं। अभी जो अंतरराष्ट्रीय अदालतें मौजूद हैं जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय को रूसी नेताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने का अधिकार नहीं है। यूक्रेन लंबे समय से विशेष अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की मांग कर रहा था, ताकि रूसी अधिकारियों और नेताओं को युद्ध अपराध जैसे नागरिक ठिकानों पर हमले, आम नागरिकों की हत्या, दुष्कर्म, लोगों का अपहरण करके उन्हें प्रताड़ित करने आदि के लिए दंडित किया जा सके। हालांकि रूस इन आरोपों से इनकार करता है।

हालांकि नया अंतरराष्ट्रीय न्यायालय कहां बनेगा और कैसे काम करेगा, इस पर अभी भी फैसला किया जाना बाकी है। हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय जैसा ही नए कोर्ट का भी कानूनी ढांचा हो सकता है, लेकिन अभी कुछ भी तय नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत राष्ट्राध्यक्ष और शीर्ष नेताओं को अक्सर मुकदमे से सुरक्षा मिलती है। इस नई अंतरराष्ट्रीय अदालत को नीदरलैंड्स, जापान, कनाडा जैसे देशों से फंडिंग मिलेगी। अमेरिका ने जो बाइडन के नेतृत्व में इसे समर्थन दिया था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से इस प्रोजेक्ट का समर्थन नहीं किया जा रहा है।

# पाकिस्तान के आचरण की कड़ी आलोचना

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तनावपूर्ण माहौल में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) पर वार्षिक खुली बहस के दौरान पाकिस्तान के आचरण की कड़ी आलोचना की। भारत ने इस्लामाबाद पर अपने आंतरिक मानवाधिकार हनन और राज्य प्रायोजित आतंकवाद से ध्यान हटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के मंचों का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राजदूत हरीश ने पाकिस्तान को सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघन करने वालों में से एक करार देते हुए उसकी निंदा की, जिसमें लड़कियों के स्कूलों और स्वास्थ्य कर्मियों पर हमले और अफगानिस्तान में सीमा पार से गोलाबारी शामिल है, जिसमें नाबालिगों को नुकसान पहुँचाया गया।

# भारत के स्टैंड पर ईरान हुआ खुश, जताया आभार

**नई दिल्ल।** ईरान ने सैन्य हमलों के दौरान उसके साथ खड़े रहने के लिए भारत के प्रति आभार जताया. इजराइल ने उसके खिलाफ हमला किया था जबकि बाद में अमेरिका ने भी उसके परमाणु ठिकानों पर भीषण बमबारी की. ईरानी दूतावास ने एक बयान में कहा कि वह तेहरान का साथ देने वालों के वास्तविक और अमूल्य समर्थन की सराहना करता है. हालांकि, इसने भारत सरकार का कोई संदर्भ नहीं दिया. अमेरिका द्वारा रविवार सुबह ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के बाद ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष बढ़ गया. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा की. बुधवार को युद्ध विराम लागू होता दिख रहा है. अपनी प्रतिक्रिया में नई दिल्ली ने मंगलवार को संघर्ष विराम का स्वागत किया और कहा कि वह स्थिति को सुलझाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है. ईरानी दूतावास ने भारत के सभी स्वतंत्रता-प्रेमी लोगों जो ईरान के साथ दृढ़ता और मुखरता से खड़े हैं उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया. स्वतंत्रता-प्रेमी लोगों में राजनीतिक दल, संसद सदस्य, गैर-सरकारी संगठन, धार्मिक और आध्यात्मिक नेता, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, मीडिया के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता और सभी व्यक्ति और संस्थान शामिल हैं।

## एक नज़र

### तेलंगाना में नशे में धुत महिला ने रेलवे ट्रैक पर कार दौड़ाई, कई ट्रेनें रोकी गईं

**हैदराबा।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में आने वाले शंकरपल्ली में एक महिला ने अपनी कार को रेलवे ट्रैक पर दौड़ा दी, जिससे रेल परिचालन कुछ देर के लिए ठप हो गया। दरअसल, गुरुवार सुबह रेलवे रखरखाव कर्मचारियों ने कोडंगल गेट के पास रेलवे ट्रैक पर एक सफेद कार को चलते हुए देखा, जिससे वह चौंक गए। उन्होंने तुरंत महिला को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह कार चलाती रही और ट्रैक के किनारे टकरा दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, रेल कर्मचारियों ने पहले किसी भी दुर्घटना की आशंका को टालने के लिए तुरंत प्रोटोकॉल के तहत उस ट्रैक पर आवाजाही रोकी और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचना दी। रेलवे पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया है। महिला शराब के नशे में बताई जा रही थीं। उनकी कार में कोई नंबर भी नहीं था। महिला की वजह से बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच चलने वाली ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। घटना की वीडियो में महिला को कार से निकालते समय उसका चेहरा काले रंग के मास्क से ढका हुआ था। महिला के कार पर कोई नंबर प्लेट न होने से शक बढ़ गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### नौसेना मुख्यालय का कर्मचारी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित नौसेना मुख्यालय का एक कर्मचारी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान विशाल यादव के तौर पर हुई है। यादव हरियाणा का रहने वाला है और मुख्यालय में डॉकयार्ड निदेशालय में क्लर्क के रूप में तैनात है। यादव पर आरोप है कि वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए कई वर्षों से काम कर रहा था और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उसने कई गुप्त सूचनाएं पाकिस्तान को दी हैं। महीनों निगरानी के बाद राजस्थान की खुफिया पुलिस ने उसे आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजस्थान की खुफिया इकाई पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों की जासूसी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। तभी जांच के दौरान पता चला कि यादव ने नौसेना और अन्य रक्षा इकाइयों से जुड़ी गोपनीय जानकारियों को एक महिला को मुहैया कराकर पैसे लिए हैं। महिला पाकिस्तानी हैंडलर थी, जिससे यादव सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में था। अभी तक जांच में सामने आया है कि जिस महिला के साथ यादव कथित तौर पर सामरिक जानकारी साझा कर पैसे ले रहा था, उसका नाम प्रिया शर्मा है। पुलिस का कहना है कि विशाल यादव ऑनलाइन गेम खेलता है, जिससे उसने काफी पैसा लुटा दिया है। उसकी भरपाई के लिए वह जासूसी कर पैसे जुटा रहा था। उसे क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग अकाउंट और सीधे बैंक खातों के जरिए पैसे मिल रहे थे। उससे पूछताछ की जा रही है।

### भारत को जो एफ-35 अमेरिका बेचना चाह रहा था

**नई दिल्ली।** बताया जा रहा है कि 30 से 40 लोगों की एक बड़ी टेक्निकल टीम इस फाइटर जेट को ठीक करने के लिए आ रही है। अगर ऐसा नहीं हो पाया तो फिर इसके कलपुर्जों को खोलकर विमान में पैक करके वापस ले जाया जाएगा। लेकिन इससे भी बड़ी जानकारी अब ये सामने आ रही है कि ब्रिटिश फाइटर जेट को एयरपोर्ट पर खड़े होने की कीमत चुकानी पड़ेगी। बीते तेरह दिनों से ब्रिटिश रॉयल नेवी का एफ 35बी लाइटिंग टब फाइटर जेट भारत में खड़ा है। 110 मिलियन डॉलर की कीमत का ये अत्याधुनिक फाइटर जेट उड़ान नहीं भर पा रहा है और भारत के तिरुवंतपुरम एयरपोर्ट पर खड़ा है। अब इसे लेकर नए अपडेट सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि 30 से 40 लोगों की एक बड़ी टेक्निकल टीम इस फाइटर जेट को ठीक करने के लिए आ रही है। अगर ऐसा नहीं हो पाया तो फिर इसके कलपुर्जों को खोलकर विमान में पैक करके वापस ले जाया जाएगा। लेकिन इससे भी बड़ी जानकारी अब ये सामने आ रही है कि ब्रिटिश फाइटर जेट को एयरपोर्ट पर खड़े होने की कीमत चुकानी पड़ेगी। दरअसल, 14 जून की रात को कुछ इमरजेंसी के कारण रॉयल नेवी का उड़ता हथियार एफ-35 बी स्टील्थ फाइटर जेट को भारत में लैंड कराया गया। आपको बता दें कि ये वहीं लड़ाकू विमान है जिसे अमेरिका ने तैयार किया है और वो भारत को लगातार इसी की पेशकश कर रहा है। लेकिन सच्चाई ये है कि ये विमान पिछले 13 दिनों से भारत में जमीन पर खड़ा है। वैसे इस विमान को लेकर बड़े बड़े दावे किए जाते हैं। एक दावा तो ये भी है कि ये रडार में नहीं आता। लेकिन इमरजेंसी में जब इसे भारत में लैंड करना पड़ा तो भारतीय वायुसेना के आईएससीसीएस प्रणाली ने न केवल इसे ट्रैक किया बल्कि लैंडिंग से लेकर टेक्निकल सपोर्ट तक हर स्तर पर तेजी से मदद भी पहुंचाई।

# बिहार चुनाव : ममता का ईसी पर तीखा हमला



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बिहार चुनाव के नाम पर पूरे देश में एनआरसी जैसी प्रक्रिया लागू करने की तैयारी हो रही है। उन्होंने इसे देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक और अलार्मिंग करार दिया। ममता ने कहा कि राज्य सरकार को चुनाव आयोग से कुछ दस्तावेज प्राप्त हुए हैं, जिनमें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र जमा करने की बात कही गई है।

दरअसल, चुनाव आयोग बिहार समेत छह राज्यों में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान शुरू करने जा रही है। इसका उद्देश्य अवैध विदेशी नागरिकों को वोटर लिस्ट से हटाकर एक सटीक और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करना है। अब क्योंकि बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यह प्रक्रिया बिहार से शुरू की जा रही है।

ममता बनर्जी का आगे कहना है, यह फिलहाल बिहार में लागू किया गया है, लेकिन साफ है कि इसे देश के हर राज्य में लागू किया जाएगा। असली निशाना बंगाल है, क्योंकि वे प्रवासी मजदूरों और गरीब वोटरों से डरते हैं। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि गरीबों और श्रमिकों के पास अपने माता-पिता के प्रमाण पत्र कहां से आएंगे? उन्होंने इस नई प्रक्रिया की तुलना सीधे एनआरसी से की और इसे उससे भी अधिक खतरनाक बताया। उन्होंने आरोप लगाया, ये लोग जानबूझकर गरीबों और युवा वोटरों का हक छीनना चाहते हैं।

# सात दिनों की पुलिस रिमांड पर मजीठिया

**नई दिल्ली।** आय से अधिक संपत्ति केस में एक दिन पहले गिरफ्तार किए गए पंजाब के पूर्व मंत्री और शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को मोहाली अदालत ने 7 दिनों की रिमांड पर भेज दिया है। अदालत का यह आदेश मजीठिया को अदालत परिसर में लाए जाने के ढाई घंटे बाद आया। अब पुलिस मजीठिया से इस मामले में पूछताछ करेगी। मजीठिया की पेशी के दौरान कोर्ट के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था, क्योंकि अकाली दल के कार्यकर्ता उनकी गिरफ्तारी के बाद से प्रदर्शन कर रहे हैं। मजीठिया की अगली पेशी अब 2 जुलाई को होगी। सरकारी वकील ने पक्ष रखते हुए कहा कि बिक्रम सिंह मजीठिया ने अपने पद का दुरुपयोग कर आए से अधिक संपत्ति इकट्ठा की है। उनकी सभी कंपनियों की जांच करनी जरूरी है, जिसके लिए इन्हें मोहाली से बाहर भी ले जाना पड़ेगा। वहीं, बिक्रम सिंह मजीठिया के वकील अर्शदीप सिंह कलेर ने दलील दी कि राजनीतिक बदलाखोरी की वजह से यह केस किया गया है। उन्होंने कहा कि विजिलेंस ब्यूरो जिस स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम की रिपोर्ट का हवाला दे रहा है, उस रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से खारिज कर दिया गया है।

# यूपी सरकार को सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने एक आरोपी को जमानत आदेश में कुछ कमियों के चलते रिहा न करने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि भगवान जाने कितने लोग तकनीकी खामियों के चलते आपकी जेलों में सड़ रहे हैं। कोर्ट ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एक जिला जज इस मामले की जांच करेंगे। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि आरोपी को रिहा करने में देरी क्यों हुई। साथ ही, यह भी देखा जाएगा कि क्या इसके पीछे कोई गलत मंशा थी। कोर्ट ने राज्य

# स्क्रीन टाइम छोटे बच्चों को फायदा या नुकसान पहुंचा सकता है



**नई दिल्ली।** आज लोग अपना ज्यादातर वक्त स्मार्टफोन, कम्प्यूटर, टैबलेट, टेलीविजन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे डिजीटल स्क्रीन पर बिताते हैं और इस पर दुनियाभर में विशेषज्ञों तथा माता-पिता के बीच बहस छिड़ी हुई है कि क्या छोटे बच्चों को इन डिजीटल उपकरणों का इस्तेमाल करने देना चाहिए। तो फिर 'स्क्रीन टाइम' का बच्चे के तंत्रिका-मनोवैज्ञानिक विकास पर वास्तविक प्रभाव क्या है? कई बाल चिकित्सा संघ बचपन में खासतौर से पांच साल की आयु तक के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित रखने की सलाह देते हैं लेकिन अनुसंधान से पता चलता है कि यह तस्वीर पूरी तरह से सच नहीं है। बच्चे स्क्रीन टाइम में क्या देखते हैं, वह इसके प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण है।

**शारीरिक प्रभाव**

कई अध्ययनों में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि स्क्रीन के लंबे समय तक उपयोग से बच्चों में आंखों की थकान, आंखों में सूखापन और निकट दृष्टि दोष हो सकता है। इसके अलावा, बच्चों को जिस प्राकृतिक उत्तेजना की ज़रूरत होती है, तकनीक उसकी जगह नहीं ले सकती और न ही लेनी चाहिए। 'फ्री प्ले', शारीरिक व्यायाम, आमने-सामने बातचीत और प्रकृति के साथ संपर्क सभी बच्चे के विकास के लिए जरूरी हैं, लेकिन इनके स्थान पर स्क्रीन टाइम से मोटापे, दृष्टि दोष और सीखने की कठिनाइयों का जोखिम बढ़ सकता है।

**तंत्रिका-मनोवैज्ञानिक प्रभाव**

शारीरिक प्रभाव के अलावा स्क्रीन टाइम के कारण ध्यान, भाषा सीखने और भावनात्मक विनियमन जैसे कार्यों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में चिंता है। तीन वर्ष से कम आयु के बच्चों पर किए गए 102 अध्ययनों की समीक्षा से पता चलता है कि स्क्रीन टाइम के घंटे ही एकमात्र कारक नहीं है, परिस्थितियाँ और संदर्भ भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। यदि कोई बच्चा खेल रहा है और उस दौरान टेलीविजन चालू छोड़ रखा है तो इससे बच्चे के खेल, ध्यान और बातचीत में बाधा आती है, भले ही बच्चा सीधे तौर पर टेलीविजन न देख रहा हो। यदि शैक्षिक उद्देश्यों के लिए और देखरेख में उपयोग किया जाए तो टैबलेट, मोबाइल फोन और टेलीविजन मूल्यवान शिक्षण उपकरण हो सकते हैं, लेकिन यदि इनका लापरवाही से उपयोग किया जाए तो ये सामाजिक संपर्क को सीमित कर सकते हैं।

**असली समस्या : अनुचित सामग्री**

प्रमुख खतरा स्क्रीन ही नहीं है, बल्कि उस पर मौजूद सामग्री है। बच्चों के अनुकूल न होने वाली सामग्री को देखने से ध्यान और कार्यों में कठिनाई होती है। यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म को देखने से सबसे छोटे बच्चों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। दो से तीन साल की उम्र के बच्चे, जो इस प्लेटफॉर्म के ज़्यादा संपर्क में रहते हैं, उनमें भाषाई विकास का स्तर कम होता है। इससे सामाजिक संपर्क में कठिनाई आ सकती है। अन्य अध्ययनों से पता चलता है कि अत्यधिक टेलीविजन देखने से सात साल की उम्र में अधिक बैचेनी होने के साथ ही गणित और शब्दावली में खराब प्रदर्शन भी देखा गया। यह भी पाया गया है कि 15 से 48 महीनों के बीच बहुत अधिक टेलीविजन देखने से भाषा विकास में देरी की आशंका तीन गुना बढ़ जाती है।

**बच्चों के अनुकूल सामग्री क्या है?**

यहीं से कहानी बदल जाती है। बच्चों और शैक्षणिक सामग्री का सकारात्मक प्रभाव हो सकता है, खासकर अगर इसमें बातचीत भी शामिल हो उदाहरण के लिए, चार से छह वर्ष की आयु के बच्चों में ध्यान और कार्यकारी कार्यों में सुधार के लिए बनाए गए डिजिटल कार्यक्रमों ने न केवल इन क्षमताओं में सुधार दिखाया है, बल्कि बुद्धिमत्ता, ध्यान और कार्यशील स्मृति (वर्किंग मेमोरी) में भी सुधार दिखाया है। परिवार से बातचीत के साथ-साथ डिजीटल कार्यक्रमों के उपयोग से दो से चार वर्ष की आयु के उन बच्चों की भाषा में सुधार देखा गया जिनमें भाषा सीखने में देरी देखी गयी थी।

**विशेषज्ञों की सलाह**

कई विशेषज्ञ निकायों ने ये सिफारिशें की हैं कि स्क्रीन टाइम का सर्वोत्तम उपयोग कैसे किया जाए। 'अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स' ने 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन से दूर रहने का सुझाव दिया है (वीडियो कॉल को छोड़कर)। जब वे 18-24 महीने के हो जाते हैं, तो वे केवल गुणवत्तापूर्ण सामग्री देखने की सलाह देते हैं वह भी वयस्कों की मौजूदगी में। दो से पांच वर्ष की आयु के बच्चों के मामले में, प्रतिदिन अधिकतम एक घंटे की शैक्षिक सामग्री देखने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# सिमरन कौर निभाएंगी कोर्टरूम एक्ट!



दिलचस्प फैमिली ड्रामा 'जमाई नं.1' के हर मोड़ में कुछ नया, कुछ चौंकाने वाला देखने को मिलता है। अब शो में एक नया मोड़ आने वाला है, जहां रिद्धि (सिमरन कौर) पहली बार एक मजबूत कदम उठाएगी और अपने पति नील (अभिषेक मलिक) को बचाने के लिए अदालत में खड़ी होगी। नील पर सायली (सोनल वेंगुर्लेकर) ने एक झूठा इल्ज़ाम लगाया है, और रिद्धि अब अपनी ज़िंदगी की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ने जा रही है। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक रिद्धि के किरदार में जबर्दस्त बदलाव देखेंगे - एक पत्नी से एक जुझारू वकील तक का सफर, जो अपने पति के लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ेगी। इस सीन को और खास बनाता है सिमरन का पर्दे पर वकील का किरदार निभाना। इस रोल को असली और असरदार बनाने के लिए उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। कानूनी बारीकियों को समझने से लेकर कई कोर्ट ड्रामा फिल्मे देखकर तैयारी करने तक, सिमरन ने इस चैलेंज को पूरे जोश से अपनाया। उनकी तैयारी में एक बड़ी प्रेरणा रही बॉलीवुड की हिट फिल्म 'ऐतराज़', जिसमें करीना कपूर खान ने एडवोकेट प्रिया सक्सेना मल्होत्रा का किरदार निभाया था जो कोर्ट में अपने पति के बचाव में केस लड़ती हैं। उसी जोश और गहराई को सिमरन ने अपने किरदार में भी उतारा है, जिससे रिद्धि न सिर्फ मज़बूत बल्कि इमोशन से भी जुड़ी हुई नज़र आएगी। सिमरन कौर ने बताया, ''एक वकील का रोल निभाने से पहले मैंने कोर्ट में वकीलों की बॉडी लैंग्वेज, उनका आत्मविश्वास और बोलने का तरीका समझने की कोशिश की। मैंने 'ऐतराज़' जैसी कुछ फिल्में देखीं और खासतौर पर करीना कपूर का कोर्ट में आत्मविश्वास भरा अंदाज़, जो शांत रहकर मजबूती से अपनी बात रखती हैं। इससे मुझे काफी मदद मिली। मैंने ध्यान रखा कि रिद्धि के किरदार में वो ताकत दिखे लेकिन उसमें बहुत ज्यादा ड्रामा न हो।'' मालूम हो कि 'जमाई नं.1', रोज रात 10 बजकर 45 मिनट पर ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

# बनना चाहता था आर्किटेक्ट, पिता की ख्वाहिश से बना वकील : सीजेआई गवई



**अमरावत।** महाराष्ट्र के अमरावती में वकीलों के एसोसिएशन की ओर से देश के चीफ जस्टिस बीआर गवई को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर आयोजित समारोह में चीफ जस्टिस गवई के परिवार के सदस्यों, हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, मित्रों, स्कूल के शिक्षकों समेत कई बड़े वकील शामिल हुए. समारोह के दौरान चीफ जस्टिस ने पुरानी यादों को ताजा किया. अमरावती चीफ जस्टिस बीआर गवई का जन्मस्थान है। समारोह में चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा, मैं कभी भी वकील नहीं बनना चाहता था. मैं हमेशा एक वास्तुकार बनना चाहता था. दरअसल हुआ ये कि मेरे पिता दादसाहेब एलएलबी कर रहे थे लेकिन वह भूमिहीन सत्याग्रह आंदोलन के दौरान जेल चले गए. इसके चलते वह परीक्षा के लिए उपस्थित नहीं हो सके.

उसके बाद उन्होंने पूर्णकालिक राजनीति में सक्रिया हो गए. इसलिए वह वकील नहीं बन सके. हालांकि, वह चाहते थे कि मैं एक वकील बनूं. मैं उनके आदेशों पर एक वकील बन गया और आगे चलकर इस जगह तक पहुंचा. पिता के आदेशों का पालन कर आज में खुश हूं। देश के चीफ जस्टिस बनने के बाद न्यायमूर्ति भूषण गवई ने स्पष्ट कर दिया था कि वे अपने अमरावती जिला वकील संघ की ओर से प्रथम अभिनंदन स्वीकार करेंगे. अमरावती जिला वकील संघ ने उपस्थित अनेक गणमान्यों और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की मौजूदगी में चीफ जस्टिस गवई का अभिनंदन किया.

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच के जस्टिस नितिन सांबरे की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एन.वी. रमन्ना, बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच के जस्टिस प्रवीण पाटिल, जस्टिस अनिल किलोर शामिल हुए। चीफ जस्टिस गवई ने कहा उन्होंने जज बनने के बारे में कभी सोचा ही नहीं था. उन्होंने कहा,जब मैंने नागपुर में वकालत शुरू की तो उस समय मनोहर साहब एडवोकेट जनरल थे. उन्होंने मुझे एलएलबी करने के लिए प्रेरित किया. फिर एक साल तक सरकारी वकील के रूप में काम करने के बाद मैंने इस्तीफा दे दिया।

## बाजार दर्पण

